■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 334
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
9 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1689: अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।
1874: बंबई में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई।
1946: डॉ राम मनोहर लोहिया की अगुआई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ।
1975: पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी।

समय बड़ा ही कीमती है, इसे बेकार मत गंवाओ, इसका सदुपयोग करो।

संक्षिप्त समाचार

दो साल की बच्ची की गोली मारकर हत्या

बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)। जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के मानोपुर गांव में बेखौफ अपराधी ने दो साल की बच्ची की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार शाम एक बदमाश छोटू महतो हथियार लेकर अमरजीत साव (बच्ची के नाना) के घर में घुसा। लोगों ने बताया कि छोटू महतो शराब के नशे में था और वो बार-बार अमरजीत आवाज लगा रहा था। अमरजीत नहीं मिला तो उसने दो साल की बच्ची को गोली मार दी।

हर्ष फायरिंग में अधेड़ की मौत

बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)। भागनबिहगा ओपी क्षेत्र के मोरतालाब गांव में तिलक समारोह के दौरान गोली लगने से एक शख्स की मौत हो गई जबकि 12 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बच्चू गोप के यहां तिलक समारोह के दौरान डांस कार्यक्रम के क्रम में अचानक एक युवक देशी कट्टा से फायरिंग करने लगा। गोली शुभम कुमार(12) के बांह में लगने के बाद सामने खड़े कौशलेन्द्र गोप(50) के पीठ में जा लगी। आनन-फानन में दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कौशलेन्द्र की मौत हो गई।

भारत-नेपाल बॉर्डर पर चार चीनी नागरिक गिरफ्तार

मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)। पूर्वी चंपारण जिले में 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनज़र भारत-नेपाल सीमा पर पहले से ही हाई अलर्ट जारी है। इसी बीच, रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चार चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी अवैध रूप से भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से कोई वैध दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। उनकी पहचान हैडेन विजोन, लीन युंगा घोई, ही क्युन हैनसेन हुवांग लिविंग के रूप में हुई है। यह जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने दी।

मधुबन बना राज्य का 262वां नगर निकाय

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन को नगर पंचायत का दर्जा मिल गया है। इस तरह राज्य मेंनगर पंचायतों की संख्या बढ़कर 155 हो गई है। यह बिहार का 262वां नगर निकाय होगा। नगर विकास विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। अब यहां मूलभूत सुविधाओं का विकास होगा। यहां के लोगों को अच्छी सड़कें, स्ट्रीट लाइट, पानी की आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं तो मिलेंगी ही, शहरों की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार जैसे आधारभूत ढांचे का भी निर्माण होगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास अब शहरों की तर्ज पर हो सकेगा।

रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में संसद भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित

ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी : राजनाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज संसद भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर जो हमले किए, उसमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को भरोसा दिलाया कि अगर पाकिस्तान भारत में हमले करता है तो देश की सेना मुंहतोड़ जवाब देगी। सर्वदलीय बैठक में मौजूद एक सूत्र ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। सटीक अनुमान लगाना कठिन है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। सरकार विवरण जमा कर रही है। अगर पाकिस्तान हमला करता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा।' बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सभी नेताओं ने परिपक्वता दिखाई और किसी तरह की नोंक-झोंक नहीं की। यह बैठक दोनों देशों के तनाव के मुद्दे पर व्यापक राजनीतिक आम सहमति बनाने के लिए बुलाई गई थी। सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे सशस्त्र बलों को बधाई दी और बिना किसी असहमति के सरकार को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इससे पहले दोनों देशों के बीच उपजे तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक समाप्त होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सरकार के साथ हैं। श्री खरगे ने कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनके बारे में हमें गोपनीयता का हवाला देकर जानकारी नहीं दी गई। राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को पूरा समर्थन दिया है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दूल्हा के चाचा और फूफेरे भाई की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। चंदौती थाना क्षेत्र के कष्टा ओवर ब्रिज के पास सड़क हादसे में दूल्हा के चाचा और फुफेरे भाई की मौत हो गई। दोनों बाइक से बारात जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कतलपुरा निवासी संजय यादव के बेटे सचिन की शादी कोसडीहरा में होनी थी। बुधवार रात 8 बजे के करीब घर से बारात निकली। संजय यादव के भाई अजय यादव(42) और भांजा रितेश यादव(22) अपाचे बाइक से बारात के लिए निकले थे। रास्ते में बाइक डिवाइडर से टकरा गई। घटनास्थल पर ही रितेश की मौत हो गई जबकि अजय यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पर डायल-112 की टीम पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही बारातियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह से शादी संपन्न कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों का सौंप दिया जाएगा। घटना के बाद से परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।


सड़क हादसे में युवक की मौत

भभुआ(नबिटा ब्यूरो)। कैमूर के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गुरुवार को परमालपुर गांव के समीप बस और टेलर में हुई टक्कर के दौरान एक युवक की मौत हो गयी। अचानक टेलर के धक्के से सड़क किनारे खड़ा एक बाइक सवार युवक बस की चपेट में आ गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक यूपी के मथुरा जिला के मगोरा थाना स्थित सोइसा साइडपुर गांव निवासी बच्चू सिंह का 40 वर्षीय पुत्र राजू कुमार बताया जाता है।

सीमावर्ती जिलों में रखें पूरी चौकसी : नीतीश

बिहार के सभी अधिकारियों तथा कर्मियों की छुट्टियां रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प में 'ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी हेतु उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मियों एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों तथा कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं कानून व्यवस्था से जुड़े सभी कर्मियों को पूरी तरह अलर्ट पर रखा गया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों में पूरी तरह चौकसी रखें। आवागमन पर कड़ी निगरानी रखी जाय तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं पर कड़ी नजर रखें। सीमावर्ती जिलों के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी जाय और लगातार सघन गश्ती की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर पूरी सर्तकता बरतें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया और अन्य हैंडल के माध्यम से फर्जी खबरों एवं अफवाहों को पूरी सख्ती से रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है और सरकार इस मामले में पूरी तरह सजग एवं सर्तक है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरूद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। मुख्यमंत्री ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती जिलों के वरीय अधिकारियों के साथ पूर्णिया में 10 मई को उच्चस्तरीय समीक्षा करेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार उपस्थित थे।

बिहार में बनेंगे कई बाईपास, 33464 करोड़ की मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार में सड़क विकास को लेकर लगातार काम चल रहा है। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को बताया कि 7 मई को उनकी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात हुई थी। इस दौरान बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार को लेकर 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में पथ निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित 33464 करोड़ की लागत वाली 52 सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बिहार में बेहतर सड़क संपर्क, सुरक्षित यात्रा और निर्बाध यातायात सुनिश्चित करना है। स्वीकृत योजनाओं में नए पुलों का निर्माण, पुराने पुलों का पुनरुद्धार, 18 रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास, सड़कों को दो लेन से चार लेन में चौड़ा करना, पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन सड़क निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण बायपास सड़कों का भी निर्माण प्रस्तावित है, जिससे शहरों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। श्री नवीन ने बताया कि जिन मुख्य बाईपास योजनाओं को मंजूरी मिली है उनमें डुमरांव बाईपास, अरवल बाईपास, दाउदनगर बाईपास, औरंगाबाद बाईपास, सिंहेश्वर बाईपास एवं समस्तीपुर बाईपास शामिल है। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि 526 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग को दो लेन और दो लेन पेव्ड शोल्डर सड़क में बदला जाएगा। इसके अलावा 227 किलोमीटर लंबी सड़कों को दो लेन पेव्ड शोल्डर सड़क के रूप में उन्नत किया जाएगा। इन योजनाओं के पूरा होने से राज्य में परिवहन सुविधाओं में सुधार होगा, यात्रा का समय घटेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

राजद प्रमुख लालू यादव के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू ने सीआरपीसी की धारा 197(1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने पिछले साल अगस्त में 76 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एजेंसी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने जमीनें इस तरीके से लीं, जिससे उनकी भागीदारी सामने न आए और परिवार को लाभ हो सके। जब लालू प्रसाद रेल मंत्री थे तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियों के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था। इससे पहले ईडी ने जनवरी 2024 में लालू प्रसाद परिवार के एक कथित सहयोगी अमित कत्याल और अन्य सदस्यों के खिलाफ अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था। अब इस मामले में राष्ट्रपति ने मुकदमे की मंजूरी दी है।

स्थानीय विषयों पर शोध से बदल सकती है तकदीर : एसपी शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय, वैश्विक संस्कृत मंच, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'शोधपद्धति के विविध आयामों के मानचित्रण' विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश डॉ समरेंद्र प्रताप सिंह, काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. श्रद्धा सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही, प्रतिकुलपति प्रो बीआरके सिन्हा तथा मानविकी संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो रहमत भी मौजूद थे। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि विगत सवा दो वर्षों में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 108 लंबित परीक्षाएं नियमित कर इतिहास रचा गया है और जुलाई सत्र से सभी पाठ्यक्रम नियमित हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अब तक 225 से अधिक सेमिनार, कार्यशालाएं और अकादमिक गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। कुलपति ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में मगध विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका में है और यह शिक्षकों की लगन और समर्पण का परिणाम है। नैक मूल्यांकन में बेहतर ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए शोध को प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिक्षकों को शोध के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी के पीछे भागने से बेहतर है कि युवा स्थानीय मुद्दों पर शोध करें, जिससे न केवल समाज को लाभ होगा बल्कि शोधार्थी स्वयं अपनी तकदीर बदल सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ समरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शोध की गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। जिस क्षेत्र में रुचि हो, उसी विषय पर शोध करना चाहिए और गहराई से अध्ययन आवश्यक है। प्रतिकुलपति प्रो बीआरके सिन्हा ने कहा कि शोध ऐसा होना चाहिए जिसका लाभ समाज और राष्ट्र को हो। विशिष्ट अतिथि प्रो श्रद्धा सिंह ने शोध में उत्कृष्टता बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ ममता मेहरा और डॉ तरन्नुम जहां ने संयुक्त रूप से किया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक पहुंचे जदयू कार्यालय

चुनाव तैयारी में जोर शोर से जुटे रहने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए इधर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। वह गुरूवार को बिना पूर्व सूचना के अचानक जदयू कार्यालय पहुंच गए। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी थे। बिना पूर्व सूचना के मुख्यमंत्री के पार्टी कार्यालय आने से जदयू नेता और कार्यकर्ता अचंभित हो गए। जदयू कार्यालय में उस वक्त पार्टी प्रवक्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी जब मुख्यमंत्री वहां पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कार्यालय परिसर के भवनों का मुआयना किया और पार्टी पदाधिकारियों से कई जानकारी ली। इसके बाद वह जदयू कार्यालय से निकल गए। सूत्रों के अनुसार जदयू के प्रवक्ता पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ आगामी चुनावों और पार्टी की रणनीति पर चर्चा कर रहे थे। बैठक बंद कमरे में चल रही थी और इसमें केवल कुछ ही लोगों को शामिल किया गया था। तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक वहां पहुंचे जिससे सभी उपस्थित लोग हैरान रह गए। मुख्यमंत्री को देखकर कमरे में मौजूद लोगों के चेहरे पर आश्चर्य और उत्सुकता साफ झलक रही थी। जदयू प्रवक्ताओं ने तुरंत मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी दी। नीतीश कुमार ने कुछ देर तक चर्चा में भाग लिया और फिर वहां से चले गए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और चुनाव तैयारी में जोरशोर से जुटे रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर पार्टी कार्यकर्ता काफी खुश हो गए और नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं, एक तस्वीर को लेकर बिहार के सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार तेज हो गया। दरअसल, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की जिसमें उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी थे। तस्वीर को शेयर करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने लिखा- पटना में आज मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार मुलाकात। इस तस्वीर में नीतीश कुमार की नजरें उपेंद्र कुशवाहा की ओर है। वह मुस्कुराते हुए उपेंद्र कुशवाहा को देख रहे हैं। वहीं उपेंद्र कुशवाहा मुस्कुराते हुए कैमरे की तरफ देख रहे हैं। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के अंदर सीट शेयरिंग से लेकर कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। ऐसे में मुलाकात को लेकर कई कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं इन दोनों मामलों को लेकर जदयू नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पार्टी के सभी महत्वपूर्ण मामलों में सक्रिय रूप से शामिल रहते हैं। यह मुलाकात भी उसी का एक हिस्सा थी। इसमें कोई असामान्य बात नहीं है। वहीं उपेंद्र कुशवाहा का भी कहना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वह शिष्टाचार मुलाकात के तहत मिलने गए थे।

केंद्र सरकार के हर फैसले के साथ खड़े हैं : तेजस्वी

मीडिया से हाथ जोड़कर कहा कि आप सेना की योजना और गतिविधियों को न दिखाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरूवार को मीडिया के सामने अचानक हाथ जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मैं हाथ जोड़ रहा हूं कि आप भारतीय सेना से जुड़े किसी भी गतिविधि को न दिखाएं। आप भारत सरकार और सेना के द्वारा जो योजना बनाई जा रही है उनको न दिखाएं। तेजस्वी ने कहा कि कई न्यूज चैनल इन चीजों को दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में जब सीरियल ब्लास्ट हुआ था और उसे जिस तरीके से दिखाया जा रहा था, उससे आतंकी लगातार अपनी योजना बदल रहे थे। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं फिर कहता हूं कि आप भारत सरकार के गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि हम सभी केंद्र सरकार के हर फैसले के साथ खड़े हैं। देश की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए हमें सेना की हर कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए। यह वक्त सियासत का नहीं है। देश हित सर्वोपरि है,क्योंकि देश के बिना हम कुछ नहीं हैं। सेना का शौर्य हर जगह बुलंद रहना चाहिए। यही देशहित में होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने पहले भी इतिहास रचा है और इस बार भी आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। तेजस्वी ने कहा कि सरकार को जो निर्णय लेना है आगे ले। सेना को जो निर्णय लेना है आगे ले हम लोग पूरी तरह सरकार और सेना के साथ खड़े हैं जब उनसे पूछा गया कि क्या आगे और भी सेना को कार्रवाई करना चाहिए तो उन्होंने कहा कि मैं कौन होता हूं? मैं कुछ नहीं हूं, मैं तो सिर्फ यह कह रहा हूं सेना जो कुछ करेगी, सरकार जो भी कुछ करेगी हम लोग पूरी तरह उनके समर्थन में है और उनके पीछे खड़े हैं।

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-कोडरमा-बानादाग रेलखंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-बंधुआ-कोडरमा-बानादाग रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से जायजा लिया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा बंधुआ-कोडरमा रेलखंड के मध्य 140 किमी प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने हजारीबाग टाउन स्टेशन पर यात्री सुरक्षा एवं सुविधा का भी जायजा लिया। इसके उपरांत महाप्रबंधक एनटीपीसी के कोल लोडिंग साइडिंग, बानाडाग पहुंचे जहां उन्होंने एनटीपीसी के महाप्रबंधक (इन्फ्रा) एस.के.दूबे एवं परियोजना प्रमुख एस.के.दाश के साथ साइडिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत एनटीपीसी के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक भी की जिसमें साइडिंग के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास तथा कोल लोडिंग को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डा. मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक इंदू रानी दूबे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण रामाश्रय पाण्डेय, प्रधान मुख्य इंजीनियर शैलेश वर्मा सहित मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके साथ ही दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी तथा धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा अपने-अपने मंडलों के क्षेत्राधिकार में उपस्थित रहे।

लू से बचाव को लेकर सिन्हा कॉलेज एनएसएस इकाई ने चलाया जागरूकता अभियान

आर. डी. पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को दिया गया महत्वपूर्ण संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को आर. डी. पब्लिक स्कूल, सिन्हा कॉलेज मोड़ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भीषण गर्मी और लू के खतरों से सचेत करना और उससे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीव रंजन ने विषय प्रवेश से किया। उन्होंने बच्चों को इस मौसम में लू से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य संकटों के प्रति आगाह किया और कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। वहीं, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी ने अपने संबोधन में लू से बचाव के लिए जरूरी खानपान, परिधान और दिनचर्या से जुड़ी सतर्कताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी में पानी की कमी और गलत खानपान गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। कार्यक्रम का संचालन सीनियर स्वयंसेवक शुभम ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार ने किया। इस अवसर पर आर. डी. पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर देवकुमार भी उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों ऋतिक और अनीश ने भी अपने विचार रखते हुए लू से बचाव के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समयानुकूल आयोजन छात्रों में सामाजिक चेतना का संचार करते हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी ने जानकारी दी कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। एनएसएस समन्वयक डॉ. संजीव रंजन ने बताया कि कॉलेज की एनएसएस इकाई समय-समय पर समाज के हित में ऐसे अभियान चलाती रही है और आगे भी अपने दायित्व का निर्वहन करती रहेगी।

भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े पहुंचे पटना

दो दिन एनडीए के बड़े नेताओं के साथ कर सकते हैं बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े गुरुवार को पटना पहुंचे। भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत किया। विनोद तावड़े का स्वागत करने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी एयरपोर्ट पहुंचे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार विनोद तावड़े दो दिन एनडीए के बड़े नेताओं के साथ बैठक कर सकते हैं। मालूम हो कि बीते दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले जदयू के बड़े नेताओं के साथ बैठक की थी। उसके बाद उन्होंने एनडीए के बड़े नेताओं के साथ बैठक की। इसी बीच अब विनोद तावड़े पटना पहुंचे हैं। भाजपा नेताओं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जो चर्चा हुई है, उसी पर आगे बातचीत हो सकती है। पटना एयर पोर्ट पर जब दिलीप जायसवाल से सवाल किया गया कि सभी दलों के साथ बैठक की जा रही है तो इस पर उन्होंने कुछ भी बोलना मुनासिब नहीं समझा। हां इतना जरूर कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी लोगों ने सेना के पराक्रम और शौर्य का सैल्यूट किया। उन्होंने कहा कि अभी ऑपरेशन जारी रहेगा। एक-एक आतंकवादी को ढूंढ-ढूंढ कर खात्मा करेंगे, यह मोदी जी का वादा है।

मगध विश्वविद्यालय में एनइपी हेल्प डेस्क की स्थापना, छात्रों में दिखा विशेष उत्साह

अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर विद्यार्थियों को दी गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विस्तृत जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मगध विश्वविद्यालय में मानवविकी संकाय द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान एनईपी हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से संबंधित बिंदुओं पर प्रतिभागियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को सही जानकारी प्रदान करना तथा उनके संदेहों का समाधान करना था। इस हेल्प डेस्क का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत एनइपी सारथियों–विवेक कुमार, आशीष कुमार एवं राजनीति विज्ञान के शोधार्थी छोटू कुमार ने किया। उन्होंने न केवल नीति से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को स्पष्ट किया बल्कि एनईपी सारथी गतिविधि कैलेंडर-2025 के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों में छात्रों की भागीदारी के लिए उन्हें प्रेरित भी किया। इस दौरान आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. मुकेश कुमार, एनईपी समन्वयक डॉ. प्रियंका सिंह, सारथी समन्वयक डॉ. एकता वर्मा, एवं सारथी मेंटर डॉ. दीपशिखा, डॉ. वंदना, डॉ. कविता, डॉ. ममता मेहरा और डॉ. अंसारी की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने प्रश्नों व जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और एनईपी-2020 के प्रति गहरी रुचि दिखाई। यह आयोजन न केवल जानकारीपूर्ण रहा, बल्कि विद्यार्थियों को भारत के भविष्य की शिक्षा प्रणाली से सीधे जुड़ने का एक सशक्त मंच भी प्रदान किया।

इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से लड़ेगा बिहार विधानसभा का चुनाव : कृष्णा अल्लावरु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु गुरूवार को कहा कि महागठबंधन की 18 मई को होने वाली बैठक में घटक दलों के बीच चुनावी रणनीति पर गहरी चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से चुनाव लड़ेगा और इसमे शामिल कोई भी पार्टी कहीं से अकेले चुनाव नहीं लड़ेगी। अल्लावरु आज पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि18 मई को होने वाली बैठक में महागठबंधन के छह प्रमुख दलों के जिला स्तर के नेता शामिल होंगे। इन दलों में राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा- माले और विकासशील इंसान पार्टी शामिल हैं। यह बैठक जिला स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की बैठक में आगामी 20 मई को वाम दलों द्वारा प्रस्तावित बंद को लेकर भी रणनीति तय की जाएगी। यह बैठक गठबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगी ताकि जमीनी स्तर पर चुनावी गतिविधियों को सही दिशा में बढ़ाया जा सके। कृष्णा अल्लावरु ने बैठक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह महागठबंधन के लिए एक मजबूत कदम साबित होगा जिससे विधानसभा चुनाव की तैयारी और भी सशक्त होगी। महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि सही समय पर इसकी घोषणा कर दी जायेगी। अल्लावरू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सुरक्षा से कभी समझौता नहीं करेगी और वह हर परिस्थिति में सरकार के साथ खड़ी है। देश की सुरक्षा को लेकर कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि हमारी सेना ने जो कमाल किया है, हम देश की सुरक्षा से कभी समझौता नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के साथ है और हर परिस्थिति में सरकार के साथ खड़ी है। इस बीच कांग्रेस ने इस बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले टिकट देने के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही एक लिंक आएगा। इस लिंक पर क्लिक करते ही एक फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में दिए गए सभी जानकारी को भरने के बाद आवेदक चुनाव में टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स अनिल इंन्टरप्राइजेज प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति शैलेश प्रसाद जो अवर निबंधन कार्यालय मसौढ़ी पटना में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी रीता देवी, पुत्र-कुणाल कुमार, पुत्री-बेबी कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. शैलेश प्रसाद की मृत्यु 30 अप्रैल 2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 720 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.21600/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 5,25,000-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवास स्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को ईएसआई कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है। इस सादे समारोह में अभिषेक कुमार, सहायक निदेशक, पूर्वी क्षेत्र भी उपस्थित थे।

पाक का पूरा ऑपरेशन जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार भाजपा के वरीय नेता व सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सख्त लहजे में कहा पाक का पूरा ऑपरेशन जरूरी है जिस तरह से भारत के विभाजन के बाद से ही पाकिस्तान बना तब से अब तक हमने चार युद्ध उससे लड़े-1947-48,1965,1971,1999 कई सर्जिकल और एयर स्ट्राइक भी किया। इसके बावजूद भी पाकिस्तान रह-रह कर भारत को घाव देता रहा है जिस तरह से पाकिस्तान भारत के कैसा सलूक किया इतिहास साक्षी है। अतः पाकिस्तान का ऐसा ऑपरेशन हो, ऐसी स्थिति में ला दिया जाए कि पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाए। तभी भारत में सुख-शांति-चैन रहेगी। आतंकी घटनाएं बंद होगी। यही हमारी बहादुर सेना की सोच है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तानी आई एस आई एजेंसी और पाक पोषित आतंकी तीनों के नेटवर्क को ध्वस्त करेगी। भारतीय सेना तब जा के पाकिस्तान फौज की कमर टूटेगी। इसके बाद ही भारत चैन और शांति से बैठेगा। अन्यथा पुनः वह हमें जख्म देने के लिए तैयार हो जाएगा। पाकिस्तान को ऐसी स्थिति में भारतीय सेना ला दे फिर से वह अपने पैर पर खड़ा होने लायक ही न बचे। पाकिस्तान के चार टुकड़े हो जाएगा, पाकिस्तान में सिविलियन सरकार भारत बना देगी।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजद कार्यालय के बाहर लगा पोस्टर

पोस्टर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को दी गई बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में की गई कार्रवाई के बाद देशभर में उत्साह देखा जा रहा है। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के नेता भी भारतीय सेना को बधाई दे रहे हैं और उस पर गर्व कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को राजद की ओर से पूरे पटना में पोस्टर लगवा कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई दी गई है। राजद कार्यालय के बाहर लगाई गई पोस्टर में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी मौजूद हैं। तेजस्वी यादव के द्वारा पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोषों को श्रद्धांजलि देते हुए तस्वीर को भी लगाया गया है। पोस्टर में भारतीय सेना के विमान, भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर को दर्शाया गया है। पोस्टर में लिखा गया है 'जय हिन्द! जय हिन्द ! जय हिन्द की सेना !!' इसके बाद लिखा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को लख-लख बधाईयां। हमें भारतीय सेना पर गर्व है। इसमें यह भी लिखा गया है कि एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो पाकी 9 आतंकी अड्डों को उड़ा सकती है एक चुटकी सिंदूर तुम्हारे घर में घुसकर तुम्हें तबाह कर सकती है एक चुटकी सिंदूर पीओके छीन सकती है एक चुटकी सिंदूर' इसके साथ ही आगे तारीफ करते हुए लिखा कि 'हिंद सेना जिंदाबाद-जिंदाबाद- जय हिन्द,जय सेना' इसके साथ ही तेजस्वी यादव की तस्वीर के साथ लिखा गया है कि भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई और उनके सिंदूर की रक्षा की है। पोस्टर को राजद नेताओं के द्वारा लगवाई गई है। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर ट्विट कर भी भारतीय सेना को धन्यवाद दिया था। तेजस्वी यादव ने लिखा था कि भारत, भारतीयों और भारतीय सेना ने कभी भी अपने देश में किसी भी प्रकार के आतंकवाद और अलगाववाद को बर्दाश्त नहीं किया है और न ही कभी करेंगे।

श्री श्याम बाबा मंदिर की 21वीं वर्षगांठ में दिखा श्रद्धा-भक्ति का अनूठा संगम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर प्रांगण में श्री रानी सती दादी, श्री श्याम बाबा, हनुमान जी तथा शिव परिवार के विग्रहों की 21वीं स्थापना वर्षगांठ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि वैशाख शुक्ल एकादशी के पुण्य अवसर पर यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और परमानंद का केंद्र बना रहा। मुख्य यजमान निर्मला देवी और संतोष बंका ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिविधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंदिरों की सज्जा देसी और विदेशी पुष्पों से कोलकाता के विशिष्ट कारीगरों ने की। यह इतनी भव्यता से की गई कि प्रत्येक दर्शनार्थी श्रद्धा से नतमस्तक होता दिखाई दिया।

महिला कॉलेजों के छात्रावास होंगे दुरुस्त, हर सप्ताह विशेष रूप से सुनेंगे कॉलेजों की परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। महिला कॉलेजों में छात्रावास की सुविधा को दुरुस्त किया जाएगा। वहां छात्राओं को रहने की व्यवस्था होगी। यह सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर उपस्थिति के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों के मेरिट बने इसके लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। गुरुवार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक में यह बातें नव नियुक्त प्रभारी कुलपति डा. इंद्रजीत सिंह ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि छात्रावास व अन्य संसाधनों को दुरुस्त करने के लिए विभिन्न कंपनी व पीएसयू के सीएसआर फंड का सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एमपी, एमएलए के फंड को लेकर प्राचार्यों को भी अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए। इससे महाविद्यालय में आवश्यक संसाधन मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि हर कॉलेजों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्द्धा कराया जाएगा। इसके लिए सभी को स्वच्छता को लेकर आइएसओ सर्टिफिकेशन आवश्यक रूप कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों से जुड़ी समस्या या विकास से जुड़े मामले को लेकर हर सप्ताह बुधवार को प्राचार्यों से मिलेंगे। इस दौरान प्राचार्य अपनी समस्या को लिखित रूप से देंगे और उसके समाधान की कवायद की जाएगी। उन्होंने सभी प्राचार्यों से अपने महाविद्यालय की एलुमिनाई बैठक नियमित रूप से करवाने, शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों के बायोमीट्रिक उपस्थिति कराने, मूल्यांकन के भुगतान तथा छात्राओं के अध्ययन के लिए क्षतिपूर्ति राशि को लेकर आवश्यक चर्चा की। इससे पूर्व कुलसचिव प्रो. एनके झा ने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला कॉलेजों या अन्य कॉलेजों में छात्राओं व एससी-एसटी नामांकन मद में क्षतिपूर्ति राशि को लेकर सरकार के स्तर पर लगभग सहमति बन गई है। आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। उम्मीद है कि 15-20 दिनों में क्षतिपूर्ति राशि कॉलेजों को भेज दिए जाएं।

डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह बनाए गए सीडब्ल्यूसी के स्थायी आमंत्रित सदस्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति का स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनयन किया गया। इस मनोनयन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह को शुभकामनाएं दिया और बिहार के लिए गर्व का विषय बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह का मनोनयन किया। इस आशय का पत्र संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जारी किया। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अलावे विधानसभा में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, सांसद मनोज राम, अजय चौधरी, मोतीलाल शर्मा, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मंजीत आनंद साहू, शशि रंजन, सुबोध कुमार सिंह, आनंद माधव, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, सौरभ सिंहा, राजकुमार राजन, बंटी चौधरी, गरीब दास, राजीव मेहता, सहित अन्य नेतागण ने बधाई दी।

मारपीट व हत्या मामले में छह अभियुक्तों ने किया न्यायालय में आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम जिगना में आर्केस्ट्रा के कार्यक्रम के क्रम में दो पक्षों के बीच में हुई मारपीट में एक 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई थी। इस मामले में नामजद छह अभियुक्तों ने आत्मसमर्पण कर दिया। जानकारी देते हुए एसपी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 01.05.25 को समय करीब 03:00 बजे सुबह में दिनारा थानाक्षेत्र के ग्राम जिगना में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई। इस घटना में अभिमन्यु कुमार उम्र 14 वर्ष पे.-संजय चौधरी सा.-जिगना थाना-दिनारा, जिला-रोहतास जख्मी हो गये जिनकी इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई। मृतक अभिमन्यु कुमार के पिता के द्वारा कुल-9 नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध उक्त कांड प्रतिवेदित कराया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष, दिनारा को टीम गठित कर घटना में संलिप्त व्यक्तियों को अविलम्ब गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था जिसके आलोक में इनके द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए उनके कई ठिकानों पर छापामारी की गयी। गठित पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापामारी एवं पुलिस दबिश के कारण इस काण्ड के नामजद अभियुक्तों विधायक चौधरी पे.-बृजभार चौधरी, विमलेश चौधरी उर्फ विमलेश कुमार, लक्ष्मण चौधरी, सरोज चौधरी, शिव चौधरी एवं सोनु चौधरी ने 07.05.25 को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। इस काण्ड में शेष बचे अभियुक्तों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए थानाध्यक्ष, दिनारा को निर्देशित किया गया है। न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके नामजद अभियुक्तों को न्यायालय से आदेश प्राप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करते हुए साक्ष्य संकलन करने हेतु थानाध्यक्ष, दिनारा को निर्देशित किया गया है। नामजद अभियुक्तों की अपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

भूमि अधिग्रहण प्रभावित किसानों ने धरना अस्थाई रूप से किया स्थगित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए किसानों ने अपना धरना स्थगित कर दिया है। भारत माला एक्सप्रेस वे पथ निर्माण को लेकर किसान भूमि अधिग्रहण के उचित मुआवजा को लेकर करीब दो साल से पीएनसी कंपनी मसोई के मुख्य द्वार पर धरना देते आ रहे हैं। इस धरना को अस्थाई रूप से स्थगित किया गया है। इस निर्णय की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस कर किसान संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष विमलेश पान्डेय व सचिव अनिल सिंह ने दी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस प्रकार का निर्णय भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए किया गया है। क्योंकि इस समय देश में एकजुटता की जरूरत है। अभी किसी प्रकार के आंदोलन करने की जरूरत नहीं है। दोनों देशों के बीच स्थिति सामान्य होने पर उचित मुआवजा को लेकर धरना दिया जाएगा। यह भी कहा कि भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा को लेकर वैसे किसानों से आवेदन जिला भू-अर्जन कार्यालय में देने के लिए आग्रह किया है जिन्होंने आवेदन नहीं दिया है जो किसान आवेदन उक्त कार्यालय में दिया गया है उसका सुनवाई 14 मई को होना है।

प्रधानमंत्री के सभास्थल का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार के रोहतास जिले के बिक्रमगंज में आगामी 30 मई को होने वाली प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रोहतास डी एम उदिता सिंह, रोहतास एसपी रौशन कुमार ने बुधवार को बिक्रमगंज इलाके में सभा स्थल का मुआयना किया जिसमें करियवा बाल, पटेल महाविद्यालय घोसिया खुर्द, वरना मोड़, सलेमपुर जमुआ खेल मैदान समेत कई स्थलों का चयन और मुआयना किया गया। रोहतास जिला प्रशासन कार्यक्रम की तैयारी में अभी से ही जुट गया है। डीएम-एसपी उन सभी स्थलों पर अधिकारियों के साथ सुरक्षा के मद्देनजर समीक्षात्मक रूप से विचार-विमर्श करते हुए कई दिशा निर्देश दिया। मंच और हेलीपैड के निर्माण का भी जायजा लिया गया।

डीएम ने की भारतमाला परियोजना भूमि नापी की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भभुआ। डीएम सावन कुमार ने गुरुवार को भारतमाला परियोजना के अंतर्गत जनपद में चल रहे भूमि नापी कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। तपती धूप के बावजूद अमीनों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि नापी कार्य को और सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मौजे पर उपस्थित रैयतों की मांग पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि नापी कार्य प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाए तथा इसके उपरांत रिपोर्ट तैयार करने का कार्य किया जाए। इससे नापी कार्य में लगे कर्मचारियों और स्थानीय किसानों दोनों को सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और तत्क्षण समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अपर भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि किसी भी रैयत को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही अंचल अधिकारी, भभुआ को निर्देशित किया गया कि रैयतों को समयबद्ध ढंग से एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) निर्गत किया जाए ताकि वे अपने अभिलेख भू-अर्जन कार्यालय में समय से जमा कर सकें। पंचायत सचिव को भी निर्देश दिया गया कि सभी रैयतों को वंशावली प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध कराएं।

कार्यालय परिचारी परीक्षा की तैयारी पूरी, 11 मई को परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा कार्यालय परिचारी पद हेतु आयोजित प्रारंभिक परीक्षा 11 मई 2025, रविवार को एक पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक होगी। कैमूर जिले में इस परीक्षा के सफल आयोजन हेतु कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में कुल 68,06 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आज जिला पदाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में जॉइंट ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इसमें सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक, हॉल सुपरिटेंडेंट, उड़न दस्ते के अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा, गोपनीयता, समयपालन एवं परीक्षा नियमों के पालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने उड़न दस्ते को सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा केंद्र के भीतर और बाहर कड़ी निगरानी रखी जाए।

आतंकियों पर एयर स्ट्राइक को लेकर एनडीए नेता ने भारतीय सेना को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक को एनडीए नेताओं ने देश की सेवा व पीएम मोदी को बधाई दी। भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने कहा कि देश की सेना के साथ-साथ उन्होंने पीएम मोदी को भी बधाई दिया है और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने 140 करोड़ भारतीयों की चेहरे पर खुशी लाई है। उन्होंने कहा कि यह एयर स्ट्राइक पहलगाम में 27 भारतीय शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। जेडीयू के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य वरिष्ठ चिकित्सक डॉ निर्मल कुशवाहा ने कहा कि जो लोग भारत की सेना और राफेल जैसे घातक हथियार पर सवाल खड़ा करते थे यह एयर स्ट्राइक उनके लिए भी एक सबक है। उन्होंने बिना किसी पार्टी का नाम लिया कहा कि यह दुख की बात है जिस घड़ी में पूरे देश की राजनीतिक पार्टी को एक साथ खड़ा होना चाहिए वह देश की सेना पर सवाल खड़ी करती है। भाजपा के अमित पटेल ने कहा कि भारत की सेना ने जिस तरह से पाकिस्तान में घुसकर जवाब दिया है यह एक शुरुआत है। साथ ही इन्होंने विपक्षी दलों पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पहले देश है तब राजनीति। देश रहेगा तभी हम लोग आपस में चुनाव लड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत पहलगाम हमले का करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पर हमें गर्व है।

नो एंट्री में घुसे दर्जनों वाहनों से जुर्माना वसूला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ी गोला (रोहतास)। नो एंट्री में घुसे हुए दर्जनों गाड़ियों का पुलिस ने काटा चालान एवं वसूला जुर्माना। खबर चलने और नो एंट्री में वाहनों की प्रवेश की खबर संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में आते ही अकोढी गोला बाजार पर नो एंट्री में घुसे हुए वाहनों पर कार्रवाई शुरू हुई। डिहरी अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के द्वारा अकोढ़ी गोला में सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद भी बालू लदे वाहन नो एंट्री में प्रवेश कर रहे हैं जिस पर स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े किए थे इसी क्रम में प्राथमिकता से खबर बनी थी और इस मामले को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया गया था। खबर चलने और अधिकारियों के संज्ञान में आने पर बृहस्पतिवार को स्थानीय पुलिस ने नो एंट्री में घुसे वाहनों से ऑनलाइन जुर्माना वसूला।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरुकता रथ को जिला जज ने किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सासाराम। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के पत्र के आलोक में 10 को व्यवहार न्यायालय सासाराम, अनुमण्डल न्यायालय विक्रमगंज एवं डिहरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु लोगों को जागरुक किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन हो सके। इसी के तहत गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सासाराम अनुज कुमार जैन के नेतृत्व में न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु जागरुकता रथ को संयुक्त रुप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त जागरुकता रथ दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सौजन्य से चलाया जा रहा है जो जिले के विभिन्न प्रखण्डों, पंचायतों तथा गांवों में जाकर लोगों को 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय वादों को निष्पादित कराने हेतु जागरुक करने का काम करेगा। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास अनुज कुमार जैन, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रणव कुमार झा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार राय, मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी, रोहतास सचिन कुमार मिश्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास के सचिव कुमार कृष्णदेव एवं दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, सर्टीफिकेट अधिकारी रोहित कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

आरपीएफ ने दो नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्प लाइन को किया सुपुर्द



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बुधवार को डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर गश्त तथा चेकिंग के दौरान ड्यूटी अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक जे पी चतुर्वेदी साथ स्टाफ को दो नाबालिक बच्चे घबराए हुए पश्चिमी ऊपरगामी पैदल पुल पर देखा गया जिसे पूछने पर दोनों नाबालिग बच्चे ने बताया कि परिवार के लोगों द्वारा खेलने पर रोक लगाने से नाराज होकर गुस्से में घर से भागकर स्टेशन पर आये है एवं दोनों नाबालिग बच्चों ने अपना नाम- सूरज कुमार पासवान, उम्र लगभग- 13 वर्ष, निवासी टडेह, वार्ड संख्या1, थाना-मझियांव, जिला-गढ़वा (झारखंड) एवं राजा कुमार, उम्र करीब 14 वर्ष, निवासी- टडेह वार्ड संख्या 01, थाना- मंझियाव, जिला-गढ़वा (झारखंड) बताए। यह जानकारी देते हुए आरपीएफ के राम विलास राम ने बताया कि दोनों नाबालिक बच्चे होने के कारण त्वरित कार्रवाई करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 198 पर सूचित करते हुए दोनों नाबालिक बच्चों को साथ लेकर रेसुब पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर आए। सूचना के आलोक में चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम सुपरवाइजर संजीत कुमार सागर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन आए।

रेल दुर्घटना से निपटने की तैयारी

गया जंक्शन पर रेलवे और एनडीआरएफ की संयुक्त मॉकड्रिल का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू) द्वारा 08 मई को गया जंक्शन पर एक आपदा प्रबंधन अभ्यास (मॉकड्रिल) का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य रेल दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और संसाधनों के कुशल प्रबंधन की वास्तविक परख करना था। मॉकड्रिल का संचालन डीडीयू मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा समन्वित रूप से किया गया जिसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, रेलवे के सभी प्रमुख विभागों–जैसे संरक्षा, सुरक्षा, परिचालन, यांत्रिक, सिविल व विद्युत इंजीनियरिंग, वाणिज्य, सिग्नल एवं दूरसंचार, चिकित्सा आदि की सक्रिय भागीदारी रही। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन और अन्य संबद्ध एजेंसियों ने भी अभ्यास में सहयोग प्रदान किया।

परिकल्पना: कोच पटरी से उतरा, यात्री घायल

मॉकड्रिल के क्रम में गया जंक्शन के पास ग्रैंड कार्ड-2 रेलखंड में गाड़ी संख्या 13554 (डाउन) का एक यात्री कोच 10:33 बजे किलोमीटर संख्या 471/16 पर दुर्घटनाग्रस्त होकर पटरी से उतर गया। स्टेशन अधीक्षक, गया द्वारा 10:34 बजे संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई, जिसके बाद राहत व चिकित्सकीय सहायता तुरंत सक्रिय की गयी।

मॉकड्रिल का मूल्यांकन: तत्परता और समन्वय की परीक्षा

एनडीआरएफ की टीम ने मॉक घायलों की खोज, बचाव और स्ट्रेचर पर परिवहन का प्रदर्शन किया। चिकित्सा इकाई ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। आरपीएफ और जीआरपी ने भीड़ प्रबंधन और स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की। रेलवे के संबंधित विभागों की टीम द्वारा ट्रेन को पटरी पर लाकर परिचालन बहाल किया गया। सभी विभागों ने संचार, नियंत्रण, रिपोर्टिंग और निर्णय प्रणाली की सजीव परीक्षा दी। मंडल मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष से भी स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही थी।

निष्कर्ष: अभ्यास से सुरक्षा मजबूत

गया जंक्शन पर आयोजित यह मॉक अभ्यास डीडीयू मंडल की आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओं की सुदृढ़ता का प्रमाण है। इसमें बहु-विभागीय समन्वय, आपातकालीन योजनाओं की कार्यक्षमता और निर्णय प्रक्रिया की त्वरितता को सफलतापूर्वक परखा गया। डीडीयू मंडल भविष्य में भी इस प्रकार के समन्वित अभ्यास आयोजित करता रहेगा ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सेवा में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो सके। मॉक ड्रिल के दौरान एडीआरएम दिलीप कुमार के साथ रेलवे के संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

14 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 14 आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, एस सी एसटी एक्ट, वारंटी व शराब तस्कर है।

जिला खनन कार्यालय, गढ़वा

आम सूचना

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिलान्तर्गत JSMDC द्वारा संचालित बालू घाट के बालु बुकिंग हेतु प्रकिया निम्नवत् हैः–

Website :- www.jsmdc.in
JSMDC Portal झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 पोर्टल
↓
ऑनलाई बालू की बुकिंग
↓
आवेदक को सर्वप्रथम अपनी आई0डी0 बनाना है।
↓
आई0 डी0 बनाने के पश्चात् बालू क्रय की विवरणी देनी है, जैसे– नाम (आवेदक का) बालू (क्रय की मात्रा) आधार नम्बर, मोबाईल नम्बर तथा आवेदन शुल्क एवं वाहन नम्बर (जिसमें बालू का परिवहन होगा)
↓
टोकन निर्गत
↓
टोकन की बैधता 45 दिन है।
↓
आवेदक टोकन लेकर बालू स्टॉकयार्ड से बालू किसी भी दिन 45 दिनों के बीच उठाव कर सकते है।

जिला खनन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 351994 Mines and Geology(25-26)#D

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन राम ने सांसद मनोज कुमार से जनहित में की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रोहतास एवं कैमूर दो जिलों को जोड़ने वाला नहर पथ आज काफी जर्जर स्थिति में होने के कारण उस पथ से गुजरने वाले चार पहिया वाहन हो या बाइक सबके हालात भयावह बना रहता है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि मोहन राम ने सासाराम के सांसद मनोज कुमार को लिखे पत्र में ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि रोहतास एवं कैमूर दो जिला को जोड़ने वाला नहर पथ जो सबार पुल से लांजी पुल तक एवं लांजी पुल से नहर पथ होते हुए चेनारी पुल तक स्थिति काफी जर्जर है। श्री राम ने कहा है कि सवारी से यात्रा करने वाले यात्रियों को यह पता नहीं चल पाता कि यह पथ गड्ढा में है या गड्ढा में यह पथ है। कितने सवारी को क्षतिग्रस्त होते देखा गया। जनहित का ख्याल रखते हुए इस जर्जर पथ को शीघ्र बनाये जाने की मांग सांसद मनोज कुमार से किया है।

आकाशीय बिजली गिरने से भेड़ पालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर। बेलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत तराव गांव के मेंडू पाल पुत्र 45 वर्षीय सुदर्शन पाल का आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर मौत हो गई। वह अपने गांव के पश्चिम सिवान नौगढ़ में भेड़ चराने के लिए गए हुए थे, तभी 2 बजे आंधी के साथ गरज तड़प होने लगा, तभी आंधी एवं पानी से बचने के लिए बरगद के पेड़ के नीचे छुप गए। वही आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा खबर मिली कि आकाशीय बिजली मार दिया है तभी परिजनों ने रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। वही ग्रामीणों द्वारा भगवानपुर पुलिस को आकाशीय बिजली मारने की सूचना दी गई जहां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक तीन भाई में सबसे बड़े बताए जाते हैं, मृतक की पांच पुत्री है जिसमें तीन की शादी हो गयी है। वही सदर अस्पताल भभुआ में मौके पर पहुंचे जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने कहा कि मैं सरकार से मुआवजे की मांग करता हूं तथा इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़ा हूं वहीं मौके पर गणेशाराम, सतीश कनौजिया, धर्मेंद्र कुमार, संजय शर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

कार्यालय–जिला ग्रामीण विकास शाखा,पलामू
(मनरेगा)
Phone No. 06562-295137, Email. ID - ddc-pal@nic.in

अतिअल्पकालीन निविदा

मनरेगा आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जे0एस0 एल0पी0एस0, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 572 दिनांक 02.06.2021 के आलोक में दीदी बगीया योजना में Polyshed का निर्माण किया जाना है। इच्छुक निविदादाता से निविदा आमंत्रित की जाती है। एक Polyshed का संरचना निर्माण हेतु निम्न विशिष्टियों गुणवतापूर्ण होना अनिवार्य है :–

PolyShed House dimension (15m X 7m)		
Sl. No.	Item	No.
1	25 - mm Bracing etc.	01
2	32m- Bottom Chord etc.	01
3	40mm - Purlin, Bottom Chord etc	01
4	50mm - Post, Arch etc.	01
5	Fabrication of Tubular Structure	01
6	Supply of Ultra Voilet Stabilized 40 mesh superior quality transparent colour insect	01
7	GI Profile	300 mtr
8	GI Clamp	50 nos.
9	Nut Bolt	35 Kg
10	SDS	700 No.
11	Zig-Zag Spring Coated with PVC	300 mtr

इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाफे में **दिनांक 17.05.2025 के अपराह्न 01:00 बजे** तक निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन **17.05.2025 अपराह्न 02:00 बजे** निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में दीदी बगीया योजना में Polyshed निर्माण अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त पलामू के Official Website-www.palamu.nic.in एवं डी0आर0डी0एस0, पलामू के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है

PR 351914
District(25-25).D

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,पलामू

ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–05/2025.26
ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
PR.NO.351375 Building(25-26):D का शुद्धिपत्र

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–05/2025-26/EE/BCD/GARHWA दिनांक–08.05.2025

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

क्र0सं0	कार्य का नाम	परिमाण पत्र की राशि
1	Renovation of Administrative Building, Work Shop, Canteen, Generator Room, Boundary Wall, P.C.C Road in the Campus of ITI Jhagarakharn, Block Bhawnathpur Distt. Garhwa for the year 2025-26.	` 2,26,15,200.00

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– **09 (नौ) माह**
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.05.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 17.05.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 19.05.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, झारखण्ड,राँची लिंक टैंक रोड, पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 351992 (Building) 25-26 (D)

हिट एंड रन मामलों में होगी सख्त कार्रवाई, शुरू होगा जागरूकता अभियान

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में 'सड़क सुरक्षा समिति' की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं उनके सुधारात्मक उपायों, हिट एंड रन तथा नॉन हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान, और सार्वजनिक परिवहन के संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई एवं कठोर कानूनी प्रक्रिया अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कानूनों के साथ-साथ व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले भर में जनहित में एक सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि आम नागरिकों में सड़क नियमों के पालन की आदत विकसित हो सके। बैठक में यह भी कहा गया कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने हेतु नई रणनीतियों को अपनाना तथा सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय को और बेहतर बनाना आवश्यक है। बैठक में विभिन्न कार्य एजेंसियों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति ने इस बैठक को जिले की जनता की सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम बताया और विश्वास जताया कि इसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही देखने को मिलेंगे।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), मोटरयान निरीक्षक (एम.वी.आई.), अवर परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष विकास शिविर का आयोजन

आवेदनों का निष्पादन कर शिविर स्थल पर ही योजनाओं का दिया जा रहा लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा नवादा सदर प्रखंड के खरांट पंचायत स्थित इंटर विद्यालय पकरिया में डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष विकास शिविर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लाभार्थियों के बीच आयुष्मान भारत कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ का वितरण किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर नागरिकों से योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमें स्वच्छताग्राही से संबंधित 1, ई-श्रम कार्ड हेतु 32, आरटीपीएस के तहत जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र के कुल 15, कृषि विभाग से संबंधित 22 तथा राशन कार्ड हेतु 14 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन आवेदनों का त्वरित एवं समुचित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसे शिविर केवल आवेदन प्राप्त करने के उद्देश्य से नहीं लगाए जा रहे हैं, बल्कि इनका मूल उद्देश्य पूर्व से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर शिविर स्थल पर ही लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। अतः सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि आगामी शिविरों से पूर्व अधिकतम संख्या में आवेदन एकत्रित कर उनका निष्पादन कर लिया जाए, ताकि शिविर के दिन योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुकों को प्रदान किया जा सके। निरीक्षण के समय गोपनीय शाखा प्रभारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

दलित, महादलित, पिछड़ा व अति पिछड़ा समाज का समुचित उत्थान ही लक्ष्य : रेणु देवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



नारदीगंज (नवादा)। दलित, महादलित, पिछड़ा व अति पिछड़ा समाज के चहुंमुखी विकास को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें बिहार की पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं वर्तमान मत्स्य व पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने सोमवार की रात नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत पन्छेका गांव में आयोजित तिलकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कही। समारोह में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामाधीन प्रसाद चौहान के परिवार से मिलकर उन्होंने प्रसन्नता जताई और नवदम्पती को आशीर्वाद देकर सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवादा विधायक विभा देवी, विधान पार्षद अशोक यादव, मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज कुमार, पूर्व एमएलसी उम्मीदवार नकुलदेव चौहान, चौहान संघ के जिलाध्यक्ष रामइकबाल चौहान, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेन्द्र चौहान, राजेश चौहान समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। बताते चलें कि कुमार गौरव उर्फ चिंटू, पन्छेका निवासी मुसाफिर प्रसाद उर्फ नेताजी के पुत्र हैं। वह ललन प्रसाद तथा मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रामाधीन प्रसाद चौहान का भतीजा हैं। समारोह में भारी संख्या में ग्रामीण व अतिथियों की उपस्थिति रही।

बाल संसद के चुनाव हेतु बाल सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कौआकोल। प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर में बाल संसद के गठन को लेकर बाल सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को बाल संसद की संकल्पना, इसकी उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों को बाल संसद के सभी पदों जैसे कि प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेल मंत्री आदि के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में बताया। बताया गया कि बाल संसद न केवल नेतृत्व कौशल को विकसित करती है बल्कि इससे बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ एवं निर्णय लेने की क्षमता तथा सहभागिता की भावना भी विकसित होती है। बाल सभा में विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में चुनावी प्रक्रिया की रूपरेखा भी साझा की गई,जिसके अनुसार 10 मई को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। 14 मई को चुनाव प्रचार किया जाएगा और 19 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

तीन फरार वारंटी गिरफ्तार,भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। कौआकोल पुलिस ने अलग अलग मामले में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुरुवार को भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इश्तेहार वारंटी व थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी मनी गोस्वामी, पिता-स्व0 सूरज गोस्वामी, रामपुर बलुआ गांव निवासी हरि यादव के पुत्र उपेन्द्र कुमार एवं रुस्तमपुर गांव निवासी प्रदीप मंडल के पुत्र विनय कुमार को न्यायालय के आदेश पर निर्गत गिरफ्तारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

विनोद कुमार पप्पू फिर से बने कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से विनोद कुमार पप्पू का मनोनयन किया गया है। कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने विनोद कुमार पप्पू पर एक बार फिर से भरोसा जताते हुए नवादा जिला सेवा दल की कमान सौंपा है। विनोद कुमार पप्पू को फिर से कांग्रेस सेवा दल का अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ नुनु बाबू के साथ-साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार मंटन सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामनरेश सिंह, बंगाली पासवान, जागेश्वर पासवान, डॉ अनुज कुमार, गायत्री देवी, शेखर कुमार उर्फ पप्पू सिंह, नवीन पासवान, मोहम्मद एजाज अली मुन्ना, प्रमोद कुमार सहित अन्य कांग्रेसियों ने विनोद कुमार पप्पू को बधाई दी है और कहा कि विनोद कुमार पप्पू ही कांग्रेस सेवा दल के सच्चे कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आए हैं, तभी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने इन्हें फिर से यह जिम्मेदारी सौंपा है दूसरी ओर विनोद कुमार पप्पू ने अपने समर्थको और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी के दिशा निर्देशानुसार पार्टी अध्यक्ष ने जो मुझे कमान सौंपा है, मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा ।

ग्रामीण विकास मंत्री ने महिला संवाद में महिलाओं को किया प्रोत्साहित


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। नालंदा के ग्रामीण इलाकों में निवास करनेवाले ग्रामीणों के बीच बिहार सरकार द्वारा चलायी जा रही महिला सशक्तीकरण की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और उनके इलाके के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी आकांक्षाओं के अदान प्रदान के लिए चलाये जा रहे एक महत्वाकांक्षी अभियान महिला संवाद के क्रम में आज नूरसराय के चंडासी में लगभग 250 से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। चलित वीडियो वाहन के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, महिला उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं एवं परियोजनाओं की जानकारी चलचित्र के रूप में लोगों को दिखायी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बिहार सरकार द्वारा चलायी जा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की और ग्रामीणों की आकांक्षाओं को सुना। सभी को इन योजनाओं से समुचित लाभ लेने की हिदायत दी। मंत्री ने बताया कि किस तरह आवास योजना, नल-जल योजना, पोशाक योजना, साइकिल योजना से लोग लाभान्वित हो रहे है और बिहार का सर्वांगीण विकास हो रहा है। संवाद में आदर्श गांधी मध्य विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अपने अपने अनुभव साझा किए। बताया कि कैसे दूसरे प्रदेशों की महिलायें भी बिहार सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर शिक्षिका के रूप में कार्य कर पा रही हैं। उन्होंने बिहार के मुखामंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया और संवाद में मौजूद महिलाओं को अपने बच्चों को पढ़ाने लिखाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रियान्वित योजनाओं कार्यों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आए सकारात्मक बदलाव पर विस्तृत संवाद किये जाने एवं सरकार के स्तर पर गोजनाओं के सूत्रण एवं नीति निर्धारण में महिलाओं की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समाहित करने के उद्देश्य से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन सभी जीविका महिला ग्राम संगठन स्तर पर 18 अप्रैल 2025 से आरंभ है। जिलें में सभी 20 प्रखंडों में जीविका द्वारा गठित कुल 2214 ग्राम संगठन स्तर पर महिला संवाद का आयोजन किया जाना है।

राजद के पूर्व श्रम राज्य मंत्री राज बल्लभ यादव सहित पांच की अपील पर सुनवाई खत्म, फैसला सुरक्षित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। राजद के बहुचर्चित पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ यादव पॉक्सो एक्ट से जुड़े मुकदमे में पिछले कई वर्षों से उम्रकैद की सजा बेउर जेल में काट रहे हैं। राजबल्लभ यादव समेत पांच अन्य दोषियों की अपील पर सुनवाई की अंत कर पटना हाईकोर्ट ने अपने निर्णय को सुरक्षित रख लिया है। पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहित कुमार शाह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राजबल्लभ यादव समेत सुलेखा देवी,राधा देवी, संदीप सुमन, टूसी देवी और छोटी देवी की ओर से दायर अपराधिक अपीलों पर सुनवाई जारी थी। आजीवन कारावास के सजायाफ्ता अपीलार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह व अजय ठाकुर और सरकारी अधिवक्ता दिलीप सिन्हा ने राज्य सरकार की ओर से अपना पक्ष मजबूती से रखा। वहीं,पीड़िता का पक्ष प्रस्तुत करने वास्ते हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनुकृति जयपुरियार को एमिकस क्यूरी अधिवक्ता नियुक्त किया गया था, पीड़िता का पक्ष कोर्ट में प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि निचली अदालत में पिछले15 दिसम्बर को राजबल्लभ यादव व चार महिला के साथ पांच अन्य को 6 फ़रवरी 2016 को नवादा अवस्थित अपने आवास पर नाबालिक लड़की के साथ बलात्कार के लिए दोषी ठहरा दिया गया था। विशेष एमपी और एमएलए अदालत के न्यायाधीश सह अपर जिला व सत्र न्यायाधीश परशुराम सिंह यादव ने राजबल्लभ यादव समेत अन्य दोषी पाये गए लोगों को भारतीय दंड संहिता और पौक्सों अधिनियम की सम्बंधित धाराओं के अंतर्गत तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाया। साथ ही साथ मुख्य नामजद अभियुक्त राजबल्लभ यादव पर 50,000 हजार रूपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया साथ ही दो अन्य दोषियों को आजीवन कारावास की जज द्वारा सुनाई गई थी।

पूर्व विधायक ने कौआकोल में किया जनसम्पर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कौआकोल। पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के समर्थन में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव का दौरा गुरुवार को गोविंदपुर विधानसभा सभा के कौआकोल प्रखण्ड में पंचायत में रहा। जहां उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। कौआकोल पंचायत में कौशल यादव के पक्ष में व्यापक जनसमर्थन देखने को मिला। पूर्व मुखिया डॉ. चंद्रिका प्रसाद, छोटू मियां, दिनेश यादव, जवाहर यादव, हरगौरी सिंह,चन्दन कुशवाहा, युगलकिशोर यादव, संजय यादव, नरेश यादव, रघु यादव आदि ग्रामीणों ने एकजुट होकर पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के पक्ष में आगामी चुनाव में समर्थन देने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, उप प्रमुख नवीन यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

देश की वर्तमान चुनौतियां, हमारी भूमिका पर परिचर्चा 11 मई को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। बिहार के पूर्व राज्यपाल व मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा.गोविन्द नारायण सिंह की 20वीं पुण्यतिथि 11 मई 2025 को विधान परिषद सभागार, पटना (बिहार) में मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम दो बजे दोपहर से शुरु होगी, जो पांच बजे शाम तक होना है। चार दिवसीय बिहार प्रवास पर गुरुवार को नारदीगंज प्रखंड के ओड़ो गांव में पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द मिश्र के पैतृक आवास पर आए भाजपा दिल्ली के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम डा.गोविंद नारायण सिंह न्यास के द्वारा किया जाना है। आयोजित कार्यक्रम में विषय है- देश की वर्तमान चुनौतियां, हमारी भूमिका पर परिचर्चा। इस अवसर पर पहलगाम के बलिदानियों के प्रति श्रद्धांजलि के साथ कवि व विचारक स्व.पवन श्रीवास्तव को भावांजलि भी करना है। पूर्व राज्यपाल सह पूर्व मुख्यमंत्री डा. गोविंद नारायण सिंह ने देश में पहली बार मध्यप्रदेश में जनसंघ के साथ प्रथम संवित सरकार की स्थापना की। वे स्वाभिमानी व्यक्तित्व के धनी व सादा जीवन व उच्च विचार के सिद्धान्त के अनुपालक रहे। वे बिहार के राज्यपाल रहते हुए भारत में जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं को समाधान के लिए जन अदालत की शुरुआत की थी। इन्होंने अपने जीवन काल में कई रचनात्मक कार्य के साथ कई उपाधि प्राप्त की है। ऐसे विभूति की 20वीं पुण्यतिथि पर तमाम छात्रों, मजदूरों, नौजवानों से अपील है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय व स्थान पर पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के उपरांत भाजपा दिल्ली के प्रदेश प्रवक्ता समेत अन्य आगत अतिथियों ने गांव स्थित भगवान परशुराम के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। न्यास सचिव के.के पाठक ने कहा न्यास के माध्यम से समाज के पीछे पायदान पर में रहने वाले व्यक्ति को सदैव आगे बढ़ाने का कार्य करती है।पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द मिश्रा ने कहा विरासत बचाने के लिए भाजपा दिल्ली के प्रदेश प्रवक्ता भाई नीरज तिवारी कर रहे हैं, जो काफी सराहनीय है।आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पहुंच कर भावांजलि अर्पित करने की बात कही। मौके पर न्यास के दीपक कुमार तिवारी, पंकज सिंह, नीलकमल, ओमी पांडेय, भाई भरत, उज्ज्वल पांडेय, प्रशांत तिवारी समेत अन्य रहे।

बिजली चोरी में छह उपभोक्ताओं पर मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। थाना क्षेत्र के डोहरा गांव में बिजली विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी की। इस दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले छह उपभोक्ताओं के विरुद्ध मामले दर्ज कर अर्थदंड लगाया है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया डोहरा निवासी रंजीत शर्मा के विरुद्ध 34 हजार 676 रुपये, नवीन यादव के विरुद्ध 16 हजार 198 रुपये, नंदलाल यादव के विरुद्ध 31 हजार 808 रुपये, रामलखन प्रसाद के विरुद्ध 26 हजार 405 रुपये के अलावा बिंदू देवी के विरुद्ध 33 हजार 300 रूपये अर्थदंड लगा है।

फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। भड़रा गांव में बीते वर्ष बेटे की छठी के मौके पर आयोजित नाच कार्यक्रम के दौरान हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान रजौली निवासी बाबूलाल राजवंशी के पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गई है। घटना फरवरी 2024 की है, जब जोगियामारण पंचायत के भड़रा गांव में नरेश यादव के पुत्र पिंटू कुमार द्वारा अपने छोटे बेटे की छठी पर नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसी दौरान एक युवक अपने साथियों के साथ बोलेरो वाहन पर सवार होकर कार्यक्रम में पहुंचा। बताया जाता है कि वह नर्तकी के साथ प्रेम-प्रसंग के चलते वहां पहुंचा था। कार्यक्रम के दौरान उक्त युवक ने नर्तकी के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो आरोपित ने नरेश यादव पर गोली चला दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने भाग रहे हमलावरों को रोकने की कोशिश की और दो को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि बाकी फरार हो गए थे।

घटना के बाद पीड़ित के पुत्र पिंटू कुमार के बयान पर संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी और पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी।

टीम स्पर्धाएं रोमांचक स्वर्ण व कांस्य पदक मुकाबलों के साथ संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज राजगीर अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में टेबल टेनिस की टीम स्पर्धाएं रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुईं। लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों में स्वर्ण और कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबलों में देशभर की टीमों ने जबरदस्त जुझारूपन, धैर्य और खेल भावना का प्रदर्शन किया। लड़कियों का स्वर्ण पदक मुकाबला, महाराष्ट्र ने खिताब जीता, मुकाबला महाराष्ट्र बनाम पश्चिम बंगाल रहा। महाराष्ट्र ने पश्चिम बंगाल को 11-6, 11-9, 11-8 से हराया। महाराष्ट्र की लड़कियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पश्चिम बंगाल को सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। पहले सेट से ही महाराष्ट्र ने तेज सर्विस और रणनीतिक शॉट्स से खेल पर पकड़ बनाई रखी। दूसरे और तीसरे सेट में पश्चिम बंगाल ने वापसी की कोशिश की, लेकिन महाराष्ट्र ने संयम बनाए रखा और खिताब अपने नाम किया। लड़कों का स्वर्ण पदक मुकाबला तमिलनाडु ने असम को हराया। मुकाबला तमिलनाडु बनाम असम, तमिलनाडु ने असम को 7-11, 11-9, 11-9, 11-9 से हराया। एक कड़े मुकाबले में तमिलनाडु की टीम ने पहला सेट हारने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए असम को 3-1 से मात दी। असम ने पहले सेट में आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन तमिलनाडु ने अगले तीनों सेट 11-9 के करीबी अंतर से जीतते हुए बेहतरीन दबाव झेलने की क्षमता का प्रदर्शन किया। यह जीत तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ी सफलता रही। लड़कियों का कांस्य पदक मुकाबला तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को हराया। मुकाबला तमिलनाडु बनाम उत्तर प्रदेश हुआ। तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को 11-8, 12-10, 11-7 से हराया। सेमीफाइनल में हार के बाद तमिलनाडु की लड़कियों ने उत्तर प्रदेश को सीधे सेटों में हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। दूसरे सेट में मुकाबला बेहद करीबी रहा, जिसे तमिलनाडु ने 12-10 से जीता। लय पकड़ ली। पूरे मैच में टीम ने संतुलित और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन किया। लड़कों का कांस्य पदक मुकाबला दिल्ली ने महाराष्ट्र को हराया। मुकाबला दिल्ली बनाम महाराष्ट्र, दिल्ली ने महाराष्ट्र को 11-7, 8-11, 14-12, 11-7 से हराया। दिल्ली की टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र को चार सेटों में हराकर कांस्य पदक जीता। तीसरा सेट सबसे रोमांचक रहा, जो 14-12 के स्कोर तक खिंचा। दोनों टीमों ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन दिल्ली ने अहम क्षणों में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद नालंदा कौशलेंद्र कुमार के द्वारा खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

डीएम ने रेलवे फाटक का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गोनावां रोड हरनौत अवस्थित निर्माणाधीन रेलवे फाटक ओवरब्रिज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यपालक अभियंता, पुल निर्माण विभाग को कार्य प्रगति के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल अधिकारी, बिहारशरीफ, प्रशिक्षु समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता बिहार राज्य पुल निर्माण विभाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

हर्ष फायरिंग में एक की मौत, दो घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। भागनबिगहा ओपी क्षेत्र के मोरा तालाब के नवादापर गांव में तिलक समारोह में बार बालाओं के नाच के दौरान हुए हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई जबकि दो बालक जख्मी हो गया है। मृतक की पहचान स्व चंदों यादव का 58 वर्षीय पुत्र कौशलेंद्र गोप के रूप में की गई है। जख्मी दीपक यादव का पांच वर्षीय पुत्र राजकरण बाबू और श्रवण यादव का नौ वर्षीय पुत्र शुभम कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिवार वाले पूर्व के विवाद में जानबूझ कर गोली मार कर हत्या का आरोप लगा रहे है। मृतक की पत्नी रीना देवी और रिश्तेदार तन्नू यादव ने बताया कि गांव में बच्चू यादव के पुत्र का तिलक समारोह था। तिलक समारोह में बार बालाओं के नाच का प्रोग्राम चल रहा था। गांव के नाते कौशलेंद्र यादव भी नाच देखने गए हुए थे। इसी दौरान जानबूझ कर बच्चू यादव के इशारे पर बदमाश ने उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया। जिससे गोली लगने से कौशलेंद्र समेत तीन लोग जख्मी हो गए।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा संख्या:24–25–20– एचआरटी – एलआरएस – वाटर 1, दिनांक : 05.05.2025

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई – निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : एलएचबी कोचो में अपशिष्ट जल के लिए संशोधित पाइप की सुधार और स्थापना के लिए निविदा । 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,20,24,249.60/– (रू. एक करोड़ बीस लाख चौबीस हजार दो सौ उनचास और साठ पैसे मात्र), 3. निविदा प्रपत्र की राशि : शून्य, 4 अग्रधन की राशि : ₹ 2,10,100/– (रू. दो लाख दस हजार एक सौ मात्र), 5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 24.05.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:15 बजे निविदा खोली जायेगी। 6 वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है : निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov. पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार – 803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता / पूमरे/हरनौत

पीआर/0205/एचआरटी/यां./टी/25–26/44

पूर्व मध्य रेल

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत स्टेशनों पर 05 वर्षों के लिए कैटरिंग स्टॉल, बहुद्धेशीय स्टॉल एवं वाटर बेंडिंग मशीन की स्थापना तथा संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:

1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 3/4 पर कैटरिंग स्टॉल सं० 08 के लिए। **ई–नीलामी कैटलॉग संख्या :** CATG-DDU-64, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** Catg-DDU-AUBR-SMU-71-23-2, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 21.05.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर बहुद्धेशीय स्टॉल सं० 01 के लिए। **ई–नीलामी कैटलॉग संख्या :** MPS-DDU-03, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MPS-DDU-DDU-MPS-1-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 22.05.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं० 01 के लिए। **ई–नीलामी कैटलॉग संख्या :** CATG-DDU-65, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-BBU-WVM-3-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 24.05.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

2. वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०

पीआर/0216/डीडीयू/वा०/ईएएन/25–26/48

गया के पर्यटन विकास को लेकर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला अतिथि गृह में पर्यटन विभाग के कंसल्टेंट्स के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में गया और बोधगया के पर्यटन विकास, यातायात व्यवस्था और बुनियादी ढांचे को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि गयाजी को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि गयाजी को हरित शहर बनाने के लिए पहाड़, नदी, तालाब और पार्कों को हरा-भरा किया जाए। उन्होंने कहा कि गया की सबसे बड़ी समस्या जाम है। इस दिशा में नगर निगम को कई बार निर्देश दिए गए हैं कि विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पूरे शहर की बिजली व्यवस्था को अंडरग्राउंड करने और आबादी के अनुरूप दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव की तर्ज पर मास्टर प्लान तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी के 56 पुरानी विरासत स्थलों को संरक्षित और संवर्धित किया जाएगा। पुराने पिंड वेदियों के जीर्णोद्धार का भी निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जिस तरह काशी विश्वनाथ और उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर का विकास हुआ, उसी तरह गयाजी और बोधगया को भी विकसित किया जाए। उन्होंने बताया कि गया एयरपोर्ट विस्तार के लिए 100 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है जिसमें किसानों को तीन गुना मुआवजा दिया जा रहा है। मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण प्रगति रुकी हुई है। कैबिनेट से गया शहर के लिए ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरों की मंजूरी मिल चुकी है और कार्य जल्द ही शुरू होगा। बोधगया से कंडी तक घाट और फ्लाईओवर निर्माण से जाम की समस्या में राहत मिलेगी। बैठक में सेंट्रल चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने भी कई सुझाव दिए। अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल, अनूप केडिया और कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पिंड वेदियों का सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए। गौतम आश्रणी के विकास पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बोधगया आने वाले पर्यटकों का ठहराव गया और बोधगया में सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले। साथ ही गयाजी को देश के सभी राज्यों से रेल मार्ग और डोमेस्टिक उड़ानों के जरिए जोड़ा जाए ताकि आवागमन की सुविधा बेहतर हो। बैठक में बृजनंदन पाठक, संजय, वसंत परमार, पप्पू चंद्रवंशी, विकास कुमार, अमित लोहानी, धीरू, दीपक पांडेय, सरिस अग्रवाल, गोपाल चंद्रवंशी, बबलू, हरि यादव, प्रदीप, शिवा मांझी, राजेश मस्तान, सूरज राणा, सोनू और दीनानाथ सहित कई लोग मौजूद रहे।

खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा : डॉ. प्रेम कुमार

गया में तैराकी प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गया में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। यह आयोजन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया मूवमेंट के तहत संपन्न हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और पहला सुख निरोगी काया है। आज की युवा पीढ़ी खेल को न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि एक सफल कैरियर के रूप में भी अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को नया आयाम मिला है। खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से न सिर्फ गांव-कस्बों तक खेल संस्कृति का विस्तार हुआ है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान मजबूत हुई है। उन्होंने कहा अब हमारे खिलाड़ी ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में लगातार पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी बताया कि सरकार खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षकों, आधुनिक खेल उपकरणों और बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है, ताकि वे वैश्विक स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी, अभिभावक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। समापन पर मंत्री ने युवाओं को संदेश दिया–अब वह समय आ गया है जब कह सकते हैं- खेलोगे कूदोगे बनोगे नवाब।

यात्रियों से ज्यादा भाड़ा वसूली पर आठ ऑटो जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। शहर में चलने वाले ऑटो और ई-रिक्शा में सवार होने वाले यात्रियों से निर्धारित किराए से ज्यादा भाड़ा वसूली किये जाने की शिकायत पर जिला परिवहन विभाग की ओर से विशेष जांच की जा रही है। इसी के तहत ज्यादा किराया लिए जाने की शिकायत पर आठ ऑटो व ई-रिक्शा को जब्त किया गया है। बताया गया कि डीटीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को बिपार्ड मुख्य गेट स्थित सड़क पर ऑटो व ई-रिक्शा की जांच टीम को लगाया गया। जांच के दौरान ऑटो व ई-रिक्शा में बैठे यात्रियों से भाड़े वसूली के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान ज्यादा किराया लिए जाने की शिकायत पर चार ऑटो व ई-रिक्शा को जब्त किया गया। जब्त किए गए ऑटो व ई-रिक्शा चालकों से जुर्माने की वसूली की प्रक्रिया की जा रही है। मंगलवार को भी जांच अभियान में चार ऑटो जब्त किया गया था। जांच अभियान के दौरान लोगों को ज्यादा भाड़े की वसूली नहीं करने की चेतावनी के साथ संदेश दिया जा रहा है।

दिव्यांग बच्चों की पहचान कर करवाया जा रहा पंजीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। भारत वर्ष के दिव्यांग बच्चों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान सुनिश्चित कराए जाने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2021 के तहत पटना उच्च न्यायालय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के संयुक्त निर्देश के आलोक में गया जिला के सभी 24 प्रखंड स्तर पर स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा शिविर लगाकर दिव्यांग बच्चों को पहचान कर उनका पंजीकरण व दिव्यंगता प्रमाण पत्र वितरण करने हेतु 3 मई से 15 मई तक डिस्ट्रिक्ट जज सह जिला विधिक सेवा के अध्यक्ष मदन किशोर कौशिक के नियंत्राधीन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव अरविंद कुमार दास के देख रेख में अभियान चलाया जा रहा है। वही गुरुवार को सचिव के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाकंद और बोधगया का निरीक्षण किया गया। सचिव अरविंद कुमार दास ने बताया कि 0 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण कार्य का जायजा लेते हुए बताया कि गया जिला में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 3 तारीख से 15 तारीख तक पंजीकरण कार्य किया जा रहा है एवं अनुमंडल स्तर पर सभी दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। गौरतलब है कि विगत 6 मई को सदर अनुमंडल में दिव्यांग लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था। इसके अंतर्गत 8 मई को अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में शेरघाटी के सभी प्रखंड के दिव्यांग लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। 10 मई को टिकारी अनुमंडल में, 12 मई को नीमचक बथानी अनुमंडल के खिजरसराय में, 13 मई को सदर अनुमंडल अंतर्गत जयप्रकाश नारायण हॉस्पिटल में दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

गुणवत्तापूर्ण चावल ही लिया जाएगा अन्यथा की जाएगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। जिले में सरकारी स्तर पर किसानों से खरीद किये गए धान से तैयार होने वाले सीएमआर चावल की गुणवत्ता को लेकर गुरुवार को राइस मिलों की औचक जांच की गई। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर एसएफसी के जिला प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने राइस मिलों में धान की कुटाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। साथ एसएफसी के गोदामों में जमा कराने के लिए मिल परिसर में रखे सीएमआर चावल की खेप की जांच करते हुए चावल की गुणवत्ता को भी परखा गया। इस दौरान एसएफसी व सहकारिता विभाग के माध्यम से चयनित राइस मिलरों को सख्त निर्देश दिया गया कि हर हाल में गुणवत्तापूर्ण चावल ही एसएफसी गोदामो में जमा कराना है। गुणवत्तापूर्ण चावल नहीं रहने पर कार्रवाई की जाएगी। गुरारू के मेसर्स जय मां तारा राइस मिल की जांच के दौरान एसएफसी के जिला प्रबन्धक ने मिल संचालक को निर्देश देते हुए गुणवत्तापूर्ण चावल को तैयार कर उसे जमा कराने को कहा। वजीरगंज, फतेहपुर, टनकुप्पा, बाराचट्टी, कोंच, बेलागंज आदि क्षेत्रों में संचालित राइस मिलो की जांच की गई।

सड़क हादसे में युवक की गई जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गया)। गया - राजगीर एनएच 82 के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन बाईपास पुरा - दखिनगांव चौक पर बीते बुधवार की देर रात एक बाइक ट्रक के नीचे आ गया जिससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक गया से नवादा की ओर जा रहा था जबकि बारात में शामिल बाइक पुरा रोड से निकलकर वजीरगंज के तरफ जा रहा था, तभी बाइक ट्रक के नीचे आ गया जिसके बाद बाइक ट्रक के नीचे फंस गया और मार्बल लदा ट्रक असंतुलित होकर लगभग 100 मीटर तक घसिटते चला गया जिससे बाइक पर सवार बथानी थाना अंतर्गत खुखरी निवासी स्व0 सिद्धेश्वर मिस्त्री का 23 वर्षीय पुत्र पप्पु कुमार एवं संजय प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिये सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया और संजीव को प्राथमिक उपचार के बाद एएनएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस हेल्पलाइन 112 की टीम पहुंचकर मामले का जायजा लिया।

अमरावती के डिग्री कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल का सीयूएसबी भ्रमण, एमओयू पर हस्ताक्षर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गया)। एचवीपीएम, अमरावती के तत्वावधान में संचालित डिग्री कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन (डीसीपीई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के शिक्षा संकाय के शारीरिक शिक्षा विभाग का भ्रमण किया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की देखरेख में आयोजित भ्रमण में शामिल प्रतिनिधियों का स्वागत शिक्षा संकाय के डीन प्रो. रविकांत और शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. उषा तिवारी ने किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अन्य संकाय सदस्य डॉ. गौरव सिंह, डॉ. पिंटू लाल मंडल और आर.एल. उद्रिशना देवरी भी मौजूद थे। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि डीसीपीई के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. श्रीनिवास देशपांडे, डॉ. माधुरी चेंडके, डॉ. अजयपाल उपाध्याय, डॉ. अनीता गुप्ता, डॉ. मधुकर बरनसे , डॉ. ललित शर्मा शामिल थे।

एबीवीपी का प्रदर्शन, गया के चार कॉलेजों में फूटा छात्रों का गुस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिले के चार प्रमुख महाविद्यालयों में गया कॉलेज, अनुग्रह नारायण कॉलेज, जगजीवन कॉलेज एवं टेकारी कॉलेज में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने उग्र प्रदर्शन कर यह स्पष्ट कर दिया कि अब छात्र अपने अधिकारों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष के लिए तैयार है। गया कॉलेज में प्राचार्य कार्यालय पर ताला जड़कर छात्रों ने यह संदेश दिया कि जब तक प्रशासन छात्रों की समस्याओं पर ताले लगाए रहेगा, विद्यार्थी परिषद उसकी जिम्मेदारियों पर ताला लगाने को मजबूर रहेगी। एबीवीपी गया महानगर मंत्री विनायक कुमार ने कहा कि गया के महाविद्यालयों में छात्र वर्षों से शिक्षा, सुविधा और सम्मान के लिए तरस रहे हैं। विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन की निष्क्रियता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कक्षाएं नियमित नहीं होतीं, परिणाम समय पर जारी नहीं होते, अंक पत्र वर्षों से लंबित हैं, महिला छात्रावास उपयोग में नहीं हैं, खेल मैदानों में झाड़ियां उग आई हैं और छात्रों को असामाजिक तत्वों से डरकर पढ़ाई करनी पड़ती है। यह शिक्षा नहीं, बल्कि व्यवस्थागत शोषण है। जिला सह-संयोजक धीरज केसरी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का घोर अभाव विशेषकर वोकेशनल, प्रोफेशनल और बी.एड. जैसे कोर्सों में देखा जा रहा है। छात्रों को स्वच्छ पेयजल, शौचालय, लाइब्रेरी, क्लासरूम और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। महिला छात्राओं की सुरक्षा के मुद्दे पर कॉलेज प्रशासन की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है।

कृषि कैंप का आयोजन, 5 लोगों ने कराया निबंधन, अन्य पंचायतों में भी लगेंगे कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। ग्राम पंचायत अदई में कृषि कैंप का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें 5 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। इस कैंप का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी जानकारी और सुविधाएं प्रदान करना है। कैंप के आयोजन से किसानों को अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और नवीनतम कृषि तकनीकों के बारे में जानने का अवसर मिला। विभाग की योजना अन्य पंचायतों में भी ऐसे कैंप आयोजित करने की है जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सके। कनीय विद्युत अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत आंती में 10 मई, असलेमपुर में 13 मई, चबूरा में 15 मई, गरारी में 17 मई, गौहरपुर में 19 मई, काबर में 21 मई, केर में 3 जून, खजुरी में 6 जून, कोंच में 9 जून, कोराप में 11 जून, कुरमावां में 13 जून, मंझियावां में 16 जून, परसावां में 19 जून, सिमरा में 21 जून और श्रीगांव में 1 जुलाई को कृषि कैंप लगेंगे।

डीजे बजाने को लेकर दो समुदायों में जमकर मारपीट व पथराव, नौ गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरुआ। थाना क्षेत्र के गुडरु गांव में बुधवार की रात शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच जबरदस्त मारपीट और पथराव हो गई। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल दस लोग घायल हो गए। गुरुआ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर गुरूवार की दोपहर 2 बजे जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक घटना बुधवार रात की है जब गुडरु गांव निवासी रामवृक्ष यादव के पुत्र मिथिलेश यादव की बारात की तैयारी चल रही थी। बारात निकलने से पहले दूल्हे को डीजे के साथ गांव के देवी मंदिर में पूजा के लिए ले जाया जा रहा था। जैसे ही दूल्हा और बारात मस्जिद के पास पहुंची वहां दूसरे समुदाय के लोगों ने डीजे के साथ उस रास्ते से जाने का विरोध किया। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर चलने लगे। इसके बाद लाठी-डंडों से भी मारपीट हुई। इस झड़प में दूल्हा के पिता रामवृक्ष यादव, अखिलेश यादव, कुलेश्वर यादव, ननकू यादव के साथ-साथ मोहम्मद इलयास, जफीर आलम, राणा आलम, मंसूर खान, भोला उर्फ सरबर, शमीम और जाकिर समेत कुल दस लोग घायल हो गए। सभी घायलों को गुरुआ सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गुरुआ थानाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज इमाम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

बाइक सवार युवक शराब के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। दौरमा गांव के बधार में आंती पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक सवार युवक को 70 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी शराब कारोबारी को न्यायालय में पेश करने के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया गया। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई। उन्होंने कहा कि मुकेश कुमार पिता शैलेश चौधरी ग्राम कोल्हूबार थाना डुमरिया जिला गया को एक बाइक एवं 70 लीटर देसी महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के प्रयासों को बल मिला है।

बेलागंज थाना में लंबित कांडों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को डीएसपी विधि-व्यवस्था के द्वारा बेलागंज थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सत्य पाए गए मामलों में फरार एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु गिरफ्तारी/वारंट और कुर्की की प्रक्रिया को पूरा करने के साथ ही लंबित सभी बिंदुओं पर शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

कार्यालय, पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मेदिनीनगर

Regional Transport Authority, Palamu Non renewal of permits of the passenger vehicles active on roads

सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी पीएजी (अंकेक्षण) महालेखाकार (लेखा परीक्षा), झारखण्ड, राँची के कार्यालय के पत्रांक 02, दिनांक 13.12.2024 तथा परिवहन विभाग झारखण्ड राँची का पत्रांक 485 दिनांक 05.05.2025 के आलोक में संलग्न सूची में उल्लेखित स्थायी स्वारीगाड़ी एवं स्कूल बस परमिट धारकों को सूचित किया जाता है, कि एक सप्ताह के अंदर बकाया राशि का भुगतान करें अन्यथा बकाया राशि की वसूली हेतु मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के तहत समुचित कार्रवाई की जाएगी।

Sl No	REGN_NO	REGN_DT	PURCHASE_DT	VEH_CATG	SEAT_CAP	SLEEPER_CAP	PERMIT_NO	PERMIT	MANU_YR	TAX_PAID_UPTO	FIT_VALID_UPTO	PERMIT_VALID_FROM	PERMIT_VALID_UPTO	AGE OF VEH in years	fee+ application fee	surcharge	Late fee	Total
1	JH01AX 8750	16-02-2013	04-02-2013	LPV	33	0	08/2017	stage	2013	22-10-2021	22-05-2024	21/03/2017	20-03-2022	9.09	6300	as per distance of routes	10000	16300
2	JH03N2 818	02-04-2016	02-02-2016	MPV	48	0	202017	stage	2015	18-10-2024	06-06-2024	18/10/2017	17-10-2022	6.55	6300	as per distance of routes	10000	16300
3	JH01CF 7610	10-01-2017	26-12-2016	HPV	51	1	04/2017	stage	2016	13-09-2024	22-10-2022	24/01/2017	23-01-2022	5.04	6300	as per distance of routes	10000	16300
4	JH14C2 641	24-03-2013	01-11-2012	HPV	49	0	PAL/70/2015	stage	2013	10-01-2018	23-12-2017	30/10/2015	29-10-2020	7.61	6300	as per distance of routes	10000	16300
5	JH01BG 6482	22-05-2014	08-03-2014	HPV	49	0	PAL/39/2015	stage	2014	12-08-2019	21-05-2019	10/06/2015	06-06-2020	6.05	6300	as per distance of routes	10000	16300
6	JH01AK 3430	07-02-2011	24-01-2011	MPV	41	0	PAL/31/2015	stage	2011	23-01-2019	06-05-2024	15/05/2015	14-05-2020	9.27	6300	as per distance of routes	10000	16300
7	JH03J13 38	12-03-2014	31-01-2014	MPV	48	0	PAL/46/2015	stage	2013	22-02-2024	13-06-2024	30/06/2015	29-06-2020	6.30	6300	as per distance of routes	10000	16300
8	JH03G9 595	08-09-2012	05-07-2012	MPV	48	0	PAL/07/2015	stage	2012	06-07-2019	02-08-2019	25/03/2015	24-03-2020	7.55	6300	as per distance of routes	10000	16300
9	JH01BC 6453	12-10-2013	04-10-2013	LPV	33	0	PAL/62/2015	stage	2013	14-01-2025	11-04-2024	03/09/2015	12-09-2020	6.92	6300	as per distance of routes	10000	16300
10	JH03J70 19	28-09-2013	19-08-2013	MPV	51	0	47/2014	stage	2013	15-11-2024	29-04-2024	24/09/2014	23-09-2019	5.99	6300	as per distance of routes	10000	16300
11	JH03G2 488	18-01-2012	24-12-2011	MPV	41	0	PAL/35/2014	stage	2011	15-01-2025	07-03-2025	20/09/2014	19-09-2019	7.67	6300	as per distance of routes	10000	16300
12	JH01BC 5071	07-11-2013	21-10-2013	LPV	33	0	PAL/27/2016	stage	2013	03-10-2019	06-05-2024	06/05/2016	05-05-2021	7.50	6300	as per distance of routes	10000	16300
13	JH14B7 866	20-01-2012	07-01-2012	LPV	33	0	SC-PSTS-0014/18(PLM)	stage	2012	13-09-2024	19-04-2024	19/06/2018	18-06-2023	11.42	6300	as per distance of routes	10000	16300
14	JH03E5 021	24-04-2010	12-04-2010	MPV	44	0	PAL/30/20016	stage	2010	18-04-2023	23-04-2024	13/08/2016	12-08-2021	11.31	6300	as per distance of routes	10000	16300
15	JH01AG 8282	25-09-2010	08-09-2010	LPV	53	0	PAL/01/2018	stage	2010	19-01-2024	24-09-2023	10/01/2018	09-01-2023	12.30	6300	as per distance of routes	10000	16300
16	JH03G9 707	14-09-2012	27-08-2012	LPV	33	0	PAL/31/2017	stage	2012	17-10-2023	15-03-2025	01/11/2017	31-10-2022	10.13	6300	as per distance of routes	10000	16300
17	JH02V6 300	22-05-2012	03-05-2012	MPV	41	0	PAL/68/2016	stage	2012	04-07-2021	21-02-2020	29/12/2016	28-12-2021	9.61	6300	as per distance of routes	10000	16300
18	JH03G4 140	20-03-2012	07-03-2012	LPV	33	0	PAL/16/2012	stage	2011	31-03-2021	17-03-2024	30/05/2017	29-05-2022	10.20	6300	as per distance of routes	10000	16300
19	JH03M2 665	17-10-2015	26-08-2015	HPV	56	0	PAL/16/2018	stage	2015	15-11-2024	25-05-2024	05/06/2018	04-06-2023	7.64	6300	as per distance of routes	10000	16300
20	JH03E0 922	10-12-2009	16-11-2009	HPV	53	0	PALM/05/2004	stage	2009	03-03-2024	22-06-2024	31/01/2019	30-01-2024	14.15	6300	as per distance of routes	10000	16300
21	JH08G2 403	31-05-2018	31-03-2018	MPV	51	0	SC-PSTS-0027/18(PLM)	stage	2017	20-12-2024	13-04-2024	30/11/2018	29-11-2023	5.50	6300	as per distance of routes	10000	16300
22	JH01D W9971	19-03-2020	16-03-2020	LPV	45	0	SC-PSTS-0005/19(PLM)	stage	2020	31-03-2024	15-03-2025	07/02/2019	06-02-2024	3.89	6300	as per distance of routes	10000	16300
23	JH03L1 139	20-02-2015	15-01-2015	MPV	53	0	76/2015	school	2014	26-10-2024	19-11-2024	15/06/2015	14-06-2020	5.32	6150	3000	10000	19150
24	JH03L7 232	21-02-2015	29-01-2015	MPV	48	0	59/2015	school	2014	03-03-2025	20-05-2024	04/08/2015	03-08-2020	5.45	6150	3000	10000	19150
25	JH03L2 281	21-02-2015	30-01-2015	MPV	48	0	58/2015	school	2014	11-04-2024	20-05-2024	04/08/2015	03-08-2020	5.45	6150	3000	10000	19150
26	JH03M9 664	05-01-2016	18-12-2015	MPV	53	0	36/2016	school	2015	09-12-2021	17-12-2024	02/06/2016	01-06-2021	5.41	6150	3000	10000	19150
27	JH03F33 16	03-03-2011	22-10-2010	MPV	53	0	11/2016	school	2010	26-09-2020	31-08-2023	11/03/2016	10-03-2021	10.03	6150	3000	10000	19150
28	JH03J05 57	20-09-2013	12-08-2013	LPV	33	0	PAL/78/2015	school	2013	23-08-2024	14-12-2024	15/06/2015	14-06-2020	6.74	6150	3000	10000	19150
29	JH03L9 346	21-02-2015	29-01-2015	MPV	48	0	PAL/57/2015	school	2014	19-07-2024	20-05-2024	04/08/2015	03-08-2020	5.45	6150	3000	10000	19150
30	JH03L0 373	21-02-2015	29-01-2015	MPV	48	0	PAL/56/2015	school	2014	19-07-2024	20-05-2024	04/08/2015	03-08-2020	5.45	6150	3000	10000	19150
31	JH03L2 874	20-02-2015	15-01-2015	MPV	53	0	PAL/77/2015	school	2014	27-10-2024	19-11-2024	15/06/2015	14-06-2020	5.32	6150	3000	10000	19150
32	JH03D9 820	03-09-2009	27-04-2009	LPV	37	0	PAL/31/2014	school	2009	31-08-2019	02-12-2018	05/07/2014	04-07-2019	9.84	6150	3000	10000	19150
33	JH03M2 937	16-07-2015	05-05-2015	LPV	37	0	PAL/52/2017	school	2015	12-05-2017	15-04-2017	21/07/2016	20-07-2021	6.02	6150	3000	10000	19150
34	JH03Q9 757	28-03-2017	08-03-2017	MPV	57	0	PAL/41/2017	school	2016	10-11-2025	19-04-2025	12/10/2017	11-10-2022	5.54	6150	3000	10000	19150
35	JH03Q4 128	01-04-2017	08-03-2017	HPV	57	0	PAL/43/2017	school	2016	10-11-2025	19-04-2025	12/10/2017	11-10-2022	5.53	6150	3000	10000	19150
36	JH19B3 157	08-05-2018	20-04-2018	MPV	32	0	SB-PSTS-0001/19(PLM)	school	2018	01-02-2024	03-05-2024	18/01/2019	18-01-2024	5.70	6150	3000	10000	19150
															224700	42000	360000	626700

PR.NO.351958 District(25-26):D

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मेदिनीनगर।

संपादकीय

यह तो सत्ता की गुंडागर्दी है...

ग्वालियर में रविवार की रात प्रदेश के एक राज्यमंत्री ने स्थानीय रेस्टॉरेंट में टेबल न मिलने पर जिस तरह का उत्पात मचाया, उससे राज्य में सत्ता की गुंडागर्दी का सवाल और गहरा गया है। इसका मुख्यमंत्री और भाजपा संगठन को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए। वरना जनता में गलत संदेश जा रहा है। इस राज्यमंत्री के बेटे ने पिछले साल भी इसी तरह की गुंडागर्दी की थी, जिसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई थी, लेकिन इस बार तो खुद मंत्री ने ही हदें पार कर दीं। जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ग्वालियर के क्वालिटी रेस्टारेंट में रात को खाना खाने पहुंचे थे। वहां काफी भीड़ होने के कारण उन्हें टेबल नहीं मिल सकी। इस मंत्रीजी भड़क उठे। बाद में होटल स्टाफ को उनके मंत्री होने की जानकारी मिली तो उन्होंने माफी भी मांगी। लेकिन तब तक मंत्री पटेल ने फूड सेफ्टी टीम को बुलाकर भोजन की सैंपलिंग करा दी। इस दौरान होटल संचालक ने उसके साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया है। मंत्रीजी दो दिनों से ग्वालियर में थे और जिलों के स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे थे। जिस रात की यह घटना है, उसी रात प्रदेश के एक वरिष्ठ भाजपा नेता के बेटे की शादी का रिसेप्शन था। लेकिन मंत्रीजी ने वहां खाना न खाकर अपने स्टाफ के साथ होटल में खाने का फैसला किया। उस होटल में कई लोगों ने पहले ही टेबलें एडवांस बुक करवा रखी थीं। इनमें एक टेबल फूड इंस्पेक्टर लोकेन्द्र के नाम से थी। यह जानकर मंत्रीजी और आगबबूला हो उठे। उनके समर्थकों ने लोगों के साथ मारपीट की। हालांकि संचालक और उनके स्टाफ ने माफी मांग ली, लेकिन मंत्रीजी का दिल नहीं पसीजा। इस घटना के बाद ग्वालियर के व्यवसायियों में भी भारी आक्रोश है। बताया जाता है कि फूड सेफ्टीक टीम ने पांच सेम्पल लिए, जिनमें खराब तेल के इस्तेमाल की शिकायत पाई गई। सेम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं। लेकिन होटल में जो कुछ हुआ, उसके वीडियो वायरल हो गए। जिसके बाद इस पूरे घटनाक्रम और मंत्री की नीयत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि राज्यमंत्री पटेल ने उन पर लगे आरोपों को झूठा बताया है। लेकिन जो कुछ घटा है, उसका जनता में गलत संदेश गया है। इस घटनाक्रम पर कांग्रेस ने एक्स पर लिखा- बीजेपी सरकार के मंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं। उधर बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री कार्यालय ने मामले की रिपोर्ट मांगी है। राज्यमंत्री पटेल और उनके परिजनो द्वारा इस तरह का अमर्यादित व्यवहार की यह पहली घटना नहीं है। पिछले साल मार्च में भी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल ने भोपाल में रेस्त्रां संचालक दंपती से मारपीट की थी और जिस तरह से थाने में उत्पात मचाया था, उसे लोग अभी भी भूले नहीं हैं। उस घटना के बाद मंत्री पुत्र पर गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला कायम हुआ था। इस गुंडागर्दी के लिए उस वक्त मुख्य मंत्री डॉ.मोहन यादव तथा प्रदेश भाजपाध्यक्ष वी.डी.शर्मा ने मंत्री पटेल को कड़ी फटकार भी लगाई थी, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। उल्टे एक वरिष्ठ भाजपा नेता के यहां शादी के दिन एक राज्यमंत्री द्वारा इस तरह बवाल काटना सरकार की छवि को भी खराब करता है। इन्हीं मंत्री ने अपने बंगले के पास पार्क की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था। वैसे राज्य में कतिपय भाजपा नेताओं द्वारा सत्ता के मद में गुंडागर्दी और बेलगाम आचरण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। क्या ऐसे लोगों को सत्ता में बने रहने का नैतिक हक है?

भारत-चीन संबंध : कैलाश से कूटनीति तक

भारत और चीन, दो प्राचीन सभ्यताओं और समकालीन वैश्विक शक्तियों के बीच संबंधों का इतिहास जटिल, उलझा हुआ और समय-समय पर संघर्षों से भरा रहा है। इन संबंधों में हालिया हलचल उस समय देखने को मिली जब भारत के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि 750 भारतीय तीर्थयात्री इस वर्ष जून और अगस्त के बीच दो समूहों में कैलाश मानसरोवर यात्रा कर सकेंगे। यह यात्रा चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित है और इसका धार्मिक, सांस्कृतिक तथा कूटनीतिक महत्व अत्यधिक है। पाँच वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस यात्रा का पुनः आरंभ होना केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक सूक्ष्म किंतु महत्वपूर्ण संकेत भी है।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

पिछले पाँच वर्षों में कैलाश मानसरोवर यात्रा के निलंबन के पीछे दो मुख्य कारण रहे। पहला, वैश्विक महामारी कोविड-19, जिसने न केवल व्यक्तियों और समुदायों को अलग-थलग कर दिया, बल्कि देशों के बीच संपर्क और सहयोग के रास्ते भी बाधित कर दिए। दूसरा, और अधिक जटिल कारण था 2020 में लद्दाख में भारत और चीन के बीच हुआ सैन्य गतिरोध। गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़पों ने दोनों देशों के बीच गहरे अविश्वास और तनाव की भावना को जन्म दिया। ऐसे परिदृश्य में कैलाश मानसरोवर यात्रा का पुनः प्रारंभ होना एक सकारात्मक कूटनीतिक संकेत है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि दोनों देशों में संवाद और संपर्क की छोटी-छोटी खिड़कियाँ अब भी खुली हैं।

इस घोषणा का समय भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह ऐसे समय आया है जब दुनिया पूर्वी यूरोप में युद्ध, पश्चिम एशिया में अस्थिरता और वैश्विक व्यापार पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों के कारण उत्पन्न हो रही अनिश्चितताओं से जूझ रही है। इन परिस्थितियों में भारत और चीन जैसे दो बड़े, परमाणु संपन्न देशों के बीच किसी भी प्रकार की सद्भावना का संकेत न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। 2.8 अरब से अधिक जनसंख्या वाले इन दोनों देशों के बीच किसी भी तरह का सहयोग वैश्विक शक्ति संतुलन पर व्यापक प्रभाव डाल सकता है। कैलाश मानसरोवर यात्रा का महत्व मात्र तीर्थाटन तक सीमित नहीं है। इस यात्रा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी भारत-चीन संबंधों में विशेष स्थान रखती है। वर्ष 1962 के युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण रहे। इस युद्ध ने न केवल सीमाओं को विवादित कर दिया, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी दोनों देशों को एक-दूसरे से दूर कर दिया। ऐसी स्थिति में, 1979 में तत्कालीन भारतीय विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा ऐतिहासिक मानी गई। वाजपेयी ने अपनी यात्रा के दौरान बीजिंग में भारतीयों के लिए कैलाश और मानसरोवर के धार्मिक महत्व को रेखांकित किया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप 1981 में भारत और चीन के बीच आधिकारिक रूप से इस यात्रा का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह उस समय दोनों देशों के बीच जमी बर्फ को पिघलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।



कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रारंभ ने उन ठंडी बर्फीली दीवारों के बीच एक मानवीय पुल बनाया जो 1962 के बाद खड़ी हो गई थीं। यह यात्रा धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ-साथ राजनयिक संबंधों में विश्वास बहाली का भी प्रतीक बनी। चीन के तत्कालीन उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री हुआंग हुआ ने 1981 में नई दिल्ली यात्रा के दौरान यह आश्वासन दिया कि चीन 'जिसे भारतीय कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील कहते हैं' वहाँ की यात्रा के लिए व्यवस्था करेगा। इस वक्तव्य ने दो देशों के बीच संवाद और सहयोग का एक नया द्वार खोला था।

आज, जब यात्रा फिर से शुरू हो रही है, तो यह अतीत की स्मृतियों को ताजा करती है और वर्तमान में संवाद के अवसरों को बल देती है। परंतु यह भी स्वीकार करना आवश्यक है कि इस पहल का स्वागत करते हुए भी हमें यथार्थवादी दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। कैलाश मानसरोवर यात्रा का पुनः प्रारंभ होना भारत-चीन संबंधों के व्यापक और जटिल स्वरूप का केवल एक पहलू है। सीमा विवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, रणनीतिक असहमति और वैश्विक मंचों पर वर्चस्व की दौड़ जैसे मुद्दे अब भी दोनों देशों के संबंधों को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं।

विशेष रूप से लद्दाख की गलवान घाटी की घटना ने जो गहरी दरारें पैदा की थीं, उन्हें भरने के लिए केवल प्रतीकात्मक कदम पर्याप्त नहीं होंगे। विश्वास बहाली के लिए गहन और दीर्घकालिक प्रयासों की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर तनाव अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सैन्य, राजनयिक और राजनीतिक स्तर पर संवाद को निरंतर बनाए रखने की जरूरत है ताकि किसी भी आकस्मिक संघर्ष की आशंका को टाला जा सके। आर्थिक दृष्टि से भी भारत और चीन के बीच संबंधों में मिश्रित प्रवृत्तियाँ देखी गई हैं। एक ओर जहाँ व्यापारिक लेनदेन का आकार बड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर भारतीय बाजारों में चीनी निवेश और उत्पादों को लेकर संदेह और सतर्कता भी बढ़ी है। भारत सरकार ने कई चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाए हैं और रणनीतिक क्षेत्रों में चीनी निवेश पर निगरानी बढ़ाई है। इसके अलावा, भारत 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है, जिसका अप्रत्यक्ष प्रभाव भारत-चीन आर्थिक संबंधों पर भी पड़ रहा है। रणनीतिक दृष्टि से, भारत और चीन आज विभिन्न ध्रुवों पर खड़े दिखाई देते हैं। भारत जहाँ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ 'क्वाड' (Quad) समूह का एक सक्रिय सदस्य है, वहीं चीन अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के माध्यम से वैश्विक प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इन परस्पर विरोधी रणनीतिक धारणाओं ने दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई को और चौड़ा किया है।

परंतु कूटनीति की खूबी ही यही है कि वह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संवाद के सेतु बनाने का प्रयास करती है। कैलाश मानसरोवर यात्रा का पुनः प्रारंभ इसी भावना का प्रतिबिंब है। धार्मिक यात्राओं, व्यापारिक मेलजोल, छात्र विनिमय कार्यक्रमों और सांस्कृतिक संपर्कों के माध्यम से दोनों देशों के बीच मानवकेंद्रित कूटनीति को बढ़ावा देना दीर्घकालिक विश्वास निर्माण की दिशा में सहायक हो सकता है।

भविष्य की राह हालांकि सरल नहीं है। भारत और चीन के बीच स्थायी और स्थिर संबंध स्थापित करने के लिए केवल प्रतीकात्मक पहलें पर्याप्त नहीं होंगी। इसके लिए पारस्परिक सम्मान, सीमा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के नियमों के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक मंचों पर संतुलित सहयोग की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही, दोनों देशों को यह समझना होगा कि एशिया और विश्व की स्थिरता में उनकी साझी जिम्मेदारी है। संघर्ष की बजाय सहयोग का रास्ता दोनों के हित में है।भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों से कोई समझौता किए बिना संवाद के द्वार खुले रखे। चीन के लिए भी यह समझना महत्वपूर्ण है कि भारत को दबाने की रणनीति कारगर नहीं होगी, बल्कि सम्मानजनक सहयोग ही दीर्घकालिक शांति और स्थिरता का मार्ग प्रशस्त करेगा। कुल मिलाकर, कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से प्रारंभ होना एक शुभ संकेत अवश्य है, लेकिन इसे संबंधों के समग्र सुधार का प्रतीक मान लेना जल्दबाजी होगी। यह यात्रा एक लंबी, कठिन और ऊबड़-खाबड़ राह की शुरुआत मात्र है। जिस प्रकार कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील तक पहुँचने के लिए तीर्थयात्रियों को अनेक कठिनाइयों और प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ता है, उसी प्रकार भारत और चीन के बीच स्थिर और स्वस्थ संबंधों तक पहुँचने के लिए भी कठिन प्रयासों, धैर्य और दूरदृष्टि की आवश्यकता है। इस यात्रा के हर कदम पर सतर्कता, सहनशीलता और विवेक आवश्यक होगा।

अध्यात्म

क्रोध करने वाला खुद भी जलता है और दूसरों को भी जलाता है



बुरी बातों को बार-बार याद करने से हमारी परेशानियां बढ़ती हैं, मन अशांत होता है। इसीलिए दुख देने वाली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिए। इस संबंध में गौतम बुद्ध का एक प्रसंग प्रचलित है... गौतम बुद्ध अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण करते और अपने शिष्यों को उपदेश देते थे। एक गांव में वे उपदेश दे रहे थे। बुद्ध ने कहा कि क्रोध ऐसी अग्नि है, जिसमें क्रोध करने वाला खुद भी जलता है और दूसरों को भी जलाता है। बुद्ध के प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां बैठे थे। उन लोगों में बहुत गुस्से वाला एक व्यक्ति भी बैठा हुआ था। उसे ये बातें पसंद नहीं आई। वह अचानक उठा और बोलने लगा कि बुद्ध तुम पाखंडी हो। बड़ी-बड़ी बातें करना ही तुम्हारा काम है। तुम लोगों को भ्रमित कर रहे हो, तुम्हारी ये बातें आज कोई मायने नहीं रखती हैं। व्यक्ति लगातार बुद्ध को अपमानजनक बातें सुना रहा था। वहां बैठे सभी लोग ये देखकर हैरान थे कि बुद्ध ये सब शांति से सुन रहे थे, लेकिन कुछ बोल नहीं रहे थे। क्रोधी व्यक्ति बुद्ध को शांत देखकर और ज्यादा क्रोधित हो गया। वह बुद्ध के पास गया और उनके मुंह पर थूककर वहां से चला गया। घर पहुंचकर क्रोधी व्यक्ति का मन शांत हुआ तो उसे अपने किए पर बहुत पछतावा हुआ। वह बुद्ध से क्षमा मांगने पहुंचा, लेकिन उस गांव से बुद्ध पड़ोस के गांव के लिए निकल चुके थे। वह व्यक्ति बुद्ध को खोजते हुए दूसरे गांव में पहुंच गया। वहां व्यक्ति को जैसे ही बुद्ध दिखाई दिए, वह उनके चरणों में गिर गया और क्षमा मांगने लगा। बुद्ध ने उस व्यक्ति से पूछा तुम कौन हो और क्षमा क्यों मांग रहे हो? उस व्यक्ति ने कहा क्या आप भूल गए? मैंने कल आपके साथ बुरा व्यवहार किया था। आपका अपमान किया था। बुद्ध ने कहा बीता हुआ कल मैं वहीं छोड़ आया हूं और तुम अभी भी वहीं रुके हुए हो। तुम्हें गलती पर पछतावा है, तुमने पश्चाताप कर लिया। अब तुम निष्पाप हो गए हो। बुरी बातें याद करते रहने से हमारा आज बर्बाद हो जाता है। इस आदत की वजह से भविष्य भी बिगड़ सकता है। इसीलिए बीते हुए कल की बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिए।

पहाड़ों में आपदाएं बढ़ीं, सुधारना होगा प्रबंधन

स्वीडिश रेडक्रास सोसाईटी' ने आठवें दशक में आपदाओं से निपटने के लिए एक मैनुअल तैयार किया था। 'प्रिवेंशन इज बैटर देन केयर' शीर्षक के इस मैनुअत का बाद में 'इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी' ने हिन्दी में अनुवाद भी किया था। इस मैनुअल में उस दौर में दुनियाभर में आपदा प्रबंधन को लेकर किए जा रहे छोटे-छोटे प्रयासों को समझने की कोशिश की गई थी और उसके आधार पर आपदा प्रबंधन के लिए एक रास्ता सुझाया गया था। मूल पुस्तक में दुनियाभर के महत्वपूर्ण उदाहरणों के साथ भारत में हो रहे कार्यो का भी जिक्र था, जिसमें 1970 की अलकनन्दा की बाढ़ के बाद 'चिपको आंदोलन' की मातृ-संस्था 'दशोली ग्राम स्वराज्य मण्डल' द्वारा किए गए प्रयासों पर एक पूरा खंड था। राहत और बचाव के साथ-साथ प्राकृतिक घटना आपदा में तब्दील न हो, इसके लिए इस संगठन के द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख इस पुस्तक में किया गया था।

ओम प्रकाश भट्ट

आज इस पुस्तक के प्रकाशन के लगभग पचास साल बाद का परिदृश्य देखें तो आपदाओं का सातत्य और तीव्रता बढ़ती जा रही है। देश में राहत और बचाव का तंत्र पहले की अपेक्षा काफी मजबूत हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर पहले आपदा प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारियों के निर्वहन का कार्य 'केन्द्रीय कृषि मंत्रालय' के अधीन था, वह अब गृह-मंत्रालय के आधीन आ गया है। आपदा-प्रबधंन के लिए कानून बनाया जा चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर और हर राज्य में अलग-अलग 'आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' की स्थापना हो चुकी है।

अधिकतर राज्यों में जिला-स्तर पर 'आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' गठित है जिनके द्वारा सालभर गतिविधियां संचालित की जाती हैं। 'राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष' (एनडीआरएफ) और 'राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष' (एसडीआरएफ) जैसी विशेषज्ञता वाले संगठन राहत एवं बचाव के लिए तैयार किए गए हैं। हाल के वर्षो में जिलास्तर पर भी जिला 'आपदा प्रतिक्रिया कोष' (डीडीआरएफ) बनाए जा रहे हैं।

इस सबका फायदा दिखने भी लगा है। राहत एवं बचाव में अब बेहतर कार्य हो रहा है। विशेषज्ञता प्राप्त दलों के प्रयासों से कम-से-कम समय में आपदा में फंसे लोगों तक पहुंच बन रही है। आपदा और विपदा में फंसे मानव-जीवन को बचाया जा रहा है। क्षति को कम-से-कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

28 फरवरी को उत्तराखण्ड के चमोली जिले के विश्वविख्यात तीर्थस्थलों में एक 'श्री बदरीनाथ धाम' के समीप हिमस्खलन (एवलांच) के कारण 'सीमा सड़क संगठन' की कंटेनरों में बनी कालोनी के धराशायी होने की दुर्घटना में राहत और बचाव में आपदा प्रबंधन की तंत्र की भूमिका पहले से बेहतर दिखी, लेकिन आपदा प्रबंधन का प्राथमिक ज्ञान जहां से शुरू होती है उसमें हमारा तंत्र फिर से असफल दिखा।

सटीक सूचनाओं और चेतावनी के बाद भी हम इस दुर्घटना को टालने में असफल रहे। देश के पूर्वी ओर पश्चिमी तटों पर इन मौसमी पूर्वानुमानों से क्षति को कम किया जा रहा है और जीवन का नुकसान न्यूनतम हो रहा है। मौसम और उच्च हिमालय की इन सामान्य गतिविधियों को लेकर अब बेहतर पूर्वानुमान और सूचनाएं मिल रही हैं। बदरीनाथ की घटना से कुछ दिन पहले 'मौसम विज्ञान केन्द्र, देहरादून' और सेना के मौसम विज्ञानियों की ओर से हिमस्खलन को लेकर पूर्वानुमान जारी किए गए थे। 27 और 28 फरवरी के लिए चेतावनी सटीक थी। इस चेतावनी को 'मौसम विज्ञान केन्द्र' के आपदा प्रबंधन तंत्र से साझा किया गया था और उसके अनुसार कार्य करने के सुझाव दिए थे। इसके बाद भी बदरीनाथ जैसे सहज पहुंच और सुविधाओं से लैस इलाके में असावधानी से हिमस्खलन-जनित आपदा हो जाना तंत्र की कमजोरियों की



ओर इशारा करता है।

'स्वीडिश रेडक्रास' का नीति-वाक्य 'राहत से बेहतर रोकथाम' बदरीनाथ में कहीं नहीं दिखा। जिस स्थान पर यह दुर्घटना घटित हुई वह इलाका हिमस्खलन की दृष्टि से अतिसंवेदनशील स्थानों में से एक है। भारी बर्फबारी के दौरान हिमस्खलन के सामने श्रमिकों को छोड़ा जाना एक बड़ी चूक की ओर इशारा करता है।

भट्टजी कहते हैं - बदरीनाथपुरी हिमस्खलन की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है और एक-दो दशक में यहां बड़े हिमस्खलन होते रहते हैं, लेकिन अधिकतर जगह नुकसान होता रहा है। बदरीनाथ मंदिर चोटी पर स्थित कौवे की चोंचनुमा उभार से हिमस्खलन से हमेशा सुरक्षित रहा है। यहां के पुराने गांव भी इस दृष्टि से कम खतरे वाले स्थानों पर बसाए गए हैं। भट्टजी कहते हैं कि अब हम अधूरी जानकारियों के आधार पर इन इलाकों के निर्माण में जुटे हैं जिससे इस तरह की प्राकृतिक घटनाओं को आपदा बनाने में सहयोग मिलता है।

माणा और नीती घाटी में चार साल के अंतराल में हिमस्खलन की दो बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, जबकि इन दोनों घाटियों के ऊपरी क्षेत्रों में सदियों से मानव बसाहट रही है। एक दर्जन से अधिक छोटे-बड़े गांव यहां हैं। कुछ घटनाओं को छोड़कर बड़ी दुर्घटनाओं का कोई इतिहास न होने के पीछे वजह रही है कि लोगों ने मौसम के अनुरूप अपनी जीवनशैली बना ली थी। इन गांवों के लोग गर्मियों में ही यहां रहते थे, सर्दियों में निचली घाटियों में चले जाते थे।

सर्दियों के अनुभव से गांव ऐसे स्थानों पर बनाए गए थे जहां हिमस्खलन का खतरा न्यूनतम रहता था। माणा गांव का ही उदाहरण लें तो यहां आज भी जो मकान बने हैं उनमें कई मकानों की उम्र सौ से दो सौ साल होगी। परिवेश के हिसाब से मकान बने हैं जिसमें स्थानीय सामग्री और स्थानीय जरूरत को प्राथमिकता दी गई है।

सुरक्षा के लिए सीमा तक बेहतर परिवहन और संचार की जरूरतें होती हैं, लेकिन इसके लिए वहां तैनात श्रमिकों की सुरक्षा को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। 2021 में 'सुमना हिमस्खलन' से सबक सीखा होता तो फिर से बदरीनाथ में आठ श्रमिकों को जान नहीं गंवानी पड़ती। सीमा की सुरक्षा के लिए बारह महीने सीमा क्षेत्र में सेना तैनात रहती है। इनके शीतकालीन आवास हिमस्खलन के खतरे को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं। श्रमिकों के लिए भी इसी तरह के मापदण्ड होने चाहिए जिससे प्रतिकूल मौसम में सेना और अर्धसैनिक बलों के आवागमन को सरल बनाने वालों की सुरक्षा रखी जा सके।

इन घटनाओं के बाद यह तो तय किया ही जाना चाहिए कि उच्च हिमालय में शीतकाल में होने वाली निर्माण गतिविधियों का नियमन होना चाहिए। बहुत जरूरी होने पर शीतकाल में उन इलाकों में निर्माण गतिविधियां संचालित की जानी चाहिए और मौसमी हलचलों से वहां कार्यरत मानव-जीवन की सुरक्षा पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाना चाहिए। (सप्रेस)

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आज निर्जलीकरण जैसी समस्या हो सकती है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता रहेगी। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें।

वृषभ

आपकी संवादशैली से लोग आकर्षित रहेंगे। मन में नये रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। आप काफी अच्छा महसूस करेंगे।

मिथुन

नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। अनावश्यक कार्यों में अधिक समय व्यर्थ न करें। लेन-देन में चूक होने की आशंका है।

कर्क

आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। धन को लेकर कुछ परेशानी महसूस हो सकती है।

सिंह

घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सबके निशाने पर आ सकते हैं। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

कन्या

कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नये सम्बन्धों के जन्म लेने की सम्भावना बन रही है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर तनाव कम रहेगा।

तुला

कारोबार को लेकर आप काफी गम्भीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल काफी अच्छा रहेगा। मित्र आपके लिये विशेष सहायक सिद्ध होंगे।

वृश्चिक

किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। युवा जन प्रेम सम्बन्धों को लेकर सावधान रहें, अफवाहें उड़ सकती हैं।

धनु

आज दिन आपके लिये शुभ नहीं है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिन्ता हो सकती है। नये कार्यों में रुकावटें आने से मन खिन्न हो सकता है। व्यवसाय में कुछ रुकावट महसूस होगी।

मकर

दाम्पत्य सम्बन्ध काफी रोमान्टिक रहेंगे। आपकी उपलब्धियों की मित्र समूह में चर्चा होगी। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। मनोरञ्जन आदि को लेकर आप विशेष रुचि लेंगे।

कुंभ

लोगों की समस्याओं को सुलझाने में आपकी भूमिका रहने वाली है। हालाँकि यदि निजी रिश्तों में कुछ समस्या आ रही है तो आपको आज बहस करने से बचना चाहिये।

मीन

पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। आज जोखिम भरा निवेश न करें। व्यापार में महत्वपूर्ण अनुबन्ध करने से आज आपको बचना चाहिये।

गृह रक्षकों की दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा को लेकर शिड्यूल तैयार

कुल 25369 आवेदन हुए हैं प्राप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। 10 मई से प्रारंभ होने वाली गृह रक्षकों की शारीरिक दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा के अवसर पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों की ब्रीफिंग पुलिस लाइन समस्तीपुर में जिलाधिकारी समस्तीपुर रोशन कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा बताया गया की कुल प्राप्त आवेदन 25369 है जिसमें 19290 पुरुष, 6078 महिला तथा एक ट्रांसजेंडर का आवेदन प्राप्त है। इसके विरुद्ध पुरुष अभ्यर्थियों के लिए कुल 15 दिन निर्धारित है जो दिनांक 10 मई, 13 मई, 14 मई,15 मई, 16 मई, 17 मई, 19 मई, 20 मई, 21 मई, 22 मई, 23 मई, 24 मई, 26 मई, 27 मई एवं 28 मई है जबकि महिला अभ्यर्थियों एवं ट्रांसजेंडर के लिए कुल 5 दिन निर्धारित हैं जो 29 मई, 30 मई, 31 मई, 2 जून एवं 3 जून है। इस प्रकार कुल 20 दिनों में इस दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा को पूर्ण किया जाना है। इसके लिए बैजवाइज शेड्यूल बना दिया गया है जिसमें कुल चार बैज हैं। फर्स्ट बैज का रिपोर्टिंग टाइम सुबह 4:00 बजे है, जबकि दूसरे बैच का सुबह 4:30 बजे, तीसरे बैच का सुबह 5:00 बजे एवं चौथे बैच का 5:30 बजे पूर्वाह्न है। तीन बैच क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय में 90-90 अभ्यर्थी हैं जबकि चौथे बैच में ग्रुप डी में 80 कैंडिडेट है। सक्षमता जांच हेतु पूरी प्रक्रिया के वरीय प्रभारी के रूप में राजेश सिंह अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को बनाया गया है जिनके दिशा-निर्देश में सभी पदाधिकारी कार्य करेंगे। मौके पर अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह, सिविल सर्जन समस्तीपुर, जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं तथा सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी गण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

स्काउट गाइडों को नशा मुक्ति अभियान से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। सामाजिक सुरक्षा कोषांग औरंगाबाद के नेतृत्व में बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड औरंगाबाद के सहयोग से जिले के 27 स्काउट गाइड को नशा मुक्ति अभियान से संबंधित प्रशिक्षण बारुण के बुनियाद केंद्र में दिया गया। जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान स्काउट गाइड को विभिन्न प्रकार के नशा से मुक्ति के लिए वर्तमान युवा पीढ़ी को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया इसके साथ ही पूरे जिला में सोशल मीडिया के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा जन जागरूकता अभियान चला कर आम जनों में नशापन करने से होने वाले शारीरिक मानसिक सामाजिक क्षति के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत स्काउट और गाइड के जिला संगठन आयुक्त स्काउट



श्रीनिवास कुमार ने स्काउट गाइड के सामाजिक क्षेत्र में उनकी भूमिका पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा विभाग के नई दिल्ली से पधारे प्रशिक्षक के द्वारा विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम का शुभारंभ बुनियाद केंद्र बारुण के प्रबंधक के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में स्काउट गाइड प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी इस विषय के बारे में जानकारी प्राप्त किया इस अवसर पर स्काउट गाइड के ज्वाला प्रकाश लव कुमार शुभम कुमार अंशु कुमारी रानी कुमारी सुबोध कुमार शिल्पा कुमारी आदि ने भाग लिया।

जल श्रमिक संघ की बैठक

नावकोठी। बिहार राज्य जल श्रमिक संघ के जिला कमिटी की बैठक हसनपुर बागर में आयोजित की गई। इसकी आध्यक्षता रामबिलास सहनी ने की। राज्य महासचिव राम बालक सहनी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार मजदूर विरोधी है। वर्षों से चली आ रही केन्द्रीय श्रम कानून में संशोधन कर मजदूरों के हक को छीनने के लिए तत्पर है। संयुक्त केन्द्रीय ट्रेड यूनियन ने श्रम अधिनियम में संशोधन के विरोध में 20 मई को आम हड़ताल की घोषणा की है।

मैं सिर्फ अपने सामाजिक दायित्व का कर रहा निर्वहन : राजू सहनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत रामचंद्रपुर अंधैल पंचायत स्थित चंदौली गांव निवासी, मृतक विशुनी सहनी के परिजनो से, उजियारपुर प्रखंड के भगवानपुर कमला गांव निवासी युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी ने मुलाकात की तथा उन्हें सांत्वना देते हुए, हजारों रुपये मूल्य का राशन, बर्तन, वस्त्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराया। इस अवसर पर मौजूद रामचंद्रपुर अंधैल पंचायत के पूर्व मुखिया उमेश सहनी ने बताया कि उनके ग्रामीण विशुनी सहनी उत्तर प्रदेश के बलिया जिला में राजमिस्त्री के साथ मजदूरी का काम करते थे। पिछले दिनों अचानक तबीयत खराब होने पर वह घर वापस आ गये। यहां उसकी तबीयत और ज्यादा खराब हो गयी। इलाज के क्रम में ही उसकी मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय समाजसेवी भाई राजू सहनी पीड़ित परिवार की अपने निजि कोष से करीब 25-30 हजार रूपए के सामान से सहायता की है। वहीं एक अन्य ग्रामीण का बताना है कि, युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी वाकई में गरीबों के मसीहा हैं।

राष्ट्रीय जनता दल का सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बक्सर। राष्ट्रीय जनता दल द्वारा सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बक्सर जिले के राजपुर विधानसभा क्षेत्र में किया गया। पार्टी द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामाजिक न्याय के विभिन्न पहलुओं पर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, विधायक सुरेंद्र राम, पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव अदीब रिज़वी, आरा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष आरती देवी और युवा राजद के प्रदेश महासचिव बेलाल खान ने प्रशिक्षक



की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपुर प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार ने की और संचालन भी उन्हीं के द्वारा किया गया। इस मौके पर बक्सर जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव, जिला प्रधान महासचिव धनपत चौधरी, पूर्व मंत्री छेदी लाल राम, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष भारती, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पूजा कुमारी, प्रदेश सचिव श्वेता यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शशि शंकर, युवा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र आज़ाद और अन्य स्थानीय नेता-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और युवा साथियों ने भी भाग लिया। वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की और भविष्य की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। राजद के इस आयोजन को स्थानीय स्तर पर काफी सक्रियता और उत्साह के साथ देखा गया, जिसे संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बिहार कलाकार पंजीकरण पोर्टल से कलाकारों व साधकों को मिलेगी विश्वव्यापी पहचान व सरकारी योजनाओं का लाभ : जूही कुमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने राज्य के प्रतिभावान कलाकारों को सशक्त बनाने, उनकी कला को विश्व व्यापी पहचान दिलाने एवं उनके प्रतिभा को नई दिशा देने के लिए एक अभिनव पहल करते हुए बिहार कलाकार पंजीकरण पोर्टल का निर्माण किया है। जिसका औपचारिक लोकार्पण 15 अप्रैल को विभागीय मंत्री द्वारा किया जा चुका है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस डिजिटल पोर्टल का उद्देश्य राज्य भर के कला के विविध विधाओं से जुड़े कलाकारों को एक साझा एवं वैश्विक मंच प्रदान करना है। जहां वे केवल अपना पंजीकरण कर



सरकारी योजनाओं, सांस्कृतिक आयोजनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं अन्य कल्याणकारी गतिविधियों से सीधे रूप से जुड़ सकेंगे। यह पोर्टल कलाकारों को वैश्विक मंच प्रदान करने के साथ-साथ अगली पीढी केलिए प्रेरणा स्रोत होगा और बिहार के सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल चित्रकला, नृत्य, संगीत, नाटक, लोककला, शास्त्रीय कला, मूर्तिकला, शिल्पकला, साहित्य, वादन, गायन, लोकनृत्य एवं अन्य पारंपरिक आधुनिक कलाओं से जुड़े कलाकारों को एकीकृत रूप से पंजीकृत कर उन्हें डिजिटल पहचान प्रदान करेगा। प्रत्येक पंजीकृत कलाकार को एक विशिष्ट यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे न केवल उनकी पहचान सुदृढ़ होगी, बल्कि सरकार को भी यह जानकारी रहेगी कि किस जिले में, किस विधा के कितने कलाकार सक्रिय है। पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पंजीकरण केलिए कलाकारों को पोर्टल पर जाकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, कला विधा, अनुभव, बैंक विवरण, एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करते हुए फॉर्म सबमिट होगा। पंजीकरण सफल होने पर उन्हें एक डिजिटल आईडी प्रदान की जाएगी। इसके पश्चात वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, योजनाओं, प्रदर्शनियों, शिविरों तथा अन्य आयोजनों में सशक्त भागीदारी के पात्र बन जाएंगे। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने सभी कलाकारों से इस पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण कर सरकार के योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है। साथ ही पंजीकरण में किसी भी तकनीकी या प्रक्रिया संबंधी समस्या के समाधान के लिए जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय समस्तीपुर से संपर्क करने की सलाह दी है।

बदमाशों ने युवक को मारी गोली, अस्पताल में चल रहा इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी सांख गांव में अपराधियों ने एक किसान को गोली मारकर घायल कर दिया है। जहां राजेश यादव को पपीते के खेत में गोली मारी गई। थाना क्षेत्र के सांख के रहने वाले उचित यादव के बेटे राजेश यादव को बदमाशों ने पपीते के बागान में गोली मार दी। घायल युवक का बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में मुफस्सिल थाने की पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस घटना के पीछे की वजहों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। लेकिन अभी तक स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ने और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि पारिवारिक विवाद में राजेश या परिजनों ने बताया है कि राजेश यादव ने अपनी पहली पत्नी की मरने के बाद दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी का पहला पति अमरजीत यादव अपराधी था और जेल चला गया था। जेल में रहने के दौरान राजेश यादव ने उससे शादी कर ली। जब अमरजीत जेल से बाहर आया तो उसने अपनी पत्नी को वापस ले लिया। अब इसी विवाद में राजेश यादव को गोली मारी गई है। पुलिस ने बताया है कि राजेश यादव और अमरजीत यादव की पूर्व पत्नी के बीच विवाद के कारण राजेश यादव को गोली मारी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

एक नजर

रिटायर्ड शिक्षक कृष्ण मोहन का निधन

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के पहसारा में अवकाश प्राप्त शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह के निधन उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शिक्षा एवं सामाजिक सरोकार के कार्यकर्ता के तैलचित्र पर लोगों ने पुष्प अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता जनार्दन प्रसाद सिंह ने कहा कि समाज में अच्छे और ईमानदार छवि के व्यक्ति के रूप में सुमार थे। उनके निधन से समाज में अच्छे व्यक्तित्व का अभाव हो गया है। युवाओं को ऐसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह जीवन पर्यंत कष्ट सहकर ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के पथ पर चलकर समाज को एक नया आयाम दिया। उनके आदर्श और मूल्यों पर चलकर गांव का विकास संभव है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा की सेवानिवृत्ति के बाद स्कूल के अध्यक्ष पद पर रहकर शैक्षणिक व्यवस्था एवं समाज को सही दिशा देने का काम किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह बुडुल, राजकिशोर प्रसाद सिंह, पैक्स अध्यक्ष रणवीर कुमार, शिवेश रंजन सिंह, नवीन सिंह, मनोज कुमार और अजय भारती आदि मौजूद थे।

जगत में एक नाम राम ही सत्य : माधवाचार्य

बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत के वार्ड नंबर 9 में द्वितीय दिवस की कथा में भगवान के 24 अवतार का वर्णन व शास्त्र का व्याख्या करते हुए पुराण का सार सिर्फ भगवान राम व कृष्ण ही है। उक्त वचन परम पूज्य अनिरुद्धा आचार्य जी महाराज के परम प्रिय शिष्य माधवाचार्य महाराज ने अपने अमृतवाणी से कहा। उन्होंने कहा ध्यान लगाने से मनुष्य भवसागर पार कर सकते हैं। भगवान के 24 अवतार का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा भगवान धर्म की स्थापना के लिए पापियों का संघार करने के लिए ही अवतार लेते हैं।

मंत्री ने पीडितों को सौंपी सहायता राशि

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मंत्री सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सह स्थानीय विधायक महेश्वर हजारी द्वारा कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुक्तापुर पंचायत के परतापुर ग्राम में पिछले दिनों अग्निकांड से पीड़ितो यथा रामवृक्ष राम, कौशल्या देवी, सीमा कुमारी, संगीता कुमारी तथा भागीरथपुर पंचायत अंतर्गत मुक्तापुर ग्राम के सरिता देवी, गायत्री देवी रीना राय एवं गीता देवी को 20000 सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इसके अतिरिक्त आपदा पीड़ित मोहम्मद सोहेल को चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याणपुर, अंचल अधिकारी कल्याणपुर, स्थानीय मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

कुख्यात राजा सहनी गिरफ्तार

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। समस्तीपुर पुलिस को एक बडी सफलता मिली जब अपहरण मामले का कुख्यात इनामी अपराधी राजा सहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सदर अंचल ने संवाददाताओं को बताया कि विगत 3 अप्रैल की शाम राजा सहनी ने कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित बासुदेवपुर निवासी सुधीर झा के नाबालिग पुत्र को पिस्तौल का भय दिखाकर अपहरण कर लिया था। जिससे संबंधित कल्याणपुर थाना मे मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुये महज 24 घण्टे के अन्दर अपहृत को सकुशल बरामद कर लिया गया था। तदुपरांत घटना में शामिल कुख्यात अपराधकर्मी राजा सहनी, पिता स्व0 रामनाथ सहनी, साकिन-शिवनन्दनपुर, थाना-कल्याणपुर, जिला-समस्तीपुर को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

चिकित्सा कर्मियो की अनुपस्थिति पर बिफरे मंत्री

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मंत्री सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सह स्थानीय विधायक महेश्वर हजारी ने गुरूवार को अनुमंडलीय अस्पताल पूसा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कुछ डॉक्टर एवं कर्मी उपस्थित नहीं थे जिस पर श्री हजारी ने नाराजगी जाहिर की एवं सिविल सर्जन को उन पर जांच करने हेतु निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त मंत्री ने बताया गया कि और अनुमंडलीय अस्पताल के भवन मरम्मती के विषय में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के क्रम में श्री हजारी ने उपस्थित सभी डॉक्टर एवं कर्मियों अपनी ड्यूटी तत्परतापूर्वक करने एवं लोकहित में कार्य करने हेतु निर्देश दिया। इसके पुर्व अस्पताल की ओर से श्री हजारी, एवं इस अवसर पर मौजूद भाजपा नेता संजय कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह का पाग, शॉल आदि से अभिनंदन किया गया। मौके पर डॉ राकेश कुमार, बीडीओ पूसा, सहित सभी चिकित्सा कर्मी मौजूद थे।

झारखंड ने बिहार को 3-1 से हराया, दिल्ली मिजोरम रहे बराबर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स नेशनल फुटबल के ग्रुप बी पुरूष वर्ग में झारखंड ने बिहार को 3-1 से रोमांचक मुकाबले में हराया। बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में बिहार और झारखंड के बीच मैच खेला गया। जिसमे बिहार ने पहले हफ में 1 गोल किया। बिहार के गोविंद शर्मा ने 11 वे मिनट पर 1 मात्र गोल किया। जबकि दूसरे हफ में बिहार की पुरुष टीम की तरफ से कोई गोल नहीं दागा गया। झारखंड की तरफ से पहले हफ में कोई गोल नहीं हुआ जबकि दूसरे हफ में उनकी टीम ने शानदार खेल खेलते हुए 3 गोल दागे। झारखंड की ओर से 47वे मिनिट पर एरियल कजूर ने पहला गोल दागा। 71 वे मिनट



पर जामदार कालुंडिया ने दूसरा गोल किया। 85 मिनट पर एक और गोल झारखंड की तरफ से प्रीत सोना ने दागा। और अपनी टीम को 3.1 से जीत दिला दी। 63 मिनट पर बिहार के खिलाड़ी .ष कुमार को और 84 वे मिनट पर एमडी सनावर को येलो कार्ड दिखाया गया। यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में ग्रुप ठ पुरुष वर्ग में मिजोरम और दिल्ली के पुरुष टीम के बीच मैच खेला गया। जहां दोनों ही टीम के बीच काफी कड़ा और रोमांच पूर्ण मुकाबला रहा। मैच में दोनों टीम बराबर पर रही। दिल्ली और मिजोरम के मैच का परिणाम 2- 2 की बराबरी पर खत्म हुआ। दिल्ली की ओर से उनके खिलाड़ियों ने मैच के पहले हफ में कुल 2 गोल दागे। दिल्ली की ओर से राज ने दूसरे और पांचवें मिनट पर दो शानदार गोल किया। दूसरे हफ में दिल्ली का कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। मैच के 53 में और 82 में मिनट पर रेफरी द्वारा दिल्ली के खिलाड़ी को येलो कार्ड दिखाया गया। दिल्ली से मुकाबला कर रही मिजोरम की टीम पहले हफ में कोई गोल नहीं कर पाई। लेकिन दूसरे हफ में मिजोरम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल दागे।69 वे मिनट पर हेनरी लालहनजोवा ने और मैच के आखिरी मिनट पर बेंजमिन ने शानदार गोल करके मिजोरम को हार से बचा लिया और मैच को टाइ कर दिया। 78 वे मिनट पर रेफरी द्वारा मिजोरम के खिलाड़ी को येलो कार्ड दिखाया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चे मैच का लुफ्त उठाते नजर आए। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का सिंबल गजसिंभा रिफाइनरी में आकर्षण का केंद्र रहा दर्शक उसके साथ सेल्फी ले रहे थे। और वह भी हाथ मिलाकर दर्शकों का अभिवादन कर रहा था। मैच देखने के लिए अच्छी संख्या में दर्शक आए थे। खेल पदाधिकारी ऐश्वर्य कश्यप, महापौर पिंकी देवी, उप महापौर अनिता राय ,पूर्व महापौर संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारियो एवं अतिथियों ने आइओसीएल ग्राउंड में खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। वही यमुना भगत स्टेडियम में अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा राकेश कुमार और अन्य पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला आफजाई किया।

थैलीसीमिया दिवस पर लोगों को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। विश्व थैलीसीमिया दिवस पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रोटरी ब्लड बैंक के सहयोग से जयमंगला वाहिनी परिवार के द्वारा थैलीसीमिया जागरूकता अभियान चलाया। जिसका उद्देश्य लोगों के बीच सही जानकारी को आदान-प्रदान करना था। विश्व थैलीसीमिया दिवस हर वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों को इस गंभीर रक्त रोग के प्रति जागरूक करना है। यह एक आनुवांशिक रक्त रोग है जो माता-पिता से बच्चों को मिलता है और इसका कारण शरीर में खून की भारी कमी होना हैं। कार्यक्रम के दौरान आगंतुक अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा उपहार में दिया गया। जयमंगला वाहिनी परिवार के रक्तदान प्रमुख सुमित कुमार ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि जिस प्रकार शादी से पूर्व कुंडली का मिलान करते है। उसी प्रकार शादी से पूर्व एचबीए- टू की जाँच जरूर करवाये और दोनों व्यक्ति का रिपोर्ट पाजिटिव आता है तो आपस मे शादी न करें। यदि दो थैलेसीमिया माइनर वाले व्यक्ति आपस में शादी करते हैं। तो उनके बच्चे को थैलेसीमिया मेजर होने की संभावना बढ़ जाती है। थैलीसीमिया मेजर को 15-20 दिनों में रक्त चढ़ाने की जरूरत होती हैं। थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों का इलाज है बोन मैरो, बोन मैरो उन्हीं बच्चों का होता है जिनका एचएलए सौ प्रतिशत मैच उनके माता-पिता या अपने भाई-बहन से हो। जयमंगला वाहिनी परिवार के उपाध्यक्ष सुजीत गुप्ता ने बताया कि जिले में 82 से ज्यादा थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चे है। जिनको हर 15-20 दिनों में रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है। उनके लिए वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करें।

बैंक लूट की घटना से व्यवसायियों में दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। शहर के काशीपुर मे बैंक ऑफ महाराष्ट्र से बुधवार को दिन दहाड़े 5 करोड़ रुपये के सोना व 15 लाख नगद लूट की बड़ी वारदात से समस्तीपुर के व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। घटना के चौबीस घंटे बीतने के बाद भी अब तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग सका है। दिनदहाड़े हुई लूट की इस घटना से व्यवसायियों के बीच दहशत का माहौल है। लोग पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि आखिर इतने व्यस्ततम जगह पर अपराधियों ने कैसे इतनी बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया। जबकि पुलिस दिन में कई बार बैंक जाकर चेकिंग करती है। इस घटना ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोलकर रख दी है। घटना की सूचना के बाद दरभंगा जोन की डीआईजी डॉ. स्वपन्ना ने भी घटनास्थल का जायजा लिया है। एसपी अशोक मिश्रा ने कहा कि घटना की जांच के लिए सदर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों को चिह्नित किया जा रहा है। जल्द ही इस घटना का खुलासा कर लिया जायेगा। बैंक कर्मियों के अनुसार बदमाश करीब 45 मिनट तक बैंक में लूटपाट की घटना को अंजाम देते रहे। लेकिन बैंक में लूट की भनक आस पास के लोंगो को भी नहीं लगी। स्थानीय लोंगो को पुलिस के आने के बाद इस घटना की जानकारी मिली कि बैंक में लूट हुई है। लोगों ने बताया कि गोली की हल्की आवाज सुनाई दी थी, लेकिन लोगों को लगा सड़क पर जा रही गाड़ी की आवाज होगी। बता दें कि बुधवार को हथियार बंद अपराधियों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 5 करोड़ रुपये के सोना व 15 लाख नगद लूट लिए। इस दौरान बदमाशों ने सभी बैंक कर्मियों व ग्राहकों को एक कमरे व बाथरूम में बंद कर दिया और सभी का मोबाइल फोन भी ले लिया ताकि पुलिस को सूचना नहीं दी जा सके। जानकारी के अनुसार सभी बदमाश वहां से अलग-अलग दिशा में निकल गये।

नागरिक सुरक्षा को लेकर किया गया मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिला अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के मॉक ड्रिल के अभ्यास के तहत जिला प्रशासन द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमे ओमर बालिका उच्च विद्यालय बिशनपूर, एमआरजेडी कालेज, सदर अस्पताल बेगूसराय एवं इंजीनियरिंग कालेज बेगूसराय में मकड्रिल का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सदर अस्पताल बेगूसराय नागरिक सुरक्षा के सदस्यों, डाक्टर, नर्स एवं अग्निशमन के कर्मी द्वारा आपदा के समय में खुद को सुरक्षित करते हुए कैसे आम नागरिकों की जान बचानी है, इसकी मकड्रिल की गई। इस नागरिक सुरक्षा अभ्यास अंतर्गत किसी भी आपातकालीन स्थिति में अपने आप को एवं दूसरों को जान को बचाने के लिए विभिन्न तरीके का अभ्यास किया गया। जिस किसी बिल्डिंग के गिरने अथवा आग लगे के उपरांत घायल लोगों को फर्स्ट एड करना एंबुलेंस बुलाते हुए एंबुलेंस तक पहुंचाना आवश्यकता अनुसार सीपीआर देना एवं फायर अग्निशमन वाहन को बुलाकर आपको बुझाने का प्रयास करने आदि संबंधित सभी क्रियायों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद नागरिक सुरक्षा के ब्लैकआउट मॉक ड्रिल के तहत संध्या में 6.58 मिनट में पूरे जिले में सायरन की बजायी गई तथा बिजली विभाग द्वारा आपूर्ति बंद कर दी गई। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस की वाहनों द्वारा सायरन बजाया गया। पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। आम लोगों द्वारा ब्लैकआउट में जिला प्रशासन को भरपूर सहयोग किया गया। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने ब्लैकआउट कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम नागरिकों के साथ-साथ पत्रकारों को भी धन्यवाद दिया तथा इस प्रकार के कार्यक्रम आने वाले दिनों में भी कराये जाने की बात कहीं। मौके पर सिविल सर्जन बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर आदि उपस्थित थे।

महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। हसनपुर बागर में आजाद महिला ग्राम संगठन एवं आस्था जीविका महिला ग्राम संगठन के बैनर तले महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। मुखिया विजय पासवान, प्रदान के गौतम गोस्वामी,मनरेगा पीओ पंकज कुमार एवं सीसी रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीओ श्री कुमार ने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, कृषि एवं रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की अग्रणी भूमिका है। संवाद का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता लाना और उन्हें उन संस्थाओं एवं अवसरों से जोड़ना है। जीविका से जुड़कर महिलाओं में जागृति आयी है। अपने अधिकार के लिए गांव में महिलाएं आगे बढ़ रहीं हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिलने से उसका लाभ बढ़ चढ़ कर लें रही हैं। सरकार भी महिलाओं को सहायता पहुंचाने में मदद कर रही है। आयोजित महिला संवाद के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, दहेज प्रथा, जीविका से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। जीविका दीदियों ने अपने-अपने अनुभव को आपस में साझा किया। प्रचार रथ द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु चलाये जा रही योजनाओं का लघु फिल्म दिखाकर लाभ लेने के तरीके को बताया गया।

शादी समारोह में जा रही पिकअप ने युवक को रौंदा, पांच घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। थाना क्षेत्र के गिधौना गांव में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने सड़क किनारे खड़े युवक को रौंदते हुए बिजली के पोल से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के महुआवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत बसवरिया गांव वार्ड संख्या-6 निवासी मदन महतो के 25 वर्षीय पुत्र हरदेव महतो के रूप में हुई है। वह गिधौना गांव में अपने एक संबंधी के यहां



शादी समारोह में भाग लेने आया था। घायलों में मृतक का चचेरा भाई लालबाबू महतो (35 वर्ष), पिंकी कुमारी (22 वर्ष), सीमा कुमारी (23 वर्ष), हरिशंकर गिरी (23 वर्ष) और दो अज्ञात शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए मोतिहारी रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, उक्त पिकअप वैन आदापुर से आर्केस्ट्रा पार्टी लेकर थाना क्षेत्र के नोनौरा गांव स्थित एक शादी समारोह में जा रही थी। रास्ते में गिधौना मिडिल स्कूल रोड के पास यह हादसा हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सैकड़ों ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पुलिस व एंबुलेंस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिले में चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम की प्रभारी डीएम ने की समीक्षा, निर्देश दिए समस्याओं के शीघ्र समाधान के

एमजीसीयू में योग पर पोस्टर प्रतियोगिता में दिखी छात्रों की रचनात्मकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के चाणक्य परिसर में योगः जीवन की श्वास विषय पर 8 मई को एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में योग के प्रति जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। इस आयोजन में विभिन्न विभागों के लगभग 30 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मकता से योग के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सपना सुगंधा ने किया, जबकि आयोजन की निगरानी डॉ. राकेश पांडेय, डॉ. अरविंद कुमार



शर्मा और डॉ. सुनील दीपक घोडके ने की।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. पवन कुमार और डॉ. मनीषा रानी द्वारा किया गया।

परिणाम इस प्रकार रहेः

प्रथम स्थानः विवेकानंद साहू (प्राणीशास्त्र विभाग)

द्वितीय स्थानः अंजलि कुमारी (रसायन शास्त्र विभाग)

संयुक्त तृतीय स्थानः ज्योत्सना गुप्ता (भौतिकी विभाग) एवं मनीषा कुमारी (जैव प्रौद्योगिकी विभाग)

विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रो. शिरीष मिश्रा ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रिंस, मनीषा, हर्षित, शिवानी, आदित्य, अंशु, हर्षिता, शुभम, आयुष सहित अन्य स्वयंसेवी छात्रों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान ब्लयोग अनप्लग्ड का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य युवाओं में योग के प्रति रुचि और जागरूकता को पुनर्जीवित करना है।

परीक्षा होगी पूरी तरह स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त : प्रभारी जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार पटना द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2022 के तहत कार्यालय परिचारी पद के लिए 11 मई 2025 (रविवार) को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया गया।

प्रभारी जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं– जिनमें 18 मोतिहारी, दो सुगौली और एक तुरकौलिया में स्थित है। इस परीक्षा में कुल 13,376 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।



परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, महिला एवं पुरुष बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल जैमर लगाए जाएंगे और सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। प्रवेश के समय कड़ी जांच (फ्रिस्किंग) की व्यवस्था भी की गई है।

परीक्षार्थियों के लिए जरूरी निर्देश : परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगा।

11:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।

परीक्षार्थी केवल चप्पल पहनकर आएंगे; जूते-मोजे वर्जित हैं।

कोई भी परीक्षार्थी पेन-पेंसिल लेकर प्रवेश नहीं करेगा; आयोग द्वारा परीक्षा कक्ष में ही बॉल पेन उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्टफोन व घड़ी पहनकर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

प्रभारी डीएम ने सभी केंद्राधीक्षकों को आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार सीट प्लान तैयार करने और केंद्र परिसर में प्रमुख स्थानों पर इसे चस्पा करने का निर्देश दिया, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निषेधाज्ञा और सुरक्षा व्यवस्था : सदर अनुमंडल पदाधिकारी को परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया गया है। भीड़ नियंत्रण और यातायात सुगम बनाए रखने के लिए ट्रैफिक डीएसपी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के दिन सभी दंडाधिकारी व पुलिस बल को सुबह 8:30 बजे तक अपने-अपने केंद्र पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। संयुक्त ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार, सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी यशवंत कुमार समेत सभी केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारी उपस्थित रहे।

प्राचार्यों पर बेबुनियाद आरोपों से आहत चंपारण के कॉलेजों में उबाल

आपात बैठक में सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित, मानहानि वाद दाखिल करने का लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। बिना साक्ष्य के प्राचार्यों पर लगाए गए गंभीर आरोपों से आहत चंपारण के अंगीभूत महाविद्यालयों में गहरा असंतोष व्याप्त है। बी.आर. अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति, कुलानुशासक और प्राचार्यों पर विधानपार्षद (एमएलसी) दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा लगाए गए कथित आरोपों के विरोध में गुरुवार को मोतिहारी स्थित मुंशी सिंह महाविद्यालय के परिसर में पूर्वी और पश्चिम चंपारण के प्राचार्यों की आपातकालीन बैठक आयोजित हुई। बैठक के पश्चात आयोजित प्रेस वार्ता में प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से कड़ा विरोध जताया और इसे उच्च शिक्षा की गरिमा पर सीधा हमला बताया। बैठक की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) रविन्द्र कुमार चौधरी, प्राचार्य, महारानी जानकी कुँवर महाविद्यालय, बेतिया ने की। उन्होंने कहा कि एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा दिनांक 2 मई 2025 को पत्रांक 305/DPS/2025 के तहत कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश चंद्र राय,



कुलानुशासक प्रो. (डॉ.) बी.एस. राय तथा समस्त अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों पर ब्लमासिक चुंगी वसूली जैसे गंभीर और निराधार आरोप लगाए गए हैं, जो न केवल प्राचार्यों की सार्वजनिक प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की समग्र छवि को भी ठेस पहुँचाते हैं। प्राचार्यों ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि विधानपरिषद के एक सम्मानित सदस्य द्वारा इस प्रकार के असत्य, असंवैधानिक और तथ्यविहीन आरोप लगाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षा व्यवस्था को राजनीति की भेंट चढ़ाने का यह प्रयास निंदनीय है और इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अपरिहार्य है। इस बैठक में सर्वसम्मति से एमएलसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और निर्णय लिया गया कि कुलपति के माध्यम से इस पूरे प्रकरण की जानकारी कुलाधिपति को भेजी जाएगी, साथ ही मानहानि का मुकदमा दायर करने हेतु कुलपति से विधिक दिशा-निर्देश प्राप्त किए जाएंगे। प्राचार्यों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस विषय पर उचित खंडन या माफी नहीं मांगी गई, तो वे शिक्षा और प्रतिष्ठा की रक्षा हेतु न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को बाध्य होंगे। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संत साह द्वारा किया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगदाहां सेवा समिति ने मनाया जश्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगदाहां सेवा समिति के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने उत्सवपूर्वक जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए, एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर अपनी खुशी साझा की और पटाखे फोड़कर उल्लास प्रकट किया। समिति के संरक्षक डॉ. कर्मात्मा पांडे ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी अड्डों को नष्ट किया है, जिससे हर भारतीय का सिर गर्व से ऊँचा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से पूरे देश में हर्ष की



लहर दौड़ गई है। समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुन्ना गिरी ने कहा कि देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऑपरेशन सिंदूर जैसा साहसिक कदम उठाया जाना आवश्यक था, और देशवासियों ने इसे पूरे समर्थन के साथ स्वीकार किया है। समिति के संरक्षक रवि नारायण राय ने कहा कि इस समय देश की अखंडता और एकता के लिए सभी जाति-धर्म के लोगों को एकजुट होकर खड़े होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर समिति के सदस्य पीयूष रंजन, वेंकटेश शर्मा, प्रमोद सिन्हा, पुटू कुमार, अमन कुमार, रमेश पंडित, रविंद्र गिरी, भागीरथ प्रसाद, अप्पू कुमार, जीशू गिरी, प्रेम प्रकाश उपाध्याय, डॉ. रमन, अंकुर राज, धर्मेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

ड्रग्स के साथ कारोबारी गिरफ्तार इनोवा कार से बड़ी खेप बरामद

आदापुर (पूर्वी चंपारण)। आदापुर पुलिस को नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। स्थानीय थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक ड्रग कारोबारी को श्यामपुर चौक के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान गम्हरिया खुर्द गांव निवासी चन्द्रशेखर महतो, पिता राजेश्वर महतो के रूप में की गई है। उसके पास से एक इनोवा कार में भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की गईं। पुलिस ने Teerscen 50 mg के 8,000 कैप्सूल, Proximo के 3,500 टैबलेट और Noophin की 108 गोलियां जब्त की हैं साथ ही एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इसके पीछे जुड़े नेटवर्क का पता लगाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है। मामला नशे के अवैध व्यापार से जुड़ा हुआ है और जल्द ही अन्य संलिप्त लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

महिला संवाद से महिलाए हुई सशक्त, 21 वें दिन तक 92 हजार महिलाओं ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। महिला संवाद कार्यक्रम के सतत संचालन के 21 वें दिन भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित अब तक 492 जीविका महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से 92,000 से अधिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया है। इन संगठनों ने महिलाओं को एकजुट कर सामूहिक निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की है और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाया है। 'महिला संवाद' ने यह सिद्ध किया है कि जब महिलाएँ संगठित होकर अपनी आवाज़ उठाती हैं, तो नीति निर्माण की प्रक्रिया अधिक समावेशी और प्रभावी हो जाती है। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ की जानकारी दी। कोइलवर प्रखंड की बीरमपुर पंचायत अंतर्गत गंगा जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य मीरा देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया, अत्यंत निर्धनता के कारण मुझे सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत लाभार्थी के रूप में चुना गया, जिससे जुड़कर मैं आजीविका चला रही हूँ। इससे मैं न केवल आत्मनिर्भर बनी हूँ, बल्कि अपने पूरे परिवार को भी मजबूत बना रही हूँ। उन्होंने आगे बताया कि उनकी बड़ी बेटी को मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना के तहत 50,000 रुपये की सहायता प्राप्त हुई, जिससे उसने आगे की पढ़ाई की और अब बिहार सरकार की महिला आरक्षण नीति का लाभ लेकर बिहार पुलिस में दरोगा के पद पर चयनित हुई है। उनकी दूसरी बेटी बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से 4 लाख रुपये का ऋण लेकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है।

कार्यकर्ता समन्वय बैठक के आयोजन की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिला जनता दल यूनाइटेड की एक अहम बैठक शुक्रवार को मोतिहारी सर्किट हाउस स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिलाध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 मई को होने वाली जदयू कार्यकर्ता समन्वय वर्चुअल बैठक की तैयारी और उसकी सफलता को लेकर रणनीति बनाना था। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मुख्य संगठन के साथ समन्वय बनाते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी पार्टी की शक्ति है, और आगामी वर्चुअल बैठक में यह शक्ति और प्रतिबद्धता साफ दिखनी चाहिए। बैठक के दौरान बिहार प्रदेश जदयू की राजनीतिक सलाहकार समिति के नवनियुक्त सदस्यों– ब्रजेश श्रीवास्तव, विशाल कुमार शाह, जन्मेजय कुमार पटेल (सरपंच), सचिन्द्र कुशवाहा एवं वसीम अहमद खान– को जिलाध्यक्ष मंजू देवी एवं जिला संगठन प्रभारी सुबोध कुमार सिंह ने फूलमाला पहनाकर व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक में कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति



रही। इनमें प्रमुख रूप से–पूर्व विधान पार्षद सतीश कुमार, वरिष्ठ नेता दीपक पटेल (अधिवक्ता), राजकिशोर ठाकुर, भरत पटेल, दिव्यांशु भारद्वाज, अमरेन्द्र सिंह, जिला प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल (सरपंच), संजीव श्रीवास्तव, कुणाल कुमार पटेल, सगीर अहमद, ब्यास प्रसाद सिंह, शकील अंसारी, सुनील भूषण ठाकुर, खुर्शीद अजीज, बबन कुशवाहा, बिनोद कुमार यादव, प्रकाश चौधरी, कुणाल सिंह पटेल, शोभा सिंह, संजय मोदी, अभिषेक प्रकाश रजक, ई. श्यामाकांत कुशवाहा, बृजमोहन गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार पटेल, जितेन्द्र चौधरी, इशरत जहां, अमरनाथ प्रसाद, कौशल किशोर सिंह, कबीर पटेल, धीरज चन्द्रवंशी, बद्री पासवान, सुदामा बैठा एवं विवेक राज आदि शामिल रहे।

रिंकू देवी हत्याकांड के दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)। पुलिस ने पकड़ीदयाल नगर परिषद के वार्ड संख्या 5 स्थित मकई के खेत में 5 अप्रैल को हुई रिंकू देवी की जघन्य हत्या का सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहिबुल्लाह अंसारी ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मृतका की मां चंद्रज्योतिया देवी, निवासी मधुरापुर (फ़ेनहारा), ने अपनी पुत्री की हत्या को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह खुलासा हुआ कि घटना की रात यानी 3 अप्रैल को मृतका के सगे चचेरे देवर शत्रुघ्न राम (पिता- रामदेव राम, निवासी पकड़ीदयाल) ने फोन कर रिंकू देवी को मकई के खेत में बुलाया, जहां पहले से मौजूद अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह सुबह चार बजे घटनास्थल से भागकर अपने ससुराल खजुरिया चला गया। गिरफ्तारी के समय उसके शरीर और कपड़े पर मिट्टी लगी थी और चेहरे व गर्दन पर नाखून के निशान भी पाए गए। पूछताछ में शत्रुघ्न राम ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसकी निशानदेही पर उसके साथी जानी महतो (पिता- रामचंद्र महतो, निवासी पकड़ीदयाल) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और आरोपी द्वारा घटना के समय पहना गया कपड़ा भी बरामद कर लिया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ मोहिबुल्लाह अंसारी के साथ थानाध्यक्ष राजीव रंजन, पुअनि चंदन कुमार, अंजू कुमारी, स्वाती कुमारी, हेमशंकर यादव और सुधीर कुमार ठाकुर समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

71 जोड़ी वर-वधू का सामूहिक विवाह आज, तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चकिया(पूर्वी चम्पारण)। नगर में शुक्रवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 71 जोड़े वर-वधुओं का भव्य सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन समिति की ओर से गुरुवार को स्थल पर आयोजित बैठक में बताया गया कि पहले 51 जोड़ों का विवाह तय था, लेकिन आम जनमानस की मांग पर 20 और जोड़े जोड़े गए हैं। समारोह में 71 घोड़ों के साथ गाजे-बाजे की धुन पर बारात नगर के निर्धारित मार्गों से होते हुए विवाह स्थल

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(सूचना)/669 दिनांक: 07.05.2025. मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: ई एल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3443; कार्य का नाम:** बैण्डेल-अजीमगंज शाखा में सभी रेलवे परिसरों में 100% ऊर्जा कुशल एलईडी लैंपों में रूपांतरण; **निविदा मूल्य :** रु. 1,89,55,028.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा) :** रु. 2,44,800; **समापन अवधि :** 270 दिन; **समापन तिथि एवं समय :** 29.05.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण नोटिस में उल्लिखित समापन तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ निविदा की समापन तिथि एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

(HWH-78/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

सं. केपीए/ईजी/जीईएम/2025/बी/6201220 दिनांक 06.05.2025 उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (जी), पूर्वी रेलवे कारखाना, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पी.ओ.-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पश्चिम बंगाल) उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / जी / केपीए के अधिकार क्षेत्र में "शॉप 35/केपीए के हालिसहर कॉलोनी सबस्टेशन के अंतर्गत रेलवे क्वार्टर, स्वास्थ्य इकाई, रेलवे स्कूल, सरकारी भवन, रेलवे संस्थानों सहित सबस्टेशन, स्टॉल, सबमर्सिबल पंप आदि की विभिन्न विद्युत परिसंपत्तियों सहित विद्युत ऊर्जा आपूर्ति के संचालन, रखरखाव एवं ब्रेकडाउन सुधार के लिए परिणाम एवं गतिविधि आधारित आउटसोर्सिंग" कार्य के लिए जीईएम कस्टम बिड सेवा को आमंत्रित करता है। **बोली सं. जीईएम / 2025 / बी / 6201220 दिनांक 06.05.2025; ईएमडी मूल्य:** रु. 2,22,750.00; **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु. 1,45,49,757.75 जिसमें जीएसटी एवं अन्य सभी कर/प्रभार शामिल हैं; **बोली बंद होने की तिथि और समय:** 29.05.2025 को 14:00 बजे। **अनुबंध अवधि:** 03 वर्ष (1095 दिन)। जीईएम कस्टम बिड सेवा बीआईडी दस्तावेज जीईएम साइट (सरकारी ई-मार्केटप्लेस यानी जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in)** पर उपलब्ध होंगे एवं दरें ऑनलाइन उद्धृत की जानी हैं और जीईएम पोर्टल यानी **https://gem.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जानी हैं।

(MISC-55/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

महिलाओं की भागीदारी से ही सफल होगा महत्वाकांक्षी अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिले में संचालित महिला संवाद कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे, सदर एसडीओ श्वेता भारती, जीविका सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, कल्याण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी ने अब तक की प्रगति पर संतोष जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि महिला संवाद कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा उठाई गई मांगों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो मामले नीतिगत हैं और जिन पर निर्णय



राज्य सरकार के स्तर से होना है, उनकी सूची बनाकर संबंधित विभाग को भेजी जाए, जबकि स्थानीय स्तर पर निपटाए जा सकने वाले सभी मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए संबंधित वेबसाइट पर रिपोर्ट अपलोड की जाए। प्रभारी डीएम ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को महिला संवाद कार्यक्रम से जुड़ी पोर्टल की लॉगिन आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराई जा चुकी है। मौके पर उपस्थित आईटी प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि अधिकारियों को पोर्टल के संचालन, डेटा डाउनलोड-अपलोड आदि के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। उप विकास आयुक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जो सीधे ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि आयोजनों में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो और उनकी समस्याओं का समाधान सौ प्रतिशत हो सके। इसके लिए सभी विभागों को चाहिए कि वे अपनी-अपनी इकाइयों में एक कार्यदल गठित करें, जो कार्यक्रम की मॉनिटरिंग और फॉलोअप सुनिश्चित करे। यह कार्य मिशन मोड में करना है, अतः सभी विभागीय अधिकारी इसकी पूर्ण तैयारी रखें। बैठक में डॉ. आंबेडकर समग्र विकास कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई और अधिकारियों को दोनों अभियानों को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शादी के मंडप से दूल्हा हुआ फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बनकटवा (पूर्वी चंपारण)। प्रखंड क्षेत्र के निमोईया गांव में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब शादी के मंडप से दूल्हा सिंदूरदान से ठीक पहले फरार हो गया। जोलगावा गांव से आई बारात के साथ शादी की सभी रस्में पूरी की जा चुकी थीं। माहौल खुशियों से भरा था, तभी दूल्हा शौच का बहाना बनाकर मंडप से निकला और फिर लौटकर नहीं आया। लड़की के पिता हरिंद्र महतो ने बताया कि उनकी पुत्री की शादी जोलगावा निवासी रमेश महतो के पुत्र अनोज कुमार से तय हुई थी। शादी में लाखों रुपये खर्च किए गए थे। बारात समय पर पहुंची और रस्में भी निभाई गईं, लेकिन सिंदूरदान से ठीक पहले दूल्हा फरार हो गया। घटना की सूचना स्थानीय सरपंच रामनरेश यादव को दी गई। गुरुवार को वधु पक्ष ने लड़के को पकड़कर वापस गांव लाया। पंचायत में पूछताछ के दौरान लड़के ने अपने पैर में दर्द का हवाला देते हुए मंडप से जाने की बात कही और बताया कि वह पहले भी इसका इलाज करा चुका है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो युवक का किसी अन्य लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था।

पिकअप की ठोकर से अधेड़ की मौत

आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बेकाबू पिकअप ने एक आइसक्रीम बेचने वाले अधेड़ व्यक्ति को टक्कर मार दिया जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना अंबा नबीनगर रोड में कुटुंबा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के पास की है। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के ही जगदीशपुर गांव निवासी 50 वर्षीय गोविंद पासवान के रूप में की गई। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया है। इससे यातायात प्रभावित हो गया। बताया जाता हैं कि मृतक कुटुंबा के निशुनपुर गांव स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री से आइसक्रीम लेकर बिक्री के लिए अंबा की ओर जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहा पिकअप बेकाबू हो गया और मोपेड में धक्का मारते हुए सड़क किनारे खाई में जा गिरा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर



अस्पताल में चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। बता दें कि मृतक अत्यंत ही गरीब परिवार से था। वह किसी तरह आइसक्रीम बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई।

पिकअप पर लदा था शादी का सामान :

जिस पिकअप से दुर्घटना हुई है, उस पर शादी का सामान लदा हुआ था। पिकअप वाहन झारखंड के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत पोलडीह गांव निवासी श्यामलाल की है। बीती रात उसकी बेटे की शादी थी। शादी में उपहार स्वरूप मिला पलंग, सोफा, गोदरेज और अन्य सामान उस पर लोड है। स्थानीय लोगों की माने तो पिकअप चालक को झपकी आ गई थी जिसके कारण दुर्घटना हुई। घटना के बाद चालक गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने सड़क जाम कर आवाजाही बाधित कर दिया। लगभग 1 घंटे तक सड़क जाम रहा। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना मिलते ही कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह व अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को समझा-बूझाकर शांत कराया। मुआवजा दिलाया जाने में सहयोग करने की बात पर आक्रोशित लोग शांत हुए। सड़क जाम हटाकर आवाजाही शुरू करायी गयी। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा।

राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से कार्य प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। अंचल कार्यालय हसपुरा में कार्यरत राजस्व कर्मचारी 7 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे जाति, आवासीय, आय, राजस्व भूमि सबंधी कार्य के अलावा अन्य कार्य प्रभावित हो गया है। जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। राजस्व कर्मचारियों में सुमित कुमार, विनय कुमार, विवेक देव एवं अभिषेक कुमार ने कहा कि इसके पहले मार्च में राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर गए तो सरकार मांगों के साथ समझौता किया था और लागू करने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक लागू नहीं हुआ। मांगों में गृह जिला में पदस्थापित करने, 2800 का ग्रेड पे, यात्रा भत्ता मुख्य रूप से शामिल हैं।

प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड 20 सूत्री क्रिन्यावयन समिति के कार्यालय का उद्घाटन दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार ने फिता काट कर किया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बुके देकर आगुंतक अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना एवं उपाध्यक्ष चन्द्रेश पटेल ने कार्यालय के उद्घाटन में दाउदनगर के एसडीओ के शामिल होने पर आभार व्यक्त किया साथ ही कहा की अधिकारियों के साथ समन्यवय बनाकर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ उचित मार्गदर्शन करेंगे। वहीं सदस्य जयकृष्ण पटेल, कौशलेंद्र कुमार, श्रीकांत कुमार वर्मा एवं पूनम कुमारी ने कहा कि प्रखंड के अंदर सरकारी योजनाओं का मॉनेटरिंग में बीस सूत्री सदस्यों का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मरमेदारी मिली है उसे ईमादारी से निभाएंगे। एसडीओ मनोज कुमार ने सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त करने के बाद कहा कि विकास योजनाओं में आप सबों के सहयोग से गांव के अंतिम बसावट तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में मदद मिलेगा। वही जो भी समस्या आएगी उसे मिल बैठकर हल करेंगे। वही बीडीओ प्रदीप कुमार ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए जानकारी दिया की नवगठित कमिटी की पहली बैठक 16 मई को तय किया गया है। बैठक की सूचना के लिए चिठ्ठी तैयार करने का निर्देश दिया जा चुका है। बैठक प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में 11 बजे होगी। उद्घघाटन समारोह में अमन कुशवाहा, ललन पंडित, राधिका सोनी, डॉ. फैज अहमद, रविशंकर शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, अभय सिंह, गुड्डु पासवान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

झोपड़ी में लगी आग से महिला झुलसी, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोईलवर (भोजपुर)। थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव स्थित एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से महिला समेत एक पशु झुलस गया। आग कैसे लगा इसका खुलासा नही हो सका है। ग्रामीणों के द्वारा अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में झुलसी महिला धर्मपुर गांव निवासी शिवबली प्रसाद की पत्नी कांति देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर ले जाया गया। जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया है। अगलगी की घटना की जानकारी देते हुए महिला के पुत्र ओम नाथ ने बताया



कि पिताजी घर पर नहीं थे। मां घर में सोई हुई थी और बगल में गाय बंधी थी। अचानक आग लगने से घर में रखा 3000 रू. नगद तथा अनाज व कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस तथा कोईलवर थाना पुलिस आग लगी की घटना की जांच में जुट गई।

अलग-अलग मामलों में चार को जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा थाना क्षेत्र के भतनविगहा गांव से एनबीडब्ल्यू वारंटी अयोध्या राजवंशी, बहादुरविगहा के महेंद्र यादव एवं पशु क्रूरता के मामले में हमजापुर आमस थाना के इमामगंज मोड़ निवासी रेजाउल हसन खां एवं बांका जिला बसपीरा थाना गांव निवासी शंभू राम को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि 38 जानवर वाहन में लाद कर रेजाउल हसन व शंभू राम पचरूखिया से बाहर ले जा रहा था। उसके खिलाफ पशु क्रूरता धारा के तहत मामला दर्ज किया गया और पशुओं को देवकुंड पशु गौशाला गृह में भेज दिया गया।

विवाद ने लिया हिंसक रूप, जमकर चले ईंट- पत्थर, कई घायल

घर के बाहर लगे वाहनों पर भी लोगों ने किया पथराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गोह (औरंगाबाद)। गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव में पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों की ओर से जमकर पथराव किया गया, साथ ही एक घर के सामने लगे वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पत्थरबाजी की घटना में गांव के ही अनिल कुमार सिंह और राजेश वर्मा के पुत्र नीरज कुमार घायल हो गए जिसे पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र लाकर इलाज कराया। अनिल सिंह की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना में पूर्व पैक्स अध्यक्ष विनय सिंह को भी हल्की चोटें लगी है। लोगों ने उनके



घर के पास खड़ी स्कॉर्पियो, पिकअप वैन, बाइक एवं खिड़कियों के कांच एवं फर्नीचर को क्षतिग्रस्त कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि विनय कुमार सिंह के बयान पर गुरुवार को कांड संख्या 153/25 दर्ज किया गया है जिसमें धर्मजीत कुमार सहित 22 लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा भी आवेदन दिया गया है। पुलिस घटना के छानबीन के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। तनाव को देखते हुए फिलहाल गांव में पुलिस कैंप कर रही है।

चोरों ने की सेंधमारी




रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। प्रखंड के बदोपुर गांव में राजेश कुमार की पत्नी रेखा कुमारी के घर में चोरी के मामले में रेखा कुमारी ने रफीगंज थाने में आवेदन देते हुए यह उल्लेख किया है की सोमवार को पूरे परिवार शादी समारोह में चले गए थे वहां से वापस लौटने पर देखा कि घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। जिले के संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव के समीप नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाइवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें संजीत कुमार ओझा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक फुलाड़ी गांव निवासी रविंद्र ओझा का पुत्र था। बताया जा रहा है कि मृतक संजीत कुमार ओझा अपने घर से शौच करने के लिए घर से निकला था। जब वह सड़क पार करने लगा तो तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद ग्रामीण उग्र हो गये



और सड़क जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। सड़क जाम की सूचना पर संदेश थानाध्यक्ष संतोष कुमार घटनास्थल पहुचे। बुधवार देर रात तक किसी तरह लोगों को समझा- बुझाकर जाम हटवाया गया। उसके बाद शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेजा। घटना बाद से मृतक के परिजनों में मातम का माहौल है।

संगठन की मजबूती पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। छात्र राजद के जिला कार्यकारिणी की बैठक शहर के सिन्हा कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी जिलाध्यक्ष चंदन कुमार एवं संचालन छात्र राजद उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने किया। प्रभारी जिलाध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि बैठक का उद्देश्य प्रदेश में होने वाले चुनाव के मद्देनजर किया गया है। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी की तैयारियों पर चर्चा की गईं। साथ ही संगठन के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है, कार्यकर्ताओं के आधार पर ही संगठन का बुनियाद टिका है। बैठक में पहलगाम घटना के बाद भारत- पाकिस्तान विवाद पर चर्चा किया गया। छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की साथ ही देश की एकता और अखंडता पर जोर दिया। कहा कि तमाम राजनीतिक दलों को एकजुट होकर राष्ट्र हित में खड़ा रहना चाहिए। इस दौरान अंकित कुमार, कॉलेज अध्यक्ष अभिषेक प्रताप यादव, सुर्जन कुमार, विकास कुमार, सुशील कुमार, दीपक कुमार, रवि कुमार, चंदन कुमार चंद्र, फहज अंसारी, हामिद अंसारी, रिंकू शर्मा, विवेक सिंह, सतेंद्र कुमार, नीरज कुमार, जितेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज भदवा औरंगाबाद पथ के भदवा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में कासमा थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी स्व कुलदीप यादव के 23 वर्षीय पुत्र रवि रंजन कुमार की मौत हो गयी, जबकि इनकी पत्नी पूजा कुमारी घायल हो गयी। इसी मामले में नदौरा पंचायत की मुखिया सोबिन्द रजक ने बताया कि 9 बजे के करीब अपने गांव से पत्नी के साथ भदवा के रास्ते से औरंगाबाद परीक्षा दिलाने बाइक से जा रहे थे, तभी भदवा गांव के समीप सामने से आ रही अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गए। दोनों घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल में स्थानीय लोगों द्वारा भेजा गया। रवि रंजन कुमार की स्थिति खराब होने पर गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया, लेकिन गया जाने से पहले ही शेरघाटी के निजी अस्पताल में रवि रंजन कुमार ने दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी का हाथ टूट गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना में शव लेकर परिजन पहुचे कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सचिव ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने अपने प्रकोष्ठ में तैयारियों तथा अद्यतन स्थिति को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। इस बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चन्द्रा, न्यायकर्ता शोभित सौरभ, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शुभंकर शुक्ला के साथ अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से कहा गया कि लोक अदालत के लिए महज दो ही दिन शेष है, इसलिए अपने न्यायालय से संबधित सुलहनीय वादों को जिसे आपके न्यायालय द्वारा निस्तारित कराने हेतु चिन्हित किया गया है। उस पर विषेश ध्यान देते हुए कार्रवाई करें, साथ ही अगर आवश्यकता हो तो समय रहते संबधित पक्षकारों से प्री-काउन्सलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन हेतु तत्पर रहे। विदित हो कि 10 मई 2025 को आयोजित होनेवाले लोक अदालत को लेकर प्राधिकार द्वारा वृहत रूप से तैयारी की जा रही है। सचिव द्वारा कहा गया कि लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें संबधित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील किया गया गया कि 10 मई 2025 को आयोजित लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

लगातार 114वें दिन भी जारी रहा धरना- प्रदर्शन

रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों का धरना लगातार 114 वें दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता एवं संचालन लड्डू खान ने किया। लड्डू खान ने बताया कि उत्तर कोयल नहर के कुट-कुट डैम में फाटक लगाने, आगरा कोटवारा एवं चयन नवादा शाखा के अधूरे कार्य को पूरा करने को लेकर अनिश्चितकालीन महाधरना का आयोजन रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में विगत 15 जनवरी से किया गया है। जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हम लोगों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। सिकंदर यादव ने कहा कि किसानों की मांग को लेकर यह धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। संबंधित पदाधिकारी या फिर कोई नेता हम लोगों की बातों को सुनने वाला नहीं है, अभी तक कहीं से कोई आश्वासन भी नहीं मिला है। जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि हम लोगों की उम्मीद है कि धरना प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार तक हम लोगों की बातें पहुंचेगी।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, औरंगाबाद
निविदा आमंत्रण संख्या–02/2025–26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिला के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अस्थायी कैम्पों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हेतु 05 के0भी0, 10 के0भी0, 15 के0भी0, 20 के0भी0 एवं 30 के0भी0 साईलेन्ट व नन साईलेन्ट जेनरेटर सेटों को भाड़े पर वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो निम्न प्रकार है:–

जो कोई भी निबंधित फर्म या पार्टी क्रेडिट पर प्रतिदिन की दर से जेनरेटर सेट आपूर्ति करना चाहते है वे अपना निविदा सीलबंद लिफाफे में भरकर अधोहस्ताक्षरी के उपस्कर शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद कार्यालय में दिनांक–23.05.2025 समय– 04:00.बजे अप० तक कार्यालय अवधि में निम्नांकित शर्तो के साथ जमा कर दें।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि–23.05.2025 समय–04:00 बजे अपराह्न तक निविदा खोलने की तिथि–24.05.2025 समय–11:00 बजे पूर्वाह्न।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक,
औरंगाबाद

PR- 002815 (Police) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

श्रम संसाधन विभाग
प्राचार्य का कार्यालय :
राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद

आम सूचना
(अल्पकालीन)

जिले के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में सत्र 2025–27 के लिए नामाकंन हेतु प्रवेशिका परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले इक्षुछक छात्र/छात्राए 18 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं इस आशय अभ्यार्थियो की शौक्षणिक योग्यता के रूप में दसवी/मैट्रीक पास होना अनिवार्य है। यह परीक्षा राज्य कौशल विकास मिशन के अंतर्गत किया जा रहा हैं। राजकीय महिला औ० प्र० संस्थान औरंगाबाद के प्रभारी प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार के द्वारा बताया गया हैं कि आईटीआई के विभिन्न ट्रेड/व्यवसायों में नामांकन के लिए अभयाथियों को सर्वप्रथम लिखित प्रवेश परीक्षा में सफल होने के उपरांत अभयार्थियों द्वारा प्राप्त मेरिट क्रमांक के अनुसार संस्थान में सीट आवंटित किया जायगा। आवेदन करने के लिए सरकार के बेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर जाकर आनलाईन फॉर्म भरना होगा। आवेदन शुल्क के समान्य तथा पिछडा वर्ग के लिए 750 रू० निधारित किया गया हैं जबकि अनु० जाति, अनु० जनजाति तथा महिला अभयार्थियों के लिए मात्र 100 रू० निधारित किया गया है। जिला के महिला अभ्यार्थियों के लिए अलग से महिला आई०टी०आई० रभान विगहा, औरंगाबाद में संचालित हैं जिसमें महिला अभ्यार्थियों के लिए 92 सीटें अलग से आवंटित हैं जिसमें व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन में 20 इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक में 24 इंफॉर्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नालॉजी सिस्टम मैनेटेनेश में 24 तथा मैकेनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक होम एप्लाएंसेज में 24 कुल 92 सीटें निधार्रित हैं। आवेदन करते समय अभ्यार्थियो का जन्म प्रमाण पत्र शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र , आवासीय, जाति प्रमणपत्र तथा पासपोर्ट साईज फोटो अपलोड करना अनिवार्य हैं जून माह में बिहार के विभिन्न केन्द्र पर परीक्षा आयोजित कि जानी संभावित हैं। परीक्षा कि तिथि से एक सप्ताह पुर्व एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपील की गयी है कि छात्र अंतिम तिथि का इंतजार न करे और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ले ताकि बाद में आने वाले तकनिकि समस्याओ से बचा जा सके। साथ ही अपने आस पास के छात्रों को भी इस प्रतियोगि परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करे। ताकि सरकार के द्वारा संचालित व्यवसायिक कोर्स के माध्यम से अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण करे।

प्रभारी प्राचार्य
राजकीय महिला औद्योगिक
प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद

PR. No. 002829 (LRD) 2025-26

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

बिहार सरकार

कार्यालय नगर पंचायत, बारूण (औरंगाबाद)

माननीय मुख्य पार्षद, नगर पंचायत, बारूण की अध्यक्षता में दिनांक–24.04.2025 के सशक्त स्थायी समिति के बैठक में प्रस्ताव संख्या–03, 04 एवं 05 के द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में नव गठित नगर पंचायत बारूण क्षेत्रातर्गत सभी वार्डों में बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 127 के अंतर्गत संमत्ति कर को लागु करने हेतु सड़कों का वर्गीकरण एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–3135 दिनांक–30.12.2013 के आलोक मे राज्य सरकार द्वारा पूर्व से वर्णित संपति कर के 27 कोश्टक दर तालिका को नगर निकाय के जनसंख्या के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जाती है, जिसमें निम्नलिखित है :–

सड़को का वर्गीकरण –

प्रधान सड़क
1. प्रधान सड़क– केशव मोड़ से (नागेश्वरपुर) सिंचाई कॉलोनी के अंतिम छोर तक।
2. बरूआ पुल से भगत सिंह खेल मैदान बॉण्ड्री तक।

मुख्य सड़क
1. नगर पचांयत कार्यालय से दयाजी के होटल तक।
2. बब्लू होटल से (गोवधन विगहा) मल्लू खैरा तक।

अन्य सड़क– प्रधान मुख्य सड़क एवं मुख्य सड़क को छोड़कर सभी गलियों, पथों को अन्य सड़क की श्रेणी में माना जायेगा।

होल्डिंग टैक्स विवरणी दर– (2011 की जनसंख्या–13852) संपत्ति कर वसूली दर वार्षिक–9:

Category	Holding at the principal Main Road			Holding at the main Road			Holding at the other Road		
Type of construction of Building	Fully commercial (Rs.per Sq ft)	Other(Rs.per Sq ft)	Fully Residential Fully commercial(Rs.per Sq ft)	Fully commercial(Rs.per Sq ft)	Other(Rs. per Sq ft)	Fully Residential Fully commercial(Rs.per Sq ft)	Fully commercial (Rs.per Sq ft)	Other(Rs. per Sq ft)	Fully Residential Fully commercial(Rs.per Sq ft)
Pucca Building With RCC Roof	22	14	7	14	10	5	7	5	2
Pucca Building With Corrugated/Cement Sheet	14	10	5	10	6	3	5	3	2
Other Building	7	5	2	5	3	2	2	2	1
Vacant Land	0.28			0.19			0.11		

संपत्ति कर की वसूली दर, वार्षिक–9:

अतः उक्त के आलोक में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुक्षाव/दावा आपत्ति कार्यालय अवधि में सूचना प्रकाशन के 21 दिनों के अंदर दे सकते है अन्यथा समय सीमा समाप्ति के बाद किसी भी तरह की सुक्षाव/दावा आपत्ति मान्य नही होगा।

निविदा की विस्तृत जानकारी **State.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचातत बारूण

PR. No. 002908 (B&C) 25-26

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है। इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

साइबर कैफे की आड़ में चलता था मोबाइल लूट का धंधा

डीएसपी ने लूट की घटना का किया उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। पिस्टल का भय दिखाकर राहगीरों को लूटने वाला लूटेरा गिरोह का डीएसपी ने उदभेदन किया है। बताया जाता है की कादिरगंज थानान्तर्गत बिते 25.02.25 को हरला मोड के पास बाईक पर सवार अज्ञात तीन अपराधकर्मियों द्वारा एक व्यक्ति से पिस्टल का भय दिखाकर मोबाईल लूट लिया गया था। उक्त घटना के आलोक में वादी सुजीत कुमार पिता अमिरक चौधरी साकिन दौलताबाद थाना कादिरगंज के लिखित आवेदन के आधार पर घटित घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, मसौढ़ी के नेतृत्व में पु0अ0नि0



पूनम कुमारी, थानाध्यक्ष कादिरगंज, पु0अ0नि0 संजीव कुमार, परि0पु0अ0नि0 रविश कुमार एवं सशस्त्र बल की एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा सीसीटीवी फूटेज के अवलोकन एवं तकनिकी, मानवीय अनुसंधान के सहयोग से घटना में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त 1. जितेन्द्र कुमार पिता सुरेश प्रसाद साकिन छट्टुचक थाना गौरीचक को लूटे गए मोबाईल एवं एक अन्य मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी द्वारा बताया गया कि जितेन्द्र कुमार का बेलदारीचक बाजार में एक साईबर कैफ़े चलाते है,इसका दोस्त दीपक कुमार उम्र 24 वर्ष पिता संजय सिंह सा0 चंदु बिगहा, थाना धनरूआ, वर्तमान पता-ग्राम फजलचक स्थित जयनंदन सिंह पिता स्व0 रामवरण सिंह के मकान में किरायेदार, मोबाईल का लूट-पाट करता है, तथा उक्त मोबाईल को बेचने हेतु जितेन्द्र कुमार को लाकर देता है। उक्त सूचना के आधार पर दीपक कुमार के किराये वाले मकान पर विधिवत छापामारी किया गया, जहां से घटना में प्रयुक्त पल्सर-220 मोटरसाईकिल, 01 पिस्टल, 01 देशी कट्टा, 02 मैगजीन, 22 जिन्दा गोली एवं 02 मोबाईल के साथ दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया।घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

शिक्षिका लवली शर्मा का एक्सीडेंट नहीं साजिशन हत्या, पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज। पालीगंज के पैपुरा मुंडाखाड़ पेट्रोल पंप के पास 2 मई को स्कूटी सवार शिक्षिका की हुई मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पहले जिसे सड़क दुर्घटना माना जा रहा था, अब वह एक साजिशन हत्या निकली। मृत शिक्षिका की पहचान निजी विद्यालय में पढ़ाने वाली लवली शर्मा के रूप में हुई थी। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने पीछे से लवली की स्कूटी को जानबूझकर टक्कर मारी और उन्हें कुचल दिया। पुलिस ने इस मामले में सरैया गांव निवासी पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पालीगंज पुलिस शिक्षिका के मोबाइल की जांच कर रही है। वहीं इस हत्या में शामिल अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।

दीवार गिरने से बच्ची की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज। बालिपाकड़ गांव में बुधवार को एक दुखद हादसे में 7 वर्षीय स्वीटी कुमारी की मौत हो गई, जबकि उसका भाई मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों बच्चे घर के आंगन में खेल रहे थे, तभी पुरानी और कमजोर मिट्टी ईंट की दीवार अचानक उनके ऊपर गिर गई। स्वीटी और मनीष, गांव निवासी बिमल यादव के बच्चे हैं। हादसे के बाद परिजनों ने दोनों को तुरंत पालीगंज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने स्वीटी को मृत घोषित कर दिया। मनीष की हालत गंभीर होने के कारण उसे पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। स्वीटी के दादा चंदन यादव ने बताया कि दोनों बच्चे दीवार के मलबे में दब गए थे। गांव वालों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकरजांच शुरू कर दी है। फिलहाल मनीष का इलाज पटना में जारी है।

एक नजर

रेडक्रास दिवस पर एसडीएम ने बांटी सामग्री

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पूरी दुनिया में आपातकाल की स्थिति में स्वास्थ्य सुविधा मानव सेवा मुहैया कराने वाली अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस संस्था का दिवस है इस मौके पर मसौढी स्थित स्थानीय रेड क्रॉस सोसायटी भवन में गुरुवार को सोसायटी के संस्थापक जीन हेनरी डुनाट को लोगों ने याद किया। उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पहले लोगों ने मानव सेवा का संकल्प लिया। एसडीएम अमित कुमार पटेल,तिनो अंचल के अंचलाधिकारी, शिक्षाविद चिकित्सक, और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने कहा कि आपदा हो या अन्य विकट स्थिति, हर परीस्थिति में यह सोसायटी मानवता की सेवा करता है। लोगों की सहायता करना सभी मानव का धर्म है। हम अपने ही समाज के लोगों की मदद कर उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं। रक्तदान कर, आर्थिक मदद कर, सामान दान कर, अनाज देकर हम जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं।सोसायटी के प्रभारी विश्वरंजन ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की मदद करना है। खासकर गरीब व जरूरतमंदों को समय पर सहायता देकर हम उन्हें बेघर होने से बचा सकते हैं। मौके पर डॉ रामजयपाल, राहुल चंद्रा,रामाकांत रंजन किशोर व अन्य मौजूद थे।

कांग्रेस का हर घर झंडा अभियान

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। हर घर कांग्रेस झण्डा कार्यक्रम अभियान के तहत मसौढ़ी प्रखंड के खरांट पंचायत के बलियारी गांव में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमीत कुमार सन्नी के नेतृत्व में 25 घर झण्डा लगाया गया। कार्यक्रम कांग्रेस नेता रामनारायण पासवान के साथ और राजू पाण्डेय के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में धनरूआ प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय पाण्डेय टीपू सुल्तान अंसारी अरविंद केशरी मृत्युंजय पेरियार पटना जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो शाहिद, पूर्व उपाध्यक्ष इन्द्रमणि देवी सौरव पाण्डेय शिवपूजन सिंह बहुत सारे नए कांग्रेस के सदस्य बनाये गये। जहाँ सृजन संगठन मजबूती और सदस्य कांग्रेस परिवार की अधिक से अधिक घरों में जननायक न्याय योद्धा राहुल गाँधी की संदेश पहुँचाना मुख्य लक्ष्य हैं बैठक में निर्णय करके लोगों के घर घर पहुँच कांग्रेस पार्टी की पट्टी पहनाकर सदस्य बनाया।

चोरी मामले में दो धराए

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पिछले 2 मई को जजेज कॉलोनी निवासी डॉ शांतम्र मोहन की पत्नी ऋतंभरा के घर हुई चोरी मामले में पुलिस ने एक युवती व ज्वेलर्स दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवती तनया कुमारी व दुकानदार श्याम नारायण व अभय नारायण दोस्तनगर मनेर का निवासी है। गिरफ्तार दुकानदार के पास से चोरी के जेवरात भी बरामद किया गया है। इससे पूर्व पुलिस ने घर के नौकरानी ममता देवी। सोनू कुमार, सुमित कुमार व अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनके पास से 2 लाख 56 हजार पांच सौ नकद, सोने की दो जोड़ी कनबाली, सोना जैसा 14 ग्राम का धातु, चांदी का एक जोड़ा पायल व चार चाभी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के निशानदेही पर मनेर के दोस्त नगर से तनया कुमारी व ज्वेलर्स दुकानदार श्याम नारायण व उनके पुत्र अभय नारायण को गिरफ्तार किया गया है।

ई रिक्शा पलटने से यात्री जख्मी

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के गोला रोड में गुरूवार को दोपहर में ई रिक्शा पलटने से एक यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जख्मी लाल मोहन राय पानापुर के निवासी है। जख्मी लाल मोहन को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जख्मी के परिजनों ने बताया कि ई रिक्शा से गोला रोड जा रहे थे। इसी दौरान गोला रोड में ई रिक्शा पलटी मार दिया जिससे जख्मी हो गये है।

बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मसौढ़ी बार ऐसोसिएशन का चुनाव की मांग को लेकर लगातार अधिवक्ताओं का हस्ताक्षर युक्त स्मार भेजा रहा है।अधिवक्ता रूपेश पटेल ने कहा की बिहार राज्य बार काउंसिल के संकल्प संख्या 77/2025 के आलोक में बिहार राज्य बार काउंसिल के सचिव प्रफुल्ल चंद्र द्विवेदी के द्वारा पत्रांक 569/2025 दिनांक 16।04।2025 को बार चुनाव के संबंध में सभी संघों को पत्र लिखा गया था, परंतु आदेश की अवहेलना करते हुए मसौढ़ी बार संघ में अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं की गई है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। मसौढ़ी बार चुनाव के संबंध में मसौढ़ी बार एसोसिएशन के लगभग पचास अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन बिहार राज्य बार काउंसिल को दिनांकः 22।04।2025 को समर्पित किया गया था, लेकिन इतने दिनों के बाद भी मसौढ़ी बार एसोसिएशन के पदाधिकारी पद पर रहकर मनमानी तरीके से कार्य कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। मसौढ़ी में 3 मार्च 2023 को बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ था। निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 मार्च 2025 को पूरा हो जाने के बावजूद भी विधिक संघ के चुनाव की प्रक्रिया भंग कमेटी के अध्यक्ष द्वारा शुरू नहीं की गई है।

आईटीसी के आशीर्वाद ब्रांड ने लांच किया नया फ्रेश मसाला छाछ

नवबिहार टाइम्स संवाददात

पटना। पूर्वी भारत का लोकप्रिय डेयरी ब्रांड आशीर्वाद, अब बिहार में अपने फ्रेश डेयरी प्रोडक्ट्स की रेंज को और भी मजबूत करते हुए मसाला छाछ 10 रुपये के किफायती दाम पर लेकर आया है। गर्मियों की शुरुआत मे यह नई पेशकश एकदम सही समय पर आई है, जो स्वाद और ताजगी का बढ़िया मेल पेश करती है। आशीर्वाद ने इस खास लॉन्च के साथ एक बार फिर दिखाया है कि वो अपने उपभोक्ताओं को बढ़िया क्वालिटी, किफायती दाम, भरोसा और अनोखा स्वाद देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आशीर्वाद मसाला छाछ खासतौर पर बिहारी स्वाद के लिए स्थानीय स्तर मे ही तैयार किया गया है, जिस से आपको मिले ताजगी भरा घर जैसा एहसास। छाछ मे जीरा, काली मिर्च और काले नमक जैसे मसालों का स्वादिष्ट मिश्रण किया गया है, जो न केवल अपने विशिष्ट स्वाद, बल्कि पाचन संबंधी लाभों के लिए भी पसंद किए जाते हैं। चाहे इसे दोपहर के समय ठंडक पाने के लिए उपयोग करें, या भोजन के बाद ताजगी देने वाले पेय के रूप में, आशीर्वाद मसाला छाछ पारंपरिक स्वाद का एक संपूर्ण मिश्रण है। विवेक कुक्कल, वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड, डेयरी एंड बेवरेजेस, आईटीसी लिमिटेड, आईटीसी में हमारा मकसद हमेशा से रहा है कि हम अपने उपभोक्ताओं के स्वाद और पसंद को समझते हुए उत्तम क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स बनाएं।

देश के 112 जिलों में मुजफ्फरपुर बना नंबर वन

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर को नीति आयोग से पुरस्कारस्वरूप मिली 7 करोड़ की राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मुजफ्फरपुर। जिले में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से लेकर विकास कार्यों में काफी तेजी आई है। इस क्रम में उल्लेखनीय है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर जिला को राष्ट्रीय स्तर पर 112 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। दिसंबर 2024 के डेल्टा रैंकिंग में मुजफ्फरपुर जिला को ओवरआल पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपरांत जिला को पुरस्कारस्वरूप 7 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है जिसका उपयोग विभिन्न प्रक्षेत्र के विकास कार्यों में किया जाएगा। विदित हो कि जून 2024 के डेल्टा रैंकिंग में भी जिला को स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में देश के कुल 112 जिलों में मुजफ्फरपुर जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था जिसके फलस्वरुप इस जिला को 3 करोड़ की राशि मिली थी। इस प्रकार कुल 10 करोड़ की राशि का उपयोग करने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। इससे जिला के विकास कार्यों में तेजी आएगी। राष्ट्रीय स्तर पर विकास के सूचकांक पर मुजफ्फरपुर जिला को नंबर वन जिला बनाने तथा विशिष्ट स्थान/पहचान दिलाने में जिला पदाधिकारी की अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने सतत एवं प्रभावी प्रयास कर आकांक्षी कार्यक्रम के तहत सभी सूचकांकों की नियमित समीक्षा की तथा प्रगति लाई। उनके द्वारा समय-समय पर स्थलीय विजिट कर कार्य में उत्तरोत्तर सुधार एवं प्रगति भी लाया गया। इसके परिणामस्वरूप जिला को पूरे देश के 112 जिलों में मुजफ्फरपुर को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने जिले की उल्लेखनीय उपलब्धि एवं पुरस्कार को जिलावासियों, अधिकारियों एवं कर्मियों को समर्पित किया है तथा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही जिला के विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणात्मक सुधार लाने तथा जिले के सर्वांगीण विकास हेतु रणनीतिक पहल करते हुए ठोस कार्य योजना तैयार करने, राशि का सदुपयोग कर जिले का चौमुखी विकास करने हेतु समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया है। विदित हो कि नीति आयोग द्वारा देश के 112 जिलों मे आकांक्षी जिला कार्यक्रम, 2018 से क्रियान्वित है। जिला पदाधिकारी ने जिला योजना पदाधिकारी को कार्य योजना तैयार कर प्रस्ताव नीति आयोग के अनुमोदन हेतु जल्द भेजने का निर्देश दिया है। नीति आयोग के सीईओ बीभीआर सुब्रहमण्यम ने जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के उत्कृष्ट कार्य एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

डीएम ने वैशाली में निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददात

हाजीपुर। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने आज वैशालीगढ़ में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया और अधिकारियों को फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मेडिटेशन सेंटर, लाइब्रेरी, विजिटर हाल, गेस्ट हाउस, जलापूर्ति तथा तालाबों में स्वच्छ जल के संग्रहण आदि को लेकर भी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने एक समीक्षा बैठक की, जिसमें भवन निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ प्रोजेक्ट मैनेजर एवं कई पदाधिकारी मौजूद रहे। विदित हो कि भगवान बुद्ध की पावन धरती वैशाली में अभिषेक पुष्करणी सरोवर के पास 72 एकड़ के भूखंड पर भगवान बुद्ध के स्मृति अवशेषों को सुरक्षित एवं आम जनों के दर्शन हेतु रखने के लिए बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का निर्माण जल्द पूर्ण हो जाएगा। फिनिशिंग कार्य चल रहा है। कार्यरत एजेंसी को फिनिशिंग तथा साफ सफाई में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। आने वाले समय में स्तूप का भव्य आर्किटेक्चर विश्व पटल पर अपनी अनोखी पहचान बनाएगा। यहां आने वाले पर्यटक भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन का अद्वितीय चित्रण एवं स्मृति चिन्हों का अवलोकन कर सकेंगे। स्तूप परिसर में पर्यावरण के दृष्टि से भी काफी काम किया गया है। वृहद पैमाने पर पौधारोपण कर हरियाली विकसित की गई है। इसके बनने के बाद यहां देश-विदेश से पर्यटक पहुंचेंगे और यह स्थान बौद्ध धर्मावलंबियों, इतिहास प्रेमियों एवं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

दानापुर अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर, वसूला जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददात

दानापुर। नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर दूसरे दिन गुरूवार को नप प्रशासन ने सगुना मोड से रूपसपुर नहर तक बुलडोजर चला। डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग सगुना मोड से रूपसपुर नहर तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया।

घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है। अतिक्रमणकारियों से 11 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया है। अभियान नप के ईओ पंकज कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व ब्रजेश सिंह समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सगुना मोड से रूपसपुर नहर तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ती है। जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना वसूला जायेगा। साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी।अभियान में नप के रोकडपाल सुभाष कुमार व सफाई निरीक्षक संजय कुमार व पुलिस बल शामिल थे।

हाथों में तिरंगा और सिंदूर लेकर सड़क पर उतरी महिलाएं



नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरे देश भर में उत्साह का माहौल है। ऐसे मसौढ़ी में भी हर तरफ लोग खुशी मना रहे हैं। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की ओर से महिला एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर उत्सव मनाते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे। बताया जाता है की भारत ने जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला जिस आक्रामक तरीके से लिया है उससे पाकिस्तानी कभी भूल नहीं सकता। पूरे भारत में होली और दिवाली का नजारा चारों तरफ दिखाई दे रहा है। सड़कों पर उतरकर महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर भारत माता की जयकारे लगाएं गुरुवार को सड़क पर हाथों में तिरंगा और सिंदूर लेकर महिलाओं ने मंडप कर रामनाथेश्वर मंदिर से रहमतगंज स्टेशन रोड तक पदयात्रा हुई। भारतीय सेनाओं के इस पराक्रम और शौर्य पर महिलाओं ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अपनी बहनों की सिंदूर का बदला हिन्दुस्तान के वीर सपूतों ने ऐसे लिया जिसे पूरा विश्व याद रखेगा। आशा किरण सिंह ने कहा की आतंकवादी ने पहलगाम में शादीशुदा कपल को चुनकर पत्नियों के सामने उनके पतियों को गोली मारी गई थी। उसी को लेकर जो ऑपरेशन लॉन्च किया उसका नाम ऑपरेशन सिंदूर' रखा है और यह ऑपरेशन सिंदूर भारत के मां बहनो बेटियों की लाज बचायी है। उसकी चारो ओर जश्न मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा किरण सिंह, उपाध्यक्ष शोभा कुमारी, मंत्री मीना देवी, पुष्पा देवी, रिंकू देवी, प्रभा देवी, लालपड़ी देवी, रिंकू कुमारी वीणा देवी इंदु देवी गीता देवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष आशीष देव शामिल रहे।

तालाब में ऑक्सीजन संतुलन और ठंडे माहौल में बीज परिवहन पर विशेष जोर

मई में मछली पालको के लिए दिशा निर्देश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारी/पटना। बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने मई माह के लिए राज्य के मछली पालकों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। तापमान और आर्द्रता में वृद्धि के चलते इस माह मछलियों के स्वास्थ्य, तालाब की गुणवत्ता और बीज उत्पादन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई गई है। विभाग ने सलाह दी है कि मछलियों को संतुलित और समय पर पूरक आहार दें। यदि मछलियों का वजन 1 से 1.5 किलोग्राम हो चुका हो तो बिक्री के लिए उनकी निकासी कर लें, लेकिन निकासी से एक दिन पूर्व आहार देना बंद कर दें ताकि पाचन तंत्र साफ रहे। तालाब के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बनाए रखना इस माह बेहद जरूरी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि गोबर और चूना एक साथ नहीं डालें क्योंकि इससे पानी की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ता है। अत्यधिक गर्मी या वर्षा से ऑक्सीजन की कमी हो सकती है, जिससे बचाव के लिए SSP DAP का छिड़काव अथवा एयरेटर का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। अगर पानी का रंग हरा हो जाए तो 15 दिन से एक महीने तक चूना और रासायनिक खाद का प्रयोग रोक देना चाहिए। मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए मई माह सिल्वर कार्प की ब्रीडिंग का अनुकूल समय है। इसके लिए नर्सरी तालाब को सूखा कर उसमें गोबर और चूना डालें, फिर पानी भरकर प्रति एकड़ 20 लाख स्पॉन संचयित करें। बीज का परिवहन हमेशा ठंडे वातावरण में करें। वहीं, फिंगरलिंग या इयरलिंग को तालाब में सुबह 8 से 12 बजे के बीच छोड़ना उचित होता है। अचानक बारिश की स्थिति में तालाब के पानी का ध्क्र संतुलन बनाए रखने के लिए प्रति एकड़ 15-20 किलोग्राम चूना डालें और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। विभाग ने कहा है कि तालाब प्रबंधन, आहार नियंत्रण और वैज्ञानिक तकनीकों का पालन कर मछली उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, जिससे आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित होता है।

उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में किसानों को ससमय खाद उपलब्ध कराने निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददात

औरंगाबाद। जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, सदर विधायक आनंद शंकर, नवीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ़ डब्लू सिंह, गोह विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी तथा सभी उर्वरक कम्पनियों के क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित हुऐ। बैठक में विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि खरीफ मौसम में डीएपी उर्वरक की मांग किसानों के बीच अत्यधिक रहती है और डीएपी उपलब्ध नहीं होता है, इस पर जिलाधिकारी के द्वारा पृच्छा के क्रम में पारादीप फॉस्फेट कम्पनी के



प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि किसानों के बीच डीएपी की मांग हमेशा रहती है, जिससे किसानो के द्वारा डीएपी के अलावा अन्य उर्वरक पसंद नहीं करते है। कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डीएपी की रॉ मैटेरियल बाहर से आने के कारण कंपनी को डीएपी बनाने में अत्यधिक लागत आ रही है जिससे डीएपी कम उत्पादन हो रहा है। किसानों को डीएपी के स्थान पर टीएसपी, एनपीके एवं एसएसपी उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद को निदेश दिया कि खरीफ मौसम में किसानों को उचित मूल्य पर सुगमता पूर्वक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं उर्वरको के मूल्य नियंत्रण हेतु उर्वरक प्रतिष्ठानों पर नियनित छापामारी करने का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में उर्वरक की कालाबाजारी एवं मूल्य नियंत्रण हेतु छापामारी दल का गठन कर दी गयी है एवं छापामारी दल द्वारा नियमित छापामारी भी की जा रही है। साथ ही जिला कृषि कार्यालय में कोषांग का गठन करते हुये उर्वरक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। साथ ही आत्मा, औरगाबाद द्वारा किसान पाठशाला, खरीफ कर्मशाला एवं किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक के माध्यम से पंचायतों में डीएपी के स्थान पर टीएसपी एनपीके एवं एसएसपी उर्वरकों की महत्व एवं उसकी मात्रा से संबधित प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया गया।

दिवगंत सैनिक कमलेश सिंह की याद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। अमर शहीद बिपीन सिंह फाउंडेशन एवं जया प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित पूर्व सैनिक स्व कमलेश सिंह की पुण्य तिथि पर शहीद बिपीन सिंह पार्क,ग्राम -सरवां में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के वृद्ध बुजुर्ग, महिलाओं एवं सभी वर्ग के लोगों ने अपना वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ई.सी.जी एवं डाक्टर परामर्श आदि करवाया। जिसमें कुल 138 व्यक्ति शामिल हुए।। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण काफी उत्साहित हुए और उन्होंने टीम अमर शहीद बिपीन सिंह फाउंडेशन एवं उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष रणविजय सिंह चौहान, अध्यक्ष विवेक सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, महासचिव विवेक रंजन, सचिव अभिषेक पासवान का आभार जताया।इस कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं ने भी वोलेंटियर के तौर पर काफी सहायता की जिसमें पीयूष सिंह, अभिषेक सिंह, शिकू सिंह, उज्ज्वल सिंह, शिवा कुमार, आर्यन कुमार आदि लोग शामिल हुए।



संक्षिप्त समाचार

चिरांद महादलित टोला में विशेष शिविर का आयोजन

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सदर प्रखंड के चिरांद पंचायत स्थित महादलित टोला में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डॉ. भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य हर टोले, हर परिवार तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना था। सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद आनंद के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में महादलित विकास मिशन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें हर घर नाली-गली, नल-जल योजना, बच्चों का आधार कार्ड बनवाना, राशन कार्ड वितरण सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ महादलित परिवारों को देने पर विशेष बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र परिवार योजनाओं से वंचित न रहे। इस उद्देश्य से विशेष शिविर के माध्यम से जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मौके पर ही लाभ दिलाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस अवसर पर चिरांद पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि मनीष कुमार, रोजगार सहायक दिनेश दास, राजस्व कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, सीडीपीओ समेत कई विभागों के कर्मी उपस्थित रहे।

20 सूत्री कार्यान्वयन समिति कार्यालय का उद्घाटन

एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा प्रखंड मुख्यालय में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति कार्यालय का पूर्व विधायक मनोरंजन कुमार सिंह धूमल व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदामा तिवारी ने संयुक्त रूप से गुरुवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह कार्यालय एकमा क्षेत्र के विकास कार्यों की निगरानी व समन्वय के लिए एक सशक्त माध्यम बनेगा। 20 सूत्री कार्यक्रम आम जनता से जुड़े अहम मुद्दों को सुलझाने का जरिया है और हम सुनिश्चित करेंगे कि इसका क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ हो सके। इस अवसर पर 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष श्रीप्रकाश, मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, भाजपा नेता अविनाश चंद्र उपाध्याय, बंटी ओझा, सूर्य नंदन शाही, कमलेश कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह भवानी, युवा नेता संदीप सिंह मन्नू, समिति सदस्य अजय कुमार पंडित, मुन्ना पटेल, अर्जुन सिंह, धनवंतरी देवी, सुनरदेव राम, प्रमोद कुमार सिंह, विकास मिश्रा, शैलेंद्र नाथ सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद, मुन्ना दुबे, राजीव कुमार राय, जदयू के एकमा विधानसभा प्रभारी रवि ज्योति चंद्रवंशी, जदयू नेता सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

मांझी में ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। छपरा-बलिया रेलखंड पर अवस्थित मांझी रेलवे हाल्ट व मांझी रेल पुल के बीच गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। युवक का शव पोल संख्या 16/39 और 16/41 के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे पाया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर मांझी थाना पुलिस व आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। युवक का सिर धड़ से अलग होकर थोड़ी दूरी पर पड़ा था। जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर कोई खरोंच तक नहीं थी। पुलिस द्वारा शव की पहचान के प्रयास किए गए। लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। मृतक शर्ट, पैंट व चप्पल पहने हुए था। पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है।

कुलपति से मिले छात्र नेता शेख नौशाद

छपरा (बिहार)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष शेख नौशाद के नेतृत्व में कुलपति प्रमेंद्र बाजपेई से मुलाकात की और आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। शेख नौशाद ने बताया कि सत्र 2020-23 के स्नातक पार्ट-2 का रिजल्ट अब तक लंबित है, जिससे हजारों छात्र मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने अविलंब रिजल्ट जारी करने, पार्ट-1 और पार्ट-2 की स्पेशल परीक्षा की तिथि घोषित करने तथा फेल छात्रों की कॉपियों की पुनः जांच कराने की मांग की। साथ ही स्नातक पार्ट-3 की स्पेशल परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि घोषित करने, मैनुअल मार्कशीट को कंप्यूटराइज्ड बनाने, परीक्षा शुल्क में की गई अनियमितता दूर कर छात्रों को अतिरिक्त वसूली की राशि लौटाने की भी माँग रखी गई। कुलपति ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कई छात्रनेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

सारण प्रमंडल में बीएलओ का प्रमंडलीय प्रशिक्षण आज

छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर सारण प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ का प्रमंडलीय प्रशिक्षण शुक्रवार को श्री भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह, छपरा में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में नई दिल्ली से आई ट्रेनिंग आब्जर्वर श्रीमती गीता चौबे मौजूद रहेंगी। सारण जिले से 70, सिवान से 56, तथा गोपालगंज से 42 बीएलओ सहित मढ़ौरा एवं रघुनाथपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनिल कुमार राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी सारण जावेद इकबाल तथा सिवान के सोहैल अहमद बीएलओ को मार्गदर्शन देंगे। प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सारण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसका लाइव वेब कास्टिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुश्रवण किया जाएगा। जिसकी विशेष व्यवस्था की गई है।

पंडई नदी पर बने पुल का एप्रोच पथ धंसा

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के कोइरगांवा चौक से राजपुर जाने वाली मुख्य सड़क में पंडई नदी पर बने पुल का एप्रोच पथ गुरुवार को धस गया है। एप्रोच पथ धस जाने से यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बिक्रमपुर गांव के वार्ड प्रतिनिधि राजू यादव, ग्रामीण हदीश मियां, रहीम मियां, सतार मियां, शमशुद्दीन मियां, राजनीतिक पड़ित, भटुमन पड़ित, गयासुद्दीन मियां, अलाउद्दीन मियां, इजहरुल मियां, इसराफिल मियां, इनुष मियां, आरिफ मियां, अकबर मियां, रेयाजुल मियां, मुख्तार मियां, मस्तकीन साई आदि ने बताया कि पंडई नदी के पश्चिम छोर का एप्रोच पथ धस गया है और सड़क में सुराख हो गया है। एप्रोच के नीचे की सारी मिट्टी नदी ने काट लिया है सिर्फ सड़क का परत ही बच्चा है और उसमे भी अब सुराख हो गया है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि सोनासती, बैतापुर, भेड़िहरवा, मठीया, राजपुर, बरई टोला समेत कई गांव के हजारों की आबादी का प्रखंड एवं अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ने का एकमात्र सड़क है। वही गाव से नरकटियागंज पढ़ने जाने वाले स्कूली बच्चे भी इसी सड़क से जाते है। ऐसे में स्कूली वाहनों का परिचालन इस सड़क से करना खतरे से खाली नही है। ग्रामीणों ने तत्काल प्रशासन से एप्रोच पथ की मरमत कराने की मांग की है। इधर एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि एप्रोच पथ धस जाने एवं सड़क में सुराख होने को लेकर जानकारी मिली है। संबंधित विभाग को आवश्यक करवाई के लिए निर्देश दिया जा रहा है। जल्द ही एप्रोच पथ का मरम्त कराया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री ने किया बेतिया वन प्रमंडल कार्यालय का उद्घाटन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के मंत्री डॉ. सुनील कुमार द्वारा आज प्रमंडल पदाधिकारी, बेतिया वन प्रमंडल के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ वीटीआर के वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉ. नेशामणि के. व अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री ने वानिकी किसान, स्वयंसेवी संस्थाओं और जीविका दीदियों से भी मुलाकात की, जिनके सहयोग पौधारोपण का नियमित कार्य चल रहा है। मौके पर मंत्री ने कहा कि हमारा विभाग जनभागीदारी का विभाग है। आज जब पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के प्रकोप से डरी हुई है तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगे बढ़ चढ़ कर काम कर रहा है। इसमें बेतिया जिले का



योगदान भी सराहनीय है। यहाँ लगातार पौधारोपण और पौधों का संरक्षण को प्राथमिकता देकर वन क्षेत्र को समृद्ध किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि हमारा विभाग हर साल 8 करोड़ पौधे उगाती है और उसके रोपण का भी कार्य करती है। इसमें वानिकी किसानों, जीविका दीदी और विभाग की ओर से पौधा रोपण का कार्य किया जाता है। मंत्री ने बताया कि इको पर्यटन के क्षेत्र में बेतिया वन प्रमंडल का कोई जोड़ नहीं है। हमारी सरकार राज्य में इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र के आसपास सभी ऐतिहासिक स्थल के उन्नयन का कार्य इको टूरिज्म को ध्यान में रखकर कराने का काम सरकार कर रही है। इसके अंतर्गत हम बक्सर में विश्वामित्र पार्क, रोहतास में गुप्तेश्वर धाम, बांका में मंदार पर्वत आदि का अवलोकन कर हम इसे इको टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित करने का कार्य करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि बिहार देश में इको टूरिज्म का हब बने और देश दुनिया से सैलानियों का आगमन और अधिक संख्या में हो।

बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने की 25 हजार की संपत्ति चोरी

छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा थाना क्षेत्र के बढ़ेया गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर करीब 25 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी कर ली। यह घटना बीएसएफ के रिटायर्ड कमांडेंट कृष्ण कुमार सिंह के बंद घर में घटी, जो इस समय अपने परिजनों के साथ गुड़गांव में रह रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने घर के अंदर रखे चांदी व फूल के बर्तन, लोहे की अलमीरा में रखे कपड़े एवं अन्य कीमती सामानों की चोरी की है। चोरी की सूचना गांव के एक पड़ोसी ने फोन कर गृहस्वामी को दी। सूचना मिलते ही गृहस्वामी के पड़ोसी ने घर के अंदर के दृश्य को कैमरे में कैद कर एकमा थाना पुलिस को आवेदन के साथ भेजा।

अपराधियों ने की 48 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बुधवार की रात्रि अपराधियों ने एक 48 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जनार्दन यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह रात में अपने घर के अंदर थे, तभी बाइक पर सवार तीन से चार की संख्या में अपराधी वहां पहुंचे और जनार्दन यादव को आवाज लगाकर बाहर बुलाया।जैसे ही जनार्दन यादव बालकनी में आए, अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी में जनार्दन यादव को दो गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली चलने की आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जनार्दन यादव को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही सिसवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा रहा है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गुरुवार को शव पोस्टमार्टम कर जैसे ही गांव पहुंचा पूरे घर में कोहरा मच गया।जनार्दन यादव की हत्या से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हत्या के मामले को लेकर गुरुवार को एसडीपीओ द्वारा घटना को लेकर जांच की गई तथा घटना से संबंधित कार्रवाई करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए गए।

पेड़ से लटकता मिला अज्ञात युवती का शव

नौतन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नौतन थाना क्षेत्र के सीमावर्ती उत्तर प्रदेश नौतन थाना क्षेत्र के जगदीशपुर कोठी के पास हनुमान मंदिर के नजदीक झरही नदी के किनारे झाड़ियों में पेड़ से गले में फंदा लगा एक लग भग 18 19 साल की युवती लटक हुई है, यह देख लोगों ने गांव में इसकी सूचना दिया, देखते देखते गांव के लोग पहले युवती की पहचान करने की कोशिश किया जब कोई पहचान नहीं हो सका तो, उसकी सुचना पुलिस को दिया सुचना पाकर थाना प्रभारी उमेश पासवान, अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे लेकर घटना स्थल पर उपस्थित लोगों से पहचान करने की बात कही जब कोई पहचान नहीं हुई तो मृत युवती की लाश पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में नौतन थाना प्रभारी उमेश कुमार पासवान ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

मझौलिया में युवक की हत्या कर शव झाड़ी में फेंका

मरानवा रेल ढाला के समीप झाड़ी से शव बरामद

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार की सुबह महोदीपुर पंचायत के मनरवा रेलवे ढाला बेलघाटी नहर के किनारे झाड़ी से अज्ञात युवक (25) का शव बरामद की है। हत्या कर युवक का शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दी है।शव देखने से प्रतीत हो रहा है



की हत्या एक सप्ताह पूर्व की गई है। युवक के शरीर पर काला रंग का पैंट व टी शर्ट है। युवक का शरीर काला पड़ गया है।उसके सिर के बाल झड़ गए है।सुबह में लोग नहर के किनारे से गुजर रहे थे तो तेज बदबू से उन्हें आसपास किसी जानवर के शव पड़े होने का संदेह हुआ।लोगों ने आसपास देखा तो झाड़ी में युवक का शव पड़ा दिखा। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मझौलिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले ली। पुलिस एवं एफएसएल की टीम आसपास के लोगों से युवक की पहचान कराने की कोशिश की,लेकिन उसे कोई नहीं पहचान सका।वही एफएसएल की टीम शव की जांच कर शिनाख्त में जुटी हुई है।इस बाबत मझौलिया थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने बताया की झाड़ी से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम के लिए शव को जीएमसीएच में भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं आवश्यक बुनियादी ढांचे की प्रगति की समीक्षा की गयी। मंत्री ने पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जबाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त, श्री सुमित कुमार द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से एजेंडावार विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।बैठक में सांसद, सुनील कुमार ने कहा कि पूर्व की बैठक में किये गये पृच्छा का सकारात्मक जवाब मिला है। उन्होंने कबीर अत्येष्टि योजना का ससमय निष्पादन, नीतीश नगर में मूलभूत सुविधाओं का विकास, मदनपुर माईस्थान एवं सोमेश्वर धाम का विकास कराने सहित अन्य बातों को रखा। इसी तरह मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार रेणु देवी, विधायक वीरेन्द्र गुप्ता, विनय बिहारी, रश्मि वर्मा, भागीरथी देवी, राम सिंह, विधान पार्षद, आफाक अहमद, भीष्म सहनी, सौरभ कुमार, समिति के उपाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव एवं शत्रुधन कुशवाहा के द्वारा भी महिला चिकित्सक, फर्जी अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई, अस्पताल में एंटी रैबीज दवा, मनरेगा, सिंचाई हेतु पानी, आइसीडीएस में क्रय समिति का गठन, चनपटिया एवं रामनगर सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर की उपलब्धता, पक्की सड़क का निर्माण, नहरों की सफाई, अस्थायी तथा स्थायी अतिक्रमण हटाने आदि विषय पर अपनी बातों को रखा।इसके साथ ही जिला कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा भी बारी-बारी से अपनी समस्याओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनके निराकरण की दिशा में समुचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कहा कि 20 सूत्री की बैठक में अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रत्येक विषयों को गंभीरता से लिया जायेगा।

महादलित बस्तियों में विशेष शिविर का आयोजन

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महादलित परिवारों तक सरकार की योजनाओ का लाभ पहुंचे एवं लोगों को इसका लाभ मिले इसको लेकर प्रखंड के सभी पंचायत के महा दलित बस्तियों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी विभाग के कर्मियों के द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ वंचितों को योजना का लाभ देने के लिए आवेदन भी लिया जा रहा है। विशेष शिविर से प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन हो किसको लेकर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी साक्षी मिश्रा ने विकास मित्रों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंचायतवार आयोजित विशेष विकास शिविर से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए आवेदनों का ससमय में निष्पादन करने एवं विकास मित्र डायरी की नवीनतम वर्जन को अपडेट करने का निर्देश दिया।

सरकारी और निजी स्कूलों के शिक्षकों के साथ बीइओ ने की बैठक

महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के बिआरसी में वृहस्पतिवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों एवं निजी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों एवं संचालकों की बैठक बीईओ राजकुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में की गई. बैठक में सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विद्यालयों में अभिभावक गोष्ठी कर बच्चों को प्रगति पत्र वितरण करने,नए सत्र में नामांकन तथा सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों का वेतन निर्धारण हेतु प्रपत्र,सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने संबंधी सभी बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा करते आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. वहीं दूसरी ओर सभी निजी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों एवं संचालकों को बीईओ ने निर्देशित करते कहा कि किसी भी हाल में बच्चों के परिवहन हेतु ऑटो या रिक्शा का प्रयोग नहीं करें.आरटीई के अनुसार 25 प्रतिशत कोटे के तहत नामांकन सुनिश्चित करने,बिना निबंधन वाले विद्यालयों को निबंधन कराने का हिदायत दिया गया.बैठक में आदेश दिया गया कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक बनने की स्थिति में शिक्षकों के बीच आपसी मतभेद सुनने को मिल रहा है जो पठन-पाठन को प्रभावित करता है अगर शिक्षक लोग आपस में समन्वय बनाकर नहीं रहे तो दोषी पर कार्रवाई की जाएगी जिस विद्यालय में प्रबंधन कमेटी का समिति नहीं बना है उसमें अभिलंब टीम गठित करने का बीईओ निर्देश दिया.

विश्व थैलीसीमिया दिवसः शादी के समय कुंडली मिलान की तरह ही थैलीसीमिया की जांच अनिवार्य रूप से कराएं : सिविल सर्जन

:सदर अस्पताल परिसर स्थित रक्त केंद्र में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल परिसर स्थित रक्त केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया.रक्तदान शिविर में लगभग 25 रक्तवीरों ने रक्तदान किया.सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि जिले में फिलहाल 53 थैलेसीमिया के मरीज हैं.थैलेसीमिया एक रक्त जनित रोग है,जो मानव शरीर में हीमोग्लोबिन के उत्पादन को कम करता है. हीमोग्लोबिन का कम स्तर शरीर के विभिन्न अंगों में ऑक्सीजन की कमी करता है. जिसको लेकर थैलेसीमिया रोग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है. इस वर्ष "थैलेसीमिया के लिए एकजुट हों: समुदायों को एकजुट करें, रोगियों को प्राथमिकता दें।" थीम के तहत विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया गया



रक्तदाता और सारथी टीम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह,डॉ जेबा प्रवीण, डॉ मारिया और डॉ मुंतजिर, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, साहिल मकसूद, नेहमतुल्लाह खान, सलीम सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे.

पुरुष वर्ग को तीन महीने जबकि महिलाओं को चार महीने में एक बार करना चाहिए रक्तदान

रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ अनूप कुमार दुबे ने रक्तदान करने आए युवाओं से कहा कि थैलेसीमिया से ग्रसित व्यक्ति के शरीर में रक्ताल्पता या एनीमिया की शिकायत हमेशा रहती है. क्योंकि शरीर में पीलापन, थकावट एवं कमजोरी का एहसास होना इसके मुख्य लक्षण होते हैं. हालांकि समय रहते इसका उपचार नहीं किया गया तो बीटा थैलेसीमिया के मरीज के शरीर में खून के थक्के जमा होने लगता हैं.

फेक आईडी से अश्लील टिप्पणी मामले में कार्रवाई की मांग

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर निगम के वार्ड 25 के पार्षद रूही सिंह व नगर के उज्जैन टोला निवासी जदयू नेता सह डिलक्स टेंट हाउस के निदेशक आलमगीर अशरफ पर फेसबुक के फेक आईडी से लगातार अश्लील टिप्पणी की जा रही है। मामले में दोनों ने एसपी डा. शौर्य सुमन से मिलकर शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। आलमगीर अशरफ ने एसपी को दिए आवेदन में बताया है कि फेक आईडी के माध्यम से उनकी व्यवसायिक, सामाजिक एवं राजनीतिक छवि को खराब करने की नीयत से अश्लील टिप्पणी लगातार की जा रही है। उन्होंने बताया है कि इसका एकमात्र कारण निगम चुनाव में किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ चुनाव लड़ना है। उन्होंने फेक आईडी की पहचान कर उसे संचालित करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वही वार्ड पार्षद रूही सिंह ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से फेसबुक पर उनके नाम और तस्वीर के साथ कार्टून बनाकर गंदी और अश्लील पोस्ट किया जा रहा है। पूर्व पार्षद इनामुल हक के बारे में भी दुष्प्रचार किया जा रहा है। उनके वैवाहिक जीवन पर भी अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास हो रहा है। जिसके कारण उन्हें घर से बाहर निकलने में शर्म महसूस हो रहा है।



रेडक्रॉस सोसायटी के जनक की मनी जयंती

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रेड क्रॉस के जनक जीन हेनरी डूनांट जयंती सह विश्व रेड क्रॉस दिवस का आयोजन रेड क्रॉस भवन, बेतिया में किया गया। हेनरी डूनांट के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मानवता के पक्ष में विषयक इस वर्ष के थीम पर कार्यशाला एवं प्रमाण-पत्र वितरण हुआ। अध्यक्षता चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी ने किया। वाईस चेयरमैन विश्वनाथ झुनझुनवाला ने रेड क्रॉस के कार्यक्रम एवं गतिविधियों के बारे में बताया और कहा कि निः स्वार्थ सेवा में लगे स्वयंसेवकों, सदस्यों व कर्मियों के योगदान को आज याद करने का दिन है। संचालन संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद ने करते हुए जिला रेड क्रॉस का रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण प्रबंध समिति सदस्य सैयद शकील अहमद ने किया। प्रबंध समिति सदस्य



लाल बाबु प्रसाद ने हेनरी डूनांट और रेड क्रॉस, प्रबंध समिति सदस्य रेमी पीटर हेनरी ने रेड क्रॉस की सदस्यता और इंदु कुमारी ने रेड क्रॉस के सात मौलिक सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को कोषाध्यक्ष रजत कुमार तोदी, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. शमसुल हक आदि ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध समिति सदस्य अनुज कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य समिति के संयोजक डॉ. इंतेसारुल हक एवं उनके सहयोगी प्रगति कुमारी गुप्ता, इमरान कुरैशी व मो. रिजवान की देखरेख में आमजन के लिए निरूशुल्क मधुमेह एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर भी सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में प्रबंध समिति सदस्य मनोज कुमार बरनवाल, आजीवन सदस्य अरुण कुमार बरनवाल, सुनील कुमार, सुरेश प्रसाद, आशीष गुप्ता, अंजनी कुमार सिन्हा, क्षितिज व्यास, डॉ. मोहन लाल झुनझुनवाला, अमरेश कुमार, सुंदरम देवी, अभिजीत केशान, अनिल राम, अवधेश कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

चनपटिया सीएचसी में महिला चिकित्सक की मांग

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले में 50 फीसदी से ज्यादा हर घर नल योजना बंद है। फिर भी पीएचईडी और बुडको के द्वारा भुगतान हो रहा है। इसको लेकर 20 सूत्री की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। चनपटिया नगर पंचायत अध्यक्ष रजनी देवी ने 20 सूत्री की बैठक में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। जिस पर कई सदस्यों ने हामी भरी। सदस्यों का कहना था कि भीषण गर्मी में पीएचईडी और बुडको के अधिकारियों के लापरवाही से आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। रजनी देवी ने चनपटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी महिला चिकित्सक नहीं होने का मामला भी उठाया। कहा कि यहां शीघ्र महिला चिकित्सक की नियुक्ति की जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चनपटिया में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित किया जाए।

एकमा में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

जन कल्याणकारी योजनाओं में अनियमितताओं पर समिति सदस्यों ने जताई चिंता

एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को लगभग एक दशक के बाद प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक समिति के प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने पीएम आवास योजना सार्वजनिक वितरण



प्रणाली आदि अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त अनियमितताओं पर चिंता जताते हुए भूमि सर्वे व दाखिल-खारिज, परिमार्जन विलंब होने संबंधी विशेष चर्चा की गई। बैठक में लोक कल्याणकारी सरकारी योजनाओं में व्याप्त अनियमितताओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि विभिन्न गांवों में चापाकल खराब पड़े हैं। लेकिन लोग स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के द्वारा उसके मरम्मत की दिशा में शिकायत करने के बावजूद कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे हैं। समिति सदस्यों ने विभाग के कन्या अभियंता की अनुपस्थिति पर भी नाराजगी जताई। समिति सदस्य अखिलेश्वर प्रसाद भोले ने बताया कि परसा उत्तरी पंचायत के विकास योजनाओं से संबंधित जानकारी का डाटा ऑनलाइन वेबसाइट पोर्टल से हटा दिया गया है जिससे 2016 से इस पंचायत के लोगों को केंद्र व राज्य सरकार किलो कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। जिस पर नाराजगी जताई गई। इस मामले को लेकर एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार ने बैठक में बताया कि इसी वर्ष 19 मार्च 2025 को सभी डाटा को सुधार करके नेट पर अपलोड करने के लिए भेज दिया गया है। शीघ्र ही सभी जानकारी वेबसाइट पर देखने लगेगी। इसके बाद सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलना शुरू हो जाएगा। समिति सदस्यों ने कहा कि जान वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा 5 किलो खाद्यान्न की जगह 4 किलोग्राम ही दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत प्रखंड खाद्य आपूर्ति पर अधिकारी अंकित कुमार से की गई। मामले में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने राशन कार्ड से नाम काटने अथवा नए नाम को जोड़ने संबंधी सभी जानकारी प्रपत्र-'क' और 'ख' के माध्यम से कही। बैठक में श्री कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के लगभग 300 अपात्र लोगों के नाम काटे जाने के लिए नोटिस किया गया है जबकि समिति सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में किसी को क

गला घोंट कर शराबी पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। संपत्ति के विवाद में शराबी पति ने बच्चों के सामने ही अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोइवां गांव की है। मृतका की पहचान संतोष कुमार की पत्नी गीता कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के परिजनों ने बताया कि संतोष आदतन शराबी है। वह अक्सर शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था। बुधवार की रात में भी वह अत्यधिक शराब पीकर अपने घर पहुंचा। किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। इसके बाद उसने बच्चों के सामने ही पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। परिजनों ने बताया कि 5 साल पहले 2020 में दोनों की शादी हुई थी। दो बच्चे भी हैं। मृतका के भाई माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी गांव निवासी विकास कुमार मेहता ने बताया कि रात में बहन से फोन पर बात करने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सका। सुबह बहनोई संतोष ने बताया कि बहन की तबीयत खराब है, आकर मिल लो। जब वह बहन के ससुराल पोइवां गांव पहुंचा, तो उसे मृत पाया। वह अपने कमरे में बेड पर पड़ी हुई थी। गले में निशान पाया गया है। घटना की सूचना उसने पुलिस को दी, जिसके आलोक में पहुंची मुफस्सिल थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और आरोपित पति को हिरासत में ले लिया। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति पिछले कुछ दिनों से उड़ीसा में काम कर रहा था। पांच दिन पहले भी वह घर आया था। इस दौरान उसने घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरा होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

नवबिहार टाइम्स की उपलब्धियों से जुड़ी एक और कड़ी

मगध और शाहाबाद के सबसे बड़े प्रिंटिंग संयंत्र का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। मंगलवार को बिहार के लोकप्रिय हिंदी दैनिक नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रिंटिंग संयंत्र के उद्घाटन के ऐतिहासिक मौके की गूंज अभी शहर के जनमानस में बनी हुई है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमकुमार ने इस संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षाविद, बैंक अधिकारी, पत्रकार, चिकित्सक और साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व में चार बार औरंगाबाद से सांसद रहे सुशील कुमार सिंह, वर्तमान विधायक आनंद शंकर, पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह, जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चंद्रवंशी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, जिला रेडक्रॉस सोसाईटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में प्रशासनिक अमले से अपर समाहर्ता (आपदा) उपेन्द्र पंडित, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, वरिष्ठ कोषागार पदाधिकारी महंथ स्वरूप ने भी सहभागिता की। श्रम संसाधन मंत्री के आप्त सचिव शैलेन्द्र कुमार ओझा, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव सुमन कुमार झा, भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक रितेश कुमार, एक्सिस बैंक के प्रबंधक शशिकांत कुमार, रोहित, शशि, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप तथा शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रवि रंजन, डॉ. बी. के. सिंह, डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. शीला वर्मा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. निर्मल कुशवाहा (रोहतास), डॉ. वैभव श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। शैक्षणिक जगत से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह, किशोरी सिन्हा महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या नीलम रानी, तिलौथू इंटर कॉलेज के प्राचार्य मैकू राम, नूतन पांडेय, सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, सचिव राजेश कुमार, विवेकानंद मिशन स्कूल के सचिव मनीष वत्स की मौजूदगी ने समारोह को और गरिमा प्रदान की। हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई के महामंत्री धनंजय जयपुरी, साहित्यकार नागेन्द्र केसरी, विनय मामूली बुद्धि, प्रो. शिवपूजन सिंह, रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के प्रमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी महावीर जैन, भारत स्काउट और गाइड के राज्य संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार संतोष और शायर शंकर कैमूरी, जन सुराज नेता एवं पूर्व प्रमुख रंजन सिंह, बारून व्यापार मंडल के अध्यक्ष मिथिलेश दीपक की उपस्थिति ने इस अवसर को सांस्कृतिक और सामाजिक आयाम भी दिए। मीडिया जगत से वरिष्ठ पत्रकार और सोनवर्षा वाणी के संपादक श्री राम अम्बष्ट, वरिष्ठ पत्रकार प्रेमेन्द्र मिश्र, सतीश मिश्र, उपेन्द्र मिश्र, रवीन्द्र कुमार रवि, प्रभात खबर के ब्यूरो प्रमुख सुजीत सिंह, सूर्य विहार के प्रमुख ओम प्रकाश सिंह विपुल के अलावा नबिटा के बोकारो के स्थानीय संपादक मनोज विशाल, अमित अमन ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति जताई। प्रधान संपादक कमल किशोर ने अपने संबोधन में नवबिहार टाइम्स की निष्पक्ष, सकारात्मक और जनहितकारी पत्रकारिता की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि यह अखबार किसी उद्योगपति की देन नहीं, बल्कि एक जमीनी पत्रकार की दूरदृष्टि, निष्ठा और संघर्ष की उपज है। सीमित संसाधनों के बावजूद नवबिहार टाइम्स ने आज बिहार, झारखंड और उत्तर भारत के कई हिस्सों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने नए प्रिंटिंग संयंत्र को बिहार का पहला 'प्रिंटिंग मॉल' बताया– एक ऐसा केंद्र जहां अखबार, किताबों से लेकर सभी सामग्रियों की छपाई एक ही छत के नीचे संभव है। संयंत्र के शुरू होने से न केवल आधुनिक तकनीक आई है, बल्कि प्रत्यक्ष रूप से 15-20 युवाओं को रोजगार भी मिला है, जिनमें औरंगाबाद के वे युवा भी शामिल हैं जो पहले दिल्ली और हरियाणा में काम कर रहे थे। अब उन्हें अपने ही क्षेत्र में सम्मानजनक काम मिला है। इस कार्यक्रम में दानिका सांस्कृतिक संस्थान के निदेशक डॉ. रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में शहर के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। धन्यवाद ज्ञापन कौस्तुभ किशोर ने किया। इस आयोजन में नवबिहार टाइम्स से जुड़े मुकेश कुमार सिंह, अजय श्रीवास्तव, राधाकांत देव, संजय कुमार, पूर्णानंद उपाध्याय, अटल बिहारी सिंह, मदनमोहन श्रीवास्तव, प्रभंजन मिश्र के अलावा अजय वर्मा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, दीप बलजोरी, सूर्यकांत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सहकारिता से जुड़ी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का मंत्री का निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। राज्य के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने औरंगाबाद अतिथिगृह में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने विभिन्न संचालित योजनाओं जन औषधि केन्द्र, कॉमन सर्विस सेन्टर, किसान समृद्धि केन्द्र, विभिन्न प्रकार की सहकारी समितियों में चल रही योजनाओं, विभिन्न समितियों में निर्माणाधीन गोदाम तथा जिला में संचालित समेकित सहकारी विकास परियोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। इसके साथ ही अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं से जन-जन को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी, सहायक निबंधक सहयोग समितियां अशोक दास, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबन्ध निदेशक बिजेन्द्र सिंह एवं सहकारिता विभाग से संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के पौथू थाना क्षेत्र के रामपुर परसिया गांव में दहेज के लिए नव विवाहिता की हत्या मामले में मृतका के पिता गया जिला के कोच थाना क्षेत्र के दौलतपुर बरियांवा गांव निवासी संजय यादव ने पौथू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया है कि मेरी पुत्री मृतका सुषमा कुमारी का प्रेम प्रसंग में 20 अप्रैल 2025 को शादी हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही रामपुर परासिया का निवासी दामाद राकेश कुमार, ससुर विनोद यादव सहित अन्य लोगों ने मेरी पुत्री को दहेज के लिए हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए फांसी के फंदे लटका दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में लग गई। बता दें कि यह घटना गुरुवार की अहले सुबह की है।

भूमि के मुआवजा के लिए लगेगा कैंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जल संसाधन विभाग, पटना के निर्देशानुसार गोह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पुनपुन बराज परियोजना के कार्य की सुगमतापूर्वक पूर्ण कराने हेतु स्थल पर कैंप लगाते हुए संबंधित रैयतों को लंबित भुगतान करने हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के आलोक में पुनपुन बराज परियोजना के निर्माण हेतु रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु गोह अंचल अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन मौजावार किया जायेगा।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



वीरेन्द्र प्रसाद

पैक्स अध्यक्ष

गम्हरिया, आदापुर (पूर्वी चम्पारण)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



ब्रांच मैनेजर

भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



नीरज कुमार

आवास सुपरवाइजर

आदापुर प्रखण्ड (पूर्वी चम्पारण)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



राहुल कुमार

हरपुर थाना प्रभारी

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



पवन प्रसाद साह

पैक्स अध्यक्ष

लक्ष्मीपुर पोखरिया, आदापुर (पूर्वी चम्पारण)

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन



DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga)
MD (TM)
MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दी बधाई



औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर औरंगाबाद में उत्साह और गर्व का माहौल है। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने इस ऐतिहासिक सैन्य अभियान की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना के जांबाज जवानों को बधाई दी है। सुशील कुमार सिंह ने अपने संदेश में कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की सटीकता, संकल्प और साहस का प्रतीक है। इस जीत के लिए हम सभी देशवासी गौरवान्वित हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है और पूरा भारत सरकार और सेना के साथ एकजुट खड़ा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ यह निर्णायक कदम एक नया युग स्थापित करेगा। पूर्व सांसद ने कहा कि यह केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि भारत की सामरिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी प्रदर्शन है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को देश की सुरक्षा नीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आदित्य शेखर, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेन्दु शेखर, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह समेत अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से इसे गर्व और गौरव का क्षण बताया। अन्य नेताओं में नलिनी रंजन, अमरीश सिंह, बिनोद सिंह, टनटन सिंह, पूर्व जिला मंत्री अखिलेश मेहता, वार्ड पार्षद अशोक सिंह, भाजपा नेता विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनीन्द्र राम, प्रफुल्ल सिंह, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बिहार सरकार

बिहार सरकार की पहल

प्रत्येक सप्ताह में दो दिन आंगनबाड़ी केंद्र में अंडा/मूंगफली का वितरण !

यदि नहीं मिला तो 181 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।



हर बुधवार/शुक्रवार अंडा खाओ, फिटनेस को और बढ़ाओ!



अपने बच्चों को आंगनबाड़ी लाएं और अंडा खिलाएं।

@SocialWelfareDeptBihar @DoSWBihar

PR No.- 002752 (SWD)D. 2025-26